हिंदी दैनिक
# कोयलांचल संवाद
YouTube Subscribe
Koylanchal sambad news
रांची, गुरुवार, 14 अगस्त, 2025 वर्ष : 13 अंक : 86 मूल्य : 3 रुपए www.koylanchalsamvad.com
रांची व धनबाद से एक साथ प्रकाशित


## झारखण्ड निर्माता, दूरदर्शी, आदिवासी अस्मिता के प्रहरी, सर्वप्रिय एवं हम सबके प्रेरणास्रोत



**जन्म- 11 जनवरी 1944** **निधन- 04 अगस्त 2025**

**प्रिय देशवासियों,**

दिशोम गुरु, आदरणीय शिबू सोरेन जी केवल मेरे पिता ही नहीं थे, बल्कि जल, जंगल और जमीन के प्रहरी, आदिवासी अस्मिता के रक्षक, और देशभर के वंचित, शोषित और गरीब वर्ग की आवाज थे। उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन जनसेवा और संघर्ष को समर्पित किया। चाहे संसद का सदन हो या गांव की चौपाल—उन्होंने हर मंच से अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई और हमारे हक-हकूक की रक्षा की।

उनकी स्मृतियां, उनके आदर्श और उनके संघर्ष की गाथा हमें हमेशा प्रेरणा देती रहेंगी। मैं आप सभी से निवेदन करता हूँ कि हम सब मिलकर उनके अधूरे सपनों को साकार करें और एक न्यायपूर्ण, समानता आधारित एवं सम्मानपूर्ण समाज के निर्माण में अपना योगदान दें। दिशोम गुरुजी की विरासत को हम सहेजेंगे, उनके विचारों को आगे बढ़ाएंगे और उनकी सेवा भावना को जन-जन तक पहुँचाएंगे।

मेरे पिता का जाना व्यक्तिगत रूप से मेरे लिए अपूरणीय क्षति है, परंतु उनकी आत्मा को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब हम सभी उनके बताए मार्ग पर चलेंगे।

### दिशोम गुरु को अश्रुपूरित श्रद्धांजलि !

आपका
**हेमन्त सोरेन**
**मुख्यमंत्री, झारखण्ड**



**हम, झारखण्ड के वासी, आपके अमूल्य योगदान के लिए हमेशा कृतज्ञ रहेंगे**

**श्राद्धकर्म**

**दशकर्म** : 15 अगस्त 2025 (शुक्रवार) **संस्कारभोज** : 16 अगस्त 2025 (शनिवार)
**कार्यक्रम स्थल** :- ग्राम : नेमरा, थाना : बरलंगा, प्रखण्ड : गोला, जिला : रामगढ़, झारखण्ड

**झामुमो केंद्रीय समिति**

## संक्षिप्त खबरें...

### दो वोटर आईडी मामले में मुजफ्फरपुर मेयर को नोटिस, चुनाव आयोग ने 3 दिन में जवाब मांगा

मुजफ्फरपुर. बिहार के मुजफ्फरपुर नगर निगम की मेयर निर्मला देवी को चुनाव आयोग ने दो वोटर आईडी के मामले में नोटिस दिया है। मुजफ्फरपुर विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी ने बुधवार को जारी किए नोटिस में मेयर को 3 दिन के भीतर अपना पक्ष रखने को कहा है। मेयर निर्मला देवी पर आरोप है कि मतदाता सूची के हालिया विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान उनका नाम दो जगहों पर दर्ज है। एसआईआर के पहले भी उनका नाम वोटर लिस्ट में दो जगहों पर पाया गया था। विपक्षी दल कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) ने इसे मुद्दा बनाया है। इसके बाद चुनाव आयोग ऐक्शन में आ गया है। मुजफ्फरपुर की महिला मेयर को मिले नोटिस में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी ने 16 अगस्त शनिवार शाम 5बजे तक निर्मला देवी को अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने भी बुधवार को पटना में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में भी दावा किया कि मुजफ्फरपुर की मेयर और उनके रिश्तेदारों के दो-दो ईपिक नंबर हैं। निर्मला देवी के एक ही विधानसभा में दो-दो जगहों पर वोटर आईडी बने हुए हैं।

### तोरणी नदी किनारे खेत में मिला दुकानदार का शव

मुंगेर. मुंगेर के संग्रामपुर थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह युवक का शव मिला। लोढ़िया और कोराजी गांव के बीच तोरणी नदी के पास खेत में प्रीतम कुमार(25) का शव संदिग्ध हालत में पड़ा था। सुबह खेत की ओर गए ग्रामीणों ने शव देखा। उन्होंने रामपुर पंचायत के वार्ड सदस्य पंकज यादव को सूचित किया। पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि संतोष राय ने पुलिस को जानकारी दी। मृतक प्रीतम कुमार तारापुर प्रखंड के गनेली पंचायत के कोराजी गांव का रहने वाला था। वह कांवरिया पथ पर दुकान चलाता था। परिजनों ने बताया कि प्रीतम दो दिनों से लापता था। उसका मोबाइल फोन भी बंद था। परिजनों का कहना है कि किसी ने हत्या करके शव को खेत में फेंक दिया।

### छपरा में एसबीआई के एटीएम में लगी आग

छपरा. छपरा के मसरख में बुधवार को एक एसबीआई एटीएम में आग लग गई। मस्तक बाजार में स्थित यह एटीएम आलू व्यवसायी शंभू प्रसाद के आवास परिसर में स्थापित था। आग की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने पुलिस और दमकल विभाग को सूचित किया। दमकल की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट को आग का कारण माना जा रहा है। घटना के समय एटीएम में कोई व्यक्ति नहीं था, इसलिए कोई जनहानि नहीं हुई। एसबीआई के कर्मचारी एटीएम मशीन, नगदी और अन्य उपकरणों की जांच कर रहे हैं। आग से मशीन और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को नुकसान पहुंचा है। पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है। मसरख थाना अध्यक्ष के अनुसार, दमकल कर्मियों की त्वरित कार्रवाई से बड़ा हादसा टल गया। बैंक अधिकारी घटना की विस्तृत जांच कर रहे हैं। यह एटीएम स्थानीय लोगों के लिए बैंकिंग सेवा का प्रमुख केंद्र था। आग की घटना के बाद सेवा बाधित हो गई है। बैंक प्रशासन वैकल्पिक व्यवस्था पर विचार कर रहा है। इस घटना के बाद क्षेत्र के लोग अपने विद्युत उपकरणों की सुरक्षा को लेकर सतर्क हो गए हैं।

### अररिया में बंद मकान से 1.5 लाख की चोरी

अररिया. अररिया के जयप्रकाश नगर, वार्ड नंबर 7 में चोरों ने बंद मकान से 1.5 लाख रुपए की चोरी की। मंगलवार रात से बुधवार सुबह के बीच हुई इस वारदात में चोरों ने 50 हजार रुपए नगद और एक लाख रुपए के जेवरात चुरा लिए। घर का मालिक उदय सिंह ने बताया कि मंगलवार रात करीब एक बजे उसकी सास का निधन हो गया था। वो परिवार के साथ ससुराल चला गया था। घर में ताला लगा था। बुधवार सुबह पड़ोसियों ने फोन कर चोरी की सूचना दी। चोरों ने मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर घर में घुसे और नगदी व जेवरात चुरा लिए। सूचना मिलते ही नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। अपर थानाध्यक्ष संजीव कुमार और पुष्कर सिंह की टीम ने जांच शुरू की। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की। चोरों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। क्षेत्र के लोगों में चोरी की इस घटना से दहशत है। उन्होंने पुलिस से इलाके में गश्त बढ़ाने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है। पुलिस ने चोरों को जल्द पकड़ने और माल बरामद करने का आश्वासन दिया है।

### भागलपुर में ठेला से मरीज पहुंचा अस्पतालःबाढ़ के चलते ग्रामीण इलाके में नहीं पहुंची एंबुलेंस

भागलपुर. भागलपुर जिले में बाढ़ से जनजीवन अस्त-व्यस्त है। करीब 12 ब्लॉक बाढ़ से प्रभावित है। बाढ़ के चलते नाथनगर में 10 साल के बीमार बच्चे को अस्पताल लाने के लिए ठेले का सहारा लेना पड़ा। मामला गोलाईदासपुर पंचायत के हरिदासपुर गांव का है। बुधवार को मंजीत मंडल की बेटी बीमार पड़ गई। सुबह से ही बुखार और उल्टी से परेशान थी। बाढ़ के कारण गांव में कमर तक और मेन रोड पर चार फीट तक पानी भरा हुआ है। इस वजह से एंबुलेंस सेवा उपलब्ध नहीं हो पाई। बच्ची की हालत बिगड़ती देख ठेले को एंबुलेंस बनाया। बारिश के बीच दादी पबनी देवी अपनी पोती को लेकर घर से निकली। डेढ़ किलोमीटर की दूरी तय कर प्राइवेट नर्सिंग होम में एडमिट कराया।

### नाला में गिरा बच्चा, 5 दिन से तलाश जारी

औरंगाबाद. औरंगाबाद में 5 दिन पहले शहर के टिकरी मोहल्ला स्थित नाला में 8 साल का बच्चा हमजा डूब गया। अब तक बच्चा नहीं मिला है। घटना के दूसरे दिन से ही स्थानीय प्रशासन की टीम मासूम को ढूढ़ने में लगी है। एसडीआरएफ की टीम के साथ 15 मछुआरे डूब कर लापता हुए मासूम को ढूंढने में लगे हैं। जिस जगह पर बच्चा नाले में गिरा था, प्रशासन के मौजूदगी में वहां पुलिया को तोड़ा गया है। लेकिन पुलिया के नीचे नाला में काफी दलदल होने के कारण बच्चा नहीं मिल सका है। नाला में डूबे मासूम के परिजन प्रतिदिन सुबह से नाला के पास इस उम्मीद से पहुंचते हैं कि आज उनका बच्चा मिल जाएगा। लेकिन अंधेरा होने तक वे निराश होकर घर लौट जाते हैं। परिजनों ने जिला प्रशासन से नाला में डूबे 8 साल के मासूम हमजा के शव को बरामद किए जाने की गुहार लगाई है। परिजनों ने कहा कि अगर किसी अमीर व्यक्ति के बच्चे का शव होता तो प्रशासन दिन-रात कर शव को ढूंढ लेती, लेकिन हम लोग गरीब परिवार से आते हैं। जिसके कारण प्रशासन की ओर से लापरवाही की जा रही है। यही कारण है कि 5 दिन बीतने के बाद भी अभी तक शव बरामद नहीं किया जा सका है।

### भागलपुर के गांवों में कंधे तक पानी,6.67 लाख लोग घिरेःमोहल्ले तालाब बने, सड़क पर नदी

भागलपुर. भागलपुर में 12 प्रखंड की 110 पंचायत और शहरी क्षेत्र के 4 वार्ड (वार्ड संख्या- 9, 10, 1 और 2) में गंगा का पानी फैल गया है। प्रशासनिक आंकड़ों के अनुसार, 12 प्रखंड में करीब लगभग 6.67 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। कहीं कमर तक पानी है तो कहीं सीने तक। ऐसी स्थिति में कुछ लोग विस्थापित हो गए हैं। बाढ़ पीड़ितों का कहना है कि शिविर में जगह कम है, इस कारण एक छत पर 40 लोग एक साथ रह रहे हैं। कुछ जगह से ऐसी भी तस्वीर आई है कि एक चौकी पर 5 से 6 लोग बैठे हैं, उसी पर कभी-कभी खाना भी बन रहा है, लोग खाना भी खा रहे हैं, आराम भी कर रहे हैं। कुछ इलाकों में तो बाढ़ पीड़ित चूड़ा-सत्तू खाकर रह रहे हैं। बच्चे पानी में बिस्किट डूबो कर खाने को मजबूर हैं। बिजली 10 घंटे से ज्यादा नहीं रहती। मोहल्ले-टोले और घरों में पानी भरा है।

### स्कॉर्पियो की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

औरंगाबाद. औरंगाबाद में बुधवार को एक बेकाबू स्कॉर्पियो ने साइकिल सवार को रौंद दिया। घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। घटना रिसियप थाना क्षेत्र अंतर्गत रिसियप बाजार स्थित दुर्गा मंदिर के पास एनएच-139 की है। मृतक की पहचान रिसियप बाजार निवासी वासुदेव प्रसाद के बेटे रमेश कुमार वर्मा (48) के रूप में की गई है। मृतक रमेश शहर के जसोईया मोड़ स्थित श्री सीमेंट फैक्ट्री में काम करता था। रोजाना वह साइकिल पर सवार होकर ड्यूटी करने जाता था। नाइट ड्यूटी करने के बाद घर वापस लौट रहा था। इस दौरान घर से 200 मीटर पहले दुर्गा मंदिर के पास तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने उसकी साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया।

# नीतीश कैबिनेट में 30 एजेंडों पर मुहर... बिहार में बढ़ी बीएलओ-सुपरवाइजर की सैलरी, जेल में रहने वालों का बढ़ा पेंशन, बिहार के 6 एयरपोर्ट का सर्वे होगा

पटना. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को मुख्य सचिवालय स्थित मंत्रिमंडल कक्ष में कैबिनेट बैठक हुई। बैठक में 30 एजेंडों पर मुहर लगी है। इस बैठक के दौरान विभाग के सभी मंत्री मौजूद रहे। इसमें राज्य से जुड़े अहम प्रस्तावों पर चर्चा और मंजूरी मिली है। भारत निर्वाचन आयोग के फैसले के बाद बिहार में बीएलओ और बीएलओ सुपरवाइजर की सालाना सैलरी बढ़ा दी गई है। अब बीएलओ को पहले वाले 10 हजार की जगह 14,000 सालाना मिलेंगे। बीएलओ सुपरवाइजर को अब 18,000 सालाना मिलेंगे। पहले 15,000 मिलते थे। बिहार में हवाई सेवा को विस्तार देने की दिशा में अहम कदम उठाए जा रहे हैं। इसी के तहत भागलपुर में ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट समेत कुल 6 एयरपोर्ट के निर्माण के लिए सर्वे कराया जाएगा। नीतीश कैबिनेट ने इसके लिए बजट आवंटित किया है। इसके अलावा गयाजी एयरपोर्ट पर भी कैट-1 लाइट लगाई जाएगी, जिससे खराब मौसम में भी विमानों का संचालन किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को राज्य कैबिनेट की बैठक हुई, जिसमें कुल 30 एजेंडों पर मुहर लगाई गई। नीतीश कैबिनेट ने राज्य में 6 नए एयरपोर्ट के सर्वे के लिए 2.90 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है।




#### जेल में रहे लोगों की बढ़ी पेंशन

लोकनायक जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में 18 मार्च 1974 से 21 मार्च 1977 तक चले आंदोलन में, मीसा या डीआईआर के तहत जेल में बंद रहे लोगों की पेंशन बढ़ा दी गई है।पहले, जो लोग 1 महीने से 6 महीने तक जेल में रहे थे, उन्हें 7,500 रुपए मिलते थे। अब यह बढ़ाकर 15,000 रुपए कर दिया गया है। जो लोग 6 महीने से ज्यादा जेल में रहे थे, उनकी पेंशन 15,000 रुपए से बढ़ाकर 30,000 रुपए कर दी गई है। पूरे बिहार में 90,712 बीएलओ और 8,245 सुपरवाइजर हैं। इस बढ़ोतरी से सरकार को हर साल लगभग 38.75 करोड़ ज्यादा खर्च करने होंगे।

बिहार सरकार की कैबिनेट बैठक में उद्योग विभाग से जुड़े कई अहम फैसले लिए गए, जिनका मकसद औद्योगिक विकास और बड़े प्रोजेक्ट्स के लिए जमीन उपलब्ध कराना है। इसमें कई जिलों में जमीन अधिग्रहण और वित्तीय स्वीकृति शामिल है।

**गया में टेक्सटाइल मिल को मददः** गया के गुरारू औद्योगिक क्षेत्र में स्थित मां प्रभावती टेक्सटाइल मिल्स को बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन नियमावली-2016 के तहत वित्तीय प्रोत्साहन की मंजूरी दी गई।

**बेगूसराय में 991 एकड़ जमीन का अधिग्रहण :** अंचल बेगूसराय के कुसमौत में 991 एकड़ जमीन अधिग्रहण का फैसला हुआ है। इस पर करीब 3 अरब 51 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

**पटना के बख्तियारपुर इलाके में 500 एकड़ जमीन :** सैदपुर, बहादुरपुर, गंगापुर नरौली और ताराचंदपुर गांवों में कुल 500 एकड़ जमीनों का अधिग्रहण होगा। इस पर करीब 2 अरब 19 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

#### सीवान के मैरवा में 167.349 एकड़ जमीन

अटवा गांव में जमीन अधिग्रहण का प्रस्ताव पास हुआ है, जिसमें करीब 1 अरब 13 करोड़ रुपए लगेंगे। इसके पहले 8 दिन पूर्व की बैठक में बिहार के बच्चों और युवाओं की पढ़ाई को आसान और बेहतर बनाने के लिए मुख्यमंत्री डिजिटल लाइब्रेरी योजना शुरू करने वाली योजना पर मुहर लगाई थी। इस योजना के लिए सरकार ने 94 करोड़ 50 लाख 47 हजार रुपए मंजूर किए थे। अब राज्य के हर विधानसभा क्षेत्र में एक डिजिटल लाइब्रेरी सेंटर खोली जाएगी, ताकि छात्र और युवा ऑनलाइन पढ़ाई कर सकें और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकें। इसके अलावा अब बिहार में साइकिल और छात्रवृत्ति का पैसा भी सीधे खातों में ट्रांसफर किया जाएगा। मंगलवार को नीतीश कैबिनेट की बैठक में 36 एजेंडों पर मुहर लगी है।

## बिहार में बाढ़ से 25 लाख आबादी प्रभावित, नीतीश ने राहत और मुआवजा जल्द बांटने को कहा

बिहार में मॉनसून के दौरान गंगा समेत अन्य नदियों की वजह से आई बाढ़ से 25 लाख लोगों की आबादी प्रभावित हुई है। सीएम ने बुधवार को पटना में इस संबंध में उच्चस्तरीय बैठक की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को बाढ़ प्रभावित इलाकों में जल्द से जल्द राहत पहुंचाने और किसानों को फसलों के नुकसान का मुआवजा देने के निर्देश दिए हैं। नीतीश कुमार ने कहा कि नदियों के किनारे वाले क्षेत्रों में बढ़ते जलस्तर को ध्यान में रखते हुए प्रशासन पूरी तरह अलर्ट रहे। साथ ही प्रभावित लोगों को यथाशीघ्र और पूरी संवेदनशीलता के साथ मदद करें।

मुख्यमंत्री नीतीश ने बुधवार को एक अणे मार्ग स्थित संकल्प में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में किए जा रहे राहत एवं बचाव कार्यों की उच्चस्तरीय समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने राज्य की नदियों के जलस्तर की अद्यतन स्थिति की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के लोगों के बीच राहत एवं बचाव कार्य पूरी मुस्तैदी से करते रहें। सरकार में आने के बाद से ही हम लोग आपदा पीड़ितों की सहायता के लिए तत्पर रहते हैं। मॉनसून के पूर्व संभावित बाढ़, सुखाड़ एवं अन्य आपदाओं को लेकर तैयारियों की समीक्षा की जाती है और एसओपी के अनुसार सभी को कार्य करने के निर्देश दिए जाते हैं।

#### राहत राशि और मुआवजा जल्द मिले

सीएम नीतीश ने कहा कि बाढ़ प्रभावित लोगों के बीच आनुग्रहिक राहत राशि (जीआर) का वितरण जल्द से जल्द कराएं। बाढ़ के दौरान हुई फसल क्षति को लेकर किसानों के बीच राशि का भुगतान कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पथ निर्माण विभाग एवं ग्रामीण कार्य विभाग बाढ़ से क्षतिग्रस्त सड़कों का पुनर्स्थापन कार्य कराना सुनिश्चित करें, ताकि लोगों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो। बैठक में विकास आयुक्त सह आपदा प्रबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने मुख्यमंत्री को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों की अद्यतन स्थिति की तथा नदियों के जलस्तर के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अधिक वर्षापात के कारण गंगा नदी के किनारे के 10 जिले भोजपुर, पटना, सारण, वैशाली, बेगूसराय, लखीसराय, मुंगेर, खगड़िया, भागलपुर एवं कटिहार विशेष रूप से प्रभावित हुये हैं। बाढ़ से इन 10 जिलों के 54 प्रखंडों की 348 पंचायतों की 25 लाख आबादी प्रभावित हुई है।

## पटना में मध्याह्न भोजन रसोइयों का विरोधः3300 रुपए मासिक वेतन नाकाफी, 10 हजार और बीमा समेत अन्य सुविधाओं की मांग



पटना. पटना के गर्दनीबाग में मध्याह्न भोजन रसोइयों ने अपनी मांगों को लेकर आक्रोश रैली और महाधरणा का आयोजन किया। कार्यक्रम में फ्रंट के राष्ट्रीय संरक्षक जय सिंह राठौर और राष्ट्रीय महासचिव रामकृपाल भाई समेत कई रसोइए शामिल हुए। राष्ट्रीय महासचिव रामकृपाल ने बताया कि 7 मार्च के आंदोलन के बाद सरकार से वार्ता हुई थी। सरकार ने 12 महीने का मानदेय और 1,000 रुपए से बढ़ाकर 8,000 रुपए तक भुगतान का वादा किया था। लेकिन सरकार ने मानदेय केवल 1,650 से बढ़ाकर 3,300 रुपए किया। रसोइयों की प्रमुख मांगें हैं - हर महीने 10,000 रुपए न्यूनतम मजदूरी, पीएफ कटौती, पेंशन लाभ, साल में दो सूती साड़ियां और 5 लाख रुपए का बीमा। रसोइयों ने चेतावनी दी है कि मांगें पूरी नहीं होने पर वे आगामी चुनाव में मतदान नहीं करेंगे। मधेपुरा की रसोइया राधा देवी ने कहा कि वे रोज सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक स्कूल में काम करती हैं। 3,300 रुपए की मासिक राशि में गुजारा संभव नहीं है। महाधरणा में मौजूद रसोइयों ने एकजुट होकर अपने हक की लड़ाई जारी रखने का संकल्प लिया है।

## काले धन पर बड़ा ऐक्शन, जिस महिला मुखिया को राष्ट्रपति से मिला पुरस्कार उसी के घर ईडी की रेड

मुजफ्फरपुर. मुजफ्फरपुर में बुधवार सुबह ईडी ने सकरा प्रखंड के विष्णुपुर बघनगरी पंचायत की मुखिया बबीता कुमारी के घर पर छापेमारी की है। जानकारी के मुताबिक, यह कार्रवाई अवैध शराब तस्करी और उससे अर्जित काले धन के मामले में हो रही है। बबीता कुमारी साल 2021 में पहली बार मुखिया बनी हैं। स्वच्छ भारत मिशन के तहत पंचायत में उत्कृष्ट कार्य की, जिससे उन्हें 2 अक्टूबर 2022 को राष्ट्रपति ने सम्मानित किया था। मुखिया पति बबलू मिश्रा और उनके भाई पर शराब तस्करी के कई मामले दर्ज हैं। इस अवैध धंधे से उन्होंने करोड़ों की संपत्ति बनाई है। टीम ने घर को चारों तरफ से घेर लिया है। किसी भी बाहरी व्यक्ति को अंदर आने-जाने की अनुमति नहीं दी गई है। स्थानीय पुलिस भी मौके पर तैनात है। दस्तावेज, बैंक खातों, प्रॉपर्टी डीड और अन्य वित्तीय लेन-देन की बारीकी से जांच की जा रही है।





#### योजनाओं की राशि में हेराफेरी की शिकायत

बबलू मिश्रा पर सकरा और बरियारपुर थाने में अवैध शराब कारोबार के मामले दर्ज हैं। इसके अलावा पंचायत में चल रही योजनाओं में भी हेराफेरी की शिकायतें सामने आई हैं। मुखिया का घर सकरा थाना क्षेत्र में है, जो मुजफ्फरपुर और वैशाली जिले का बॉर्डर इलाका है। बबीता कुमारी ने साल 2000 में 10वीं की परीक्षा पास की। इसके बाद उनकी रंजीत कुमार उर्फ बबलू मिश्रा से शादी हो गई। शादी के बाद बबीता पति के साथ दिल्ली चली गई। दिल्ली में उन्होंने 12वीं और ग्रेजुएशन की पढ़ाई पूरी की।

इस दौरान वो पर्व, त्योहार पर गांव आती जाती रहीं। कोरोना के पहले फेज में बबीता कुमारी अपने पति के साथ गांव लौटीं और यहां रहकर समाजसेवा और लोगों की मदद का फैसला किया। करीब दो साल तक बबीता गांव में लोगों की मदद करती रही और लोगों से मिलती-जुलती रही। इसी दौरान पंचायत चुनाव आया। साल 2021 में पंचायत चुनाव में बबीता कुमारी ने बिशुनपुर बघनगरी पंचायत की मुखिया पद पर जीत हासिल की।

#### राम मंदिर उद्घाटन पर अयोध्या भेजे थे गोबर से बने 21000 दीये

बबीता कुमारी ने कचरा प्रबंधन का बेहतर नमूना पेश किया और अपने पंचायत को स्वच्छ बनाया। बबीता ने पंचायत की करीब 50 से अधिक महिलाओं को अपने साथ जोड़कर मंदिरों में चढ़ाए जाने वाले फूल और बेलपत्र को कचरे में न फेंककर उससे जैविक खाद बनाने की ट्रेनिंग दी। राम मंदिर उद्घाटन के दौरान बबीता कुमारी और बाघनगरी पंचायत की ओर से गोबर से बने 21000 दीये अयोध्या भेजे गए थे।

## लखीसराय में बाढ़ में नाव पलटी;पानी में कूदे लोगः 400 मीटर तैरकर बचाई जान; गांव वालों ने महिलाओं का किया रेस्क्यू

पटना. पटना, हाजीपुर, गोपालगंज समेत 14 जिलों में सुबह से तेज बारिश हो रही है। बारिश के बाद पटना के कई इलाकों में जलजमाव की स्थिति बनी हुई है। राजधानी के नदवां की सड़क पर मछली दिखी। हाजीपुर के रामजीवन चौक, राजेंद्र चौक के पास पानी भरा है। वहीं खगड़िया में तेज हवा की वजह से बाढ़ के पानी में नाव पलट गई। नाव पर सवार लोगों ने अपनी जान बचाने के लिए पानी में छलांग लगा दी। घटना बड़हिया प्रखंड के महरामचक गांव की है। इस घटना का एक वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि गंगा और हरिहर नदी से बाढ़ का पानी खेतों में भर गया है। इसे ही पार करते समय कुछ स्थानीय लोग



नाव से कूदने के बाद तैरकर किनारे आते हुए दिखाई दे रहे हैं।

#### 6 दिनों तक ऐसा ही बना रहेगा मौसम

मौसम विभाग ने बुधवार को पटना समेत 9 जिलों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, 15 जिलों में यलो अलर्ट है। ऑरेंज अलर्ट वाले इलाकों में अगले 24 घंटे में भारी से अति भारी बारिश हो सकती है। पटना मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, बिहार के उत्तर-पश्चिम इलाकों में मानसून ज्यादा सक्रिय है। जिसके चलते अगले 5 से 6 दिनों तक राज्य में भारी बारिश की संभावना बनी हुई है।

भागलपुर में भी अब गंगा खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। जिले में अब भी हालात बिगड़े हुए हैं। इस्माइलपुर-बिंदटोली तटबंध पर सोमवार को आई दरार के बाद मंगलवार को बिंदटोली गांव गंगा में समा गया। 100 से ज्यादा घर गंगा में विलीन हो गए। करीब 3400 लोग बेघर हो गए। सीएम नीतीश कुमार बुधवार को बाढ़ प्रभावित इलाकों में चल रहे राहत और बचाव कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने बाढ़ पीड़ितों को जल्द से जल्द मदद पहुंचाने के निर्देश दिए।

## बेटा बोला-सौतेली मां, पत्नी जैसी लगती है, पिता ने हत्या कर दी

नालंदा. नालंदा में पिता ने अपने ही बेटे की गला घोंटकर हत्या कर दी है। पुलिस ने आरोपी पिता को 3 दिन बाद अरेस्ट कर लिया है। पिता का कहना है कि बेटे ने सौतेली मां के साथ गलत व्यवहार किया था। वो मेरी पत्नी से कहता था- 'तुम मेरी मां नहीं पत्नी जैसी हो।' इस पर गुस्से में मैंने गमछा से गला घोंटकर मर्डर उसकी हत्या कर दी और लाश को गंगा नदी में बहा दिया। इधर, मां ने पुलिस को बताया कि 'पति दिल्ली में नौकरी करता था। बेटा और मैं गांव में रहते थे वो मुझसे किस मांगा करता था। गलत व्यवहार करता था।' घटना हरनौत थाना क्षेत्र के बड़ी मुढारी गांव में हुई है। मृतक 23 साल का पिंटू कुमार है। आरोपी पिता का नाम श्याम राम है। घटना 10 अगस्त की रात को हुई थी। पुलिस ने बुधवार को इसका खुलासा किया है। सौतेली मां ने पुलिस को बताया कि 'मेरे पति 3 शादियां कर चुके हैं। मेरी उनसे तीसरी शादी है। पिंटू उनकी पहली पत्नी का बेटा है। पति दिल्ली में नौकरी करते हैं। वो अक्सर गांव आते-जाते रहते हैं। मैं यहां बेटे के साथ रहती हूं। वो अक्सर मेरे साथ गलत व्यवहार करता था।' 'वो मुझसे गंदी बातें भी करता था। मैं उसे समझाती थी, लेकिन वो नहीं मानता था। 10 अगस्त को पति के सामने भी उसने ऐसा ही किया।



पति ने ने आपत्ति जताई। दोनों के बीच झगड़ा शुरू हो गया। हाथापाई हुई। मेरे पति ने गमछे से गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी।'

हत्या के बाद श्याम राम ने अपने बड़े भाई शैलेंद्र राम और दोस्त दीना साव की मदद से एक एम्बुलेंस मंगवाई। 10 अगस्त की रात में ही घर से बेडशीट में शव को लपेटकर चुपके से एम्बुलेंस में लोड कर पटना जिला के अथमल गोला थाना क्षेत्र के सबनीमा गांव के पास ले गए। लाश को गंगा में फेंक दिया। इसमें श्याम राम के चाचा ने भी मदद की थी। थाना अध्यक्ष ने बताया कि 'हम उस जगह पर भी गए थे जहां आरोपी ने शव को ठिकाने लगाया था। SDRF की टीम की भी मदद ली गई। लेकिन गंगा की तेज धार में शव का कहीं अता-पता नहीं चल सका।सम्भवतः शव तेज धार में बह कर दूर चली गई है।

## बाय-बाय बागडोगरा; सितंबर में चालू हो जाएगा पूर्णिया एयरपोर्ट; बड़े अफसरों का दौरा आज

पूर्णिया. सीमांचल के कई जिलों के लोगों के लिए बाय-बाय बागडोगरा कहने का वक्त नजदीक आ गया है। पूर्णिया और कई पड़ोसी जिले के लोगों के लिए हवाई जहाज पकड़ने के लिए पश्चिम बंगाल के बागडोगरा जाने की जरूरत सितंबर के अंत तक खत्म हो जाएगी। एयरपोर्ट का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। गुरुवार को नागरिक उड्डयन सचिव समीर सिन्हा, एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के चेयरमैन विपिन कुमार और बिहार के अगले मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत समेत सीनियर अफसरों की एक टीम पूर्णिया दौरे पर आ रही है। संभावना है कि पीएम नरेंद्र मोदी 17 सितंबर को अपने जन्मदिन पर सीमांचल को पूर्णिया एयरपोर्ट का तोहफा दे सकते हैं। दिल्ली और पटना से आ रहे अफसरों की टीम गुरुवार को हेलीकॉप्टर से आएगी और एयरपोर्ट के निर्माण कार्यों का अवलोकन करने के बाद समीक्षा बैठक करेगी। एयरपोर्ट लगभग बनकर तैयार है। बची-खुची चीजों पर गुरुवार की समीक्षा बैठक में चर्चा होगी, जिसे अगस्त में ही खत्म करने की तैयारी है। डीजीसीए की मंजूरी उसके बाद मिलेगी। सितंबर की शुरुआत में ही रूट और उड़ान तय हो जाएंगे। पटना, गया और दरभंगा के बाद पूर्णिया के रूप में बिहार को चौथा एयरपोर्ट मिल जाएगा। 13 वर्षों के बाद पूर्णिया हवाई अड्डा से वाणिज्यिक उड़ान शुरू होगी। 2012 में थोड़े समय के लिए हवाई सेवा का संचालन हुआ था, लेकिन अपर्याप्त बुनियादी ढांचे और कम मांग के कारण यह बंद हो गया।

## टीचर पत्नी ने लोको पायलट पति को पीटा : पति बोला- मैंने पढ़ाया, नौकरी लगते ही चली गई

समस्तीपुर. समस्तीपुर के सदर अस्पताल में बुधवार को एक बीपीएससी शिक्षिका और उनके लोको पायलट पति के बीच मारपीट हुई है। इस मारपीट का वीडियो भी सामने आया है। पति का आरोप है कि पत्नी का किसी से अफेयर चल रहा है, इसलिए वो 1 साल से अलग रह रही है। पति ने बताया कि शादी के बाद मैंने पढ़ा-लिखाकर उसे टीचर बनाया। नौकरी लगते ही उसका बर्ताव बदल गया। वो एक साल से बच्ची को लेकर अलग रह रही है। पत्नी का आरोप है कि पति ने जमीन के लिए शादी की। वो उसके साथ मारपीट करता है, इसलिए वो अलग रहती है। पति का नाम भूषण कुमार है। वो रेलवे में लोको पायलट है। उसकी पोस्टिंग मध्यप्रदेश के सिंगरौली में पोस्टिंग है। वहीं पत्नी का नाम किरण कुमारी है। वो बीपीएससी टीचर है। दोनों के बीच तलाक का केस चल रहा है। बुधवार को पति-पत्नी काउंसलिंग के लिए कोर्ट पहुंचे थे। जहां दोनों पक्षों के लोग मौजूद थे। किसी बात को लेकर कहासुनी हुई फिर दोनों के बीच मारपीट शुरू हो गई। पति का आरोप है कि कोर्ट में मारपीट के बाद वो एक्स-रे करवाने के लिए अस्पताल पहुंचा। वहां भी पत्नी, ससुर और साले ने उसके साथ मारपीट की।

#### पति बोला- एसीएस ऐसी टीचर को सस्पेंड करें

भूषण कुमार ने कहा कि 'मैंने अपनी पत्नी को पढ़ा-लिखाकर टीचर बनाया है। उसका चरित्र सही नहीं है। पत्नी ने वकील के साथ भी मारपीट की है। मैं एक्स-रे कराने पहुंचा, तो हॉस्पिटल में भी मारपीट की गई है। मेरी पत्नी का एक्स्ट्रा मेरिटल अफेयर है। वो शिक्षक बनने के लायक नहीं है। उसके निलंबित करना चाहिए।' 'मैं एसीएस एस सिद्धार्थ से मांग करता हूं कि मेरी पत्नी को सस्पेंड किया जाए। वो पूरे समाज को गलत मैसेज दे रही है। मेरे साथ पत्नी, साले और ससुर ने मारपीट की है। मैंने 5 बार सुसाइड करने की कोशिश की है। मेरी मां को कैंसर है। मेरे पिता भी बीमार रहते हैं। मेरी एक साल की बेटी का पत्नी को ख्याल नहीं है।'

#### पत्नी बोली- वो घर जमाई बनकर रहना चाहता है

पत्नी किरण कुमारी ने बताया- 'पति ने 3 साल पहले इसने जमीन के लिए मुझसे शादी की थी। कभी भी इसने मुझे ठीक से नहीं रखा। इसके कारण मैं नौकरी को छोड़-छोड़ कर यहां आती हूं। इसने कोर्ट में मेरे साथ मारपीट की है। मेरे पति घर जमाई बनकर रहना चाहते हैं। मैं खुद नौकरी करके रहूंगी और अपनी बेटी को पालूंगी। मुझे ये मंजूर है।' 'पति ने विभाग में लेटर लिखा है। ये महिला शिक्षिकाओं से बातचीत करते हैं। मुझ पर कैरेक्टर लेस होने का झूठा आरोप लगाते हैं। मैं इनके साथ नहीं रह सकती हूं। इस कारण इन्होंने मेरे साथ मारपीट की है।' घटना की सूचना मिलते ही नगर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। फिलहाल घायल पति का इलाज सदर अस्पताल के आपातकालीन वार्ड में चल रहा है। नगर थाना अध्यक्ष शिवकुमार यादव ने बताया कि 'घटना की सूचना मिलते ही डायल-112 की पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया है। मामले की जांच की जा रही है। पीड़ित की तरफ से आवेदन दिया जाता है, तो आगे की कार्रवाई की जाएगी।'

हिंदी दैनिक

# कोयलांचल संवाद

रांची व धनबाद से एक साथ प्रकाशित

रांची, गुरुवार, 14 अगस्त, 2025 वर्ष : 13 अंक : 86 मूल्य : 3 रुपए

www.koylanchalsamvad.com

YouTube Subscribe
Koylanchal samvad news

भाजपा का दावा-सोनिया भारतीय नागरिक बनने से पहले वोटर बनीं... | भारत को युद्ध के लिए उकसा रहा है पाकिस्तान? | दुनियाभर में एआई अपनाने की रफ्तार धीमी, ज्यादातर कंपनियां...

गांव की गलियों से लेकर जल-जंगल-ज़मीन तक- पिता की सीख पर कायम मुख्यमंत्री

## नेमरा में सादगी भरे अंदाज में दिखे सीएम हेमंत, कहा- गांव का विकास ही राज्य के विकास की है असली नींव

**रांची :** नेमरा गांव के रास्तों पर चलते हुए, किसानों से मिलते हुए, जल-जंगल-ज़मीन के मुद्दों पर बोलते हुए हर जगह मुख्यमंत्री में पिता की विरासत जीवित दिखाई देती है. यह रिश्ता केवल खून का नहीं, बल्कि विचारों, सिद्धांतों और सेवा के संकल्प का है. गांव के प्राकृतिक वातावरण में पले-बढ़े मुख्यमंत्री आज भी अपने व्यस्त राजनीतिक जीवन में प्रकृति के साथ समय बिताना नहीं भूलते.

इसी क्रम में बुधवार को मुख्यमंत्री अपने पैतृक गांव नेमरा में सादगीपूर्ण अंदाज में गांव की गलियों और पगडंडियों पर घूमते हुए नजर आए. निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों से बातचीत की और उनकी समस्याओं एवं सुझावों को सुना. कहा कि विकास तभी सार्थक है, जब वह पर्यावरण और स्थानीय संस्कृति के साथ तालमेल बिठाए.

मुख्यमंत्री का मानना है कि जल, जंगल और ज़मीन केवल प्राकृतिक संसाधन नहीं, बल्कि झारखंड की आत्मा हैं. ये लोकगीतों, त्योहारों और पारंपरिक रीति-रिवाजों में रचे-बसे हैं. इसलिए, इनके संरक्षण को सांस्कृतिक संरक्षण के रूप में भी देखा जाना चाहिए. उन्होंने कहा कि गांव का विकास राज्य के सर्वांगीण विकास की बुनियाद है और हमारी सरकार ग्रामीण बुनियादी सुविधाओं को मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है. मुख्यमंत्री ने



कहा कि उनके जीवन का हर कदम पिता की सीख और आशीर्वाद से प्रेरित है. गुरुजी ने सिखाया कि राजनीति का अर्थ केवल सत्ता नहीं, बल्कि जनता की सेवा और अधिकारों की रक्षा है.

### जल, जंगल, ज़मीन से गहरा जुड़ाव

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड की असली पहचान इसकी प्राकृतिक संपदा जल, जंगल और ज़मीन से है। ये केवल संसाधन नहीं, बल्कि झारखंड की आत्मा हैं। सरकार इनकी रक्षा और संवर्धन को प्राथमिकता दे रही है ताकि आने वाली पीढ़ियों को एक हरा-भरा और सुरक्षित झारखंड मिल सके।

### जीवन का हर कदम पिता की सीख से प्रेरित-हेमंत सोरेन

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि उनके जीवन का हर कदम पिता की सीख और आशीर्वाद से प्रेरित है. गुरुजी ने सिखाया कि राजनीति का अर्थ केवल सत्ता नहीं, बल्कि जनता की सेवा और अधिकारों की रक्षा करना है.

### गांव की मिट्टी से अटूट रिश्ता

हेमंत सोरेन ने कहा कि उनका बचपन गांव की गोद में बीता है। खेतों की हरियाली, नदियों की कलकल और जंगलों की शांति उन्हें आज भी सुकून देती है। इसी से प्रेरित होकर उनकी सरकार ग्रामीण विकास और पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता दे रही है।

### गांव की समस्याएं सुनीं, समाधान का भरोसा

मुख्यमंत्री ने स्थानीय किसानों और ग्रामीणों से बातचीत की और उनकी समस्याएं व सुझाव सुने। उन्होंने भरोसा दिलाया कि गांवों की बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में तेजी से काम किया जाएगा।

## झारखंड में निकले गुरुजी की अस्थि कलशयात्रा, सीएम से कांग्रेस नेता मणि शंकर ने किया आग्रह

झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष मणि शंकर बुधवार को रामगढ़ के नेमरा पहुंचे. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर उन्होंने दिशोम गुरु शिबू सोरेन के प्रति संवेदना प्रकट की. उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि गुरुजी की अस्थि कलशयात्रा पूरे झारखंड में निकाली जाए ताकि इस राज्य के लोगों को गुरुजी को श्रद्धांजलि देते हुए अंतिम जोहार कहने का मौका मिल सके. झारखंड के गांव-गांव में दिवंगत शिबू सोरेन को आम लोग सम्मान एवं आदर्श के रूप में देखते हैं.

### रांची और देवघर में बने संग्रहालय-मणि शंकर

कांग्रेस नेता मणि शंकर ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मांग की कि गुरुजी का अलग झारखंड राज्य के लिए किए गए संघर्ष और



संथाल आंदोलन का जीवंत चित्रण फोटो एवं दस्तावेजों के माध्यम से विश्व के लोगों को अवलोकन कराने के लिए रांची तथा देवघर में म्यूजियम (संग्रहालय) की स्थापना की जाए. रांची झारखंड की राजधानी है एवं देवघर एक पर्यटन स्थल है, जहां देश-विदेश के लोगों को झारखंड आंदोलन के महानायक, आदिवासी अस्मिता के प्रतीक शिबू सोरेन के विभिन्न पहलुओं को जानने का अवसर प्राप्त होगा.

शेष पेज 3 पर

## सड़क चौड़ीकरण में पेड़ों की कटाई पर रोक की मांग

हाईकोर्ट ने सरकार और एनएचएआई से मांगा जवाब

**रांचीः** झारखंड हाईकोर्ट ने सड़क चौड़ीकरण के दौरान पेड़ों की कटाई रोकने और उन्हें दूसरी जगह लगाने की मांग पर सुनवाई करते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) और राज्य सरकार से जवाब तलब किया है। मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की पीठ ने सवाल उठाया कि सड़क किनारे मौजूद पेड़ों को स्थानांतरित करने में आखिर परेशानी क्या है। इस पर एनएचएआई का कहना था कि यह काम उनके अनुबंध में शामिल नहीं है और उनके पास इसके लिए आवश्यक उपकरण भी नहीं हैं। अदालत ने टिप्पणी की कि अनुबंध तो मनुष्य ही तैयार करते हैं, "ये मंगल ग्रह से नहीं आते," तो फिर इसमें पेड़ स्थानांतरण की शर्त क्यों नहीं जोड़ी जा सकती।

याचिका में बताया गया कि पहले हाई पावर कमेटी ने 14 इंच से ज्यादा मोटाई वाले पेड़ों को स्थानांतरित करने का फैसला किया था, लेकिन बाद में राज्य सरकार ने यह सीमा घटाकर 7 इंच कर दी। अदालत ने इस बदलाव पर सरकार से सफाई मांगी है। एनएचएआई ने जवाब दाखिल करने के लिए समय की मांग की, जिसे अदालत ने मंजूरी दे दी। यह मामला तब सुर्खियों में आया जब रांची के डोरंडा में चौड़ीकरण कार्य के दौरान 'कल्पतरु' नामक एक पेड़ को काटा गया था।

## आईएएस विनय चौबे की बेल पर 14 को भी जारी रहेगी सुनवाई



**रांचीः** झारखंड शराब घोटाला के आरोपी राज्य के वरीय आईएएस अधिकारी विनय चौबे की याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में बुधवार को आंशिक सुनवाई हुई. जिसके बाद कोर्ट ने 14 अगस्त को मामले में सुनवाई की तारीख निर्धारित की है. हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय द्विवेदी की कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई. विनय चौबे की ओर से अधिवक्ता देवेश आजमानी ने बहस की. दरअसल विनय चौबे ने अपनी याचिका में एसीबी द्वारा उनके खिलाफ दर्ज की गई प्राथमिकी और गिरफ्तारी को चुनौती दी है. उन्होंने कोर्ट से आग्रह किया है कि उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर और सभी दंडात्मक कार्रवाई को रद्द किया जाए. उल्लेखनीय है कि 20 मई 2025 को एसीबी ने शराब घोटाले से जुड़े मामले में विनय चौबे को पूछताछ के लिए बुलाया था. पूछताछ के बाद उन्हें गिरफ्तार कर कर लिया था. फिलहाल विनय चौबे न्यायिक हिरासत में हैं और राज्य सरकार के उन पर लगे गंभीर आरोपों को देखते हुए उन्हें निलंबित कर दिया है.

## संक्षिप्त खबरें

### लालकिले की प्राचीर से 12वीं बार राष्ट्र को संबोधित करने को तैयार पीएम मोदी

नई दिल्ली (ईएमएस)। 79वें स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली के लालकिले की प्राचीर से लगातार 12वीं बार राष्ट्र को संबोधित करने वाले है। इस बार भी कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने की तैयारी हो रही है। सूत्रों के अनुसार पीएम अपने संबोधन से अंतरराष्ट्रीय बिरादरी को भारत का विजन देने वाले है। साथ ही, पूरा संबोधन सेना के शौर्य को समर्पित होगा। इसके अलावा, मोदी जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने के मामले में केंद्र के रोडमैप का ऐलान भी कर सकते हैं। इस बारे में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल सिफारिशें दे चुके हैं। राज्य के दर्जे की बहाली की औपचारिक घोषणा के बाद विधायी और कार्यपालिका के स्तर पर तेजी से कदम बढ़ाए जा सकते है।

### दौसा सड़क हादसे पर राष्ट्रपति मुर्मू समेत कई नेताओं ने जताया शोक

नई दिल्ली,(ईएमएस)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू समेत कई नेताओं ने राजस्थान के दौसा में हुए भीषण सड़क हादसे पर शोक जताया है। एक्स पर पोस्ट में लिखा- दौसा, राजस्थान में हुई सड़क दुर्घटना में महिलाओं और बच्चों समेत अनेक लोगों की मौत का समाचार बहुत दुखद है। मैं शोक संतप्त परिवारजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करती हूं। मैं इस दुर्घटना में घायल लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं। वहीं लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने लिखा- दौसा में भीषण सड़क हादसा अत्यंत दुःखद है। इस दुर्घटना में बच्चों और महिलाओं की मृत्यु का समाचार सुनकर मन व्यथित है। राजस्थान की पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने लिखा- ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें।

बिहार वोटर वेरिफिकेशन, सुप्रीम कोर्ट बोला-प्रक्रिया वोटर फ्रेंडली

## 11 में से कोई एक डॉक्यूमेंट मांगा; सिंघवी ने कहा- 1-2% के पास स्थायी निवासी प्रमाणपत्र

**नई दिल्ली/पटनाः** सुप्रीम कोर्ट में बिहार में चल रही स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन यानी एसआईआर (सामान्य शब्दों में वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन) पर बुधवार को भी सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने एसआईआर को वोटर फ्रेंडली बताया है। कोर्ट ने कहा कि चुनाव आयोग ने 11 में से कोई एक डॉक्यूमेंट मांगा है। शीर्ष कोर्ट ने ये भी कहा- एसआईआर में 11 दस्तावेज मांगे गए हैं, जबकि राज्य में पहले किए गए छोटे से वोटर रिवीजन में 7 डॉक्यूमेंट्स मांगे गए थे। याचिकाकर्ताओं के इस तर्क के बावजूद कि आधार को स्वीकार न करना लिस्ट से बाहर करने जैसा रवैया था। लेकिन इसमें दस्तावेजों की बड़ी संख्या (11) का मकसद लोगों को लिस्ट में रखना है।



याचिकाकर्ताओं की तरफ से अभिषेक मनु सिंघवी ने मांगे गए दस्तावेजों की संख्या से असहमति जताई। उन्होंने कहा कि बिहार में 1-2% लोगों के पास स्थायी निवास प्रमाणपत्र होगा। अगर राज्य में जनसंख्या के आधार पर डॉक्यूमेंट्स की उपलब्धता की बात करें तो यह काफी कम है। वहीं प्रशांत भूषण ने कहा कि लगभग 8 करोड़ मतदाता हैं। मैं गारंटी दे सकता हूं कि जिन लोगों के गणना फॉर्म प्राप्त हुए हैं, उनमें से 25% से अधिक लोगों ने एक भी दस्तावेज नहीं दिया है। बीएलओ ने गणना फॉर्म भर दिए हैं और उन पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। ये 11 दस्तावेज नागरिकता का प्रमाण नहीं हैं। भूषण ने कहा कि बड़ी संख्या में लोगों के पास एक भी दस्तावेज नहीं है। लगभग 40% लोगों के पास केवल मेट्रिकुलेशन का प्रमाणपत्र है, लेकिन कुल मिलाकर 50 फीसदी से ज्यादा लोगों के पास एक भी दस्तावेज नहीं है। मामले पर सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच में सुनवाई चल रही है।

कोर्ट ने ये भी कहा, राज्य में 36 लाख लोगों के पास पासपोर्ट है। इसे अच्छी संख्या कहा जा सकता है। बिहार को इस तरह पेश न करें। अखिल भारतीय सेवाओं में सबसे ज्यादा प्रतिनिधित्व इसी राज्य से है। ज्यादातर आईएएस, आईपीएस, आईएफएस यहीं से हैं। अगर युवा आबादी प्रेरित नहीं होगी तो यह संभव नहीं हो सकता।

### कल ईसी ने दलील दी थी- कुछ गलतियां स्वाभाविक थीं

मंगलवार की सुनवाई में राजद सांसद मनोज झा की तरफ से पैरवी कर रहे वकील कपिल सिब्बल ने कहा था- बिहार की वोटर लिस्ट में 12 जीवित लोगों को मृतक बताया गया है। चुनाव आयोग की तरफ से सीनियर वकील राकेश द्विवेदी ने कहा था- इस प्रकार की एक्सरसाइज में कुछ गलतियां स्वाभाविक थीं। यह दावा करना कि मृतकों को जीवित और जीवित को मृत घोषित किया गया, यह सही किया जा सकता है, क्योंकि यह एक मसौदा था। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा- तथ्यों और आंकड़ों के साथ तैयार रहें, क्योंकि प्रक्रिया शुरू होने से पहले वोटरों की संख्या, प्रोसेस से पहले और अब मृतकों की संख्या समेत अन्य कई सवाल उठेंगे।

## 17 अगस्त से शुरू होगा हॉकी का रोमांच, राज्यस्तरीय जवाहरलाल नेहरू कप में 1152 खिलाड़ी दिखाएंगे दम

रांचीः झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के तत्वावधान में आयोजित राज्यस्तरीय जवाहरलाल नेहरू कप हॉकी प्रतियोगिता 2025-26 की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं. प्रतियोगिता 17 से 19 अगस्त तक आयोजित होगी, जिसमें राज्य के विभिन्न जिलों से 1152 खिलाड़ी भाग लेंगे. बुधवार को राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी सह आयोजन सचिव धीरसेन सोरेंग की अध्यक्षता में तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई. जिसमें आयोजन से जुड़ी सभी समितियों के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे. आयोजन सचिव ने भोजन, स्वास्थ्य और आवास की उत्तम व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश देते हुए कहा कि खिलाड़ियों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए.

उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य हॉकी के खेल को बढ़ावा देना, खिलाड़ियों को कौशल दिखाने का अवसर प्रदान करना और छात्रों के बीच खेल भावना को प्रोत्साहित करना है.

### तीन वर्गों में होंगे मुकाबले

प्रतियोगिता में अंडर-15 बालक, अंडर-17 बालिका और अंडर-17 बालक वर्ग में मैच खेले जाएंगे. प्रत्येक टीम में 16 खिलाड़ी, 1 कोच और 1 मैनेजर होंगे. इस तरह 1152 खिलाड़ियों के साथ 24 कोच और 24 टीम मैनेजर प्रतियोगिता का हिस्सा बनेंगे.

### टूर्नामेंट लीग-कम-नॉकआउट

टूर्नामेंट लीग-कम-नॉकआउट आधार पर खेला जाएगा और जवाहरलाल नेहरू हॉकी टूर्नामेंट सोसाइटी के नियमों के तहत संपन्न होगा. जिला स्तरीय मुकाबले 15 से 20 जुलाई के बीच आयोजित किए जा चुके हैं और वहीं से विजेता टीमें राज्य स्तर तक पहुंची हैं. राज्य स्तर पर विजेता बनने वाली टीमों को राष्ट्रीय प्रतियोगिता से पहले 21-दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर का अवसर मिलेगा.

### झारखंड का दबदबा

राष्ट्रीय जवाहरलाल नेहरू कप हॉकी प्रतियोगिता में झारखंड का प्रदर्शन अब तक शानदार रहा है. राज्य 10 बार चैंपियन बन चुका है. आखिरी बार 2023 में, मिजोरम में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, बरियातू की अंडर-17 बालिका टीम ने झारखंड को चैंपियन बनाया था. स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग का लक्ष्य है कि इस वर्ष अक्टूबर 2025 में नई दिल्ली में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी झारखंड एक बार फिर खिताब अपने नाम करे.

## राहुल गांधी पर दर्ज केस पर 27 को सुनवाई

**रांचीः** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से जुड़े मोदी सरनेम टिप्पणी मामले में 27 अगस्त को कोर्ट में सुनवाई होगी। बुधवार को मामले में एमपी/ एमएलए मामले की विशेष अदालत में सुनवाई की तारीख निर्धारित थी, लेकिन सुनवाई नहीं हो सकी।अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 27 अगस्त निर्धारित की है। शिकायतकर्ता को अदालत में सबूत प्रस्तुत करना है। आरोप तय होने के बाद शिकायतकर्ता को सबूत प्रस्तुत करने का निर्देश अदालत ने दे रखा है। बता दें कि हाईकोर्ट से राहुल गांधी को इस मामले



में व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट प्राप्त है। मोदी सरनेम पर टिप्पणी को लेकर लालपुर थाना क्षेत्र निवासी अधिवक्ता प्रदीप मोदी ने सिविल कोर्ट रांची में 23 अप्रैल 2019 में शिकायतवाद (केस संख्या 1993/19) दर्ज कराया था। शिकायतकर्ता ने याचिका में कहा है कि राहुल गांधी की इस टिप्पणी से पूरे मोदी समाज का अपमान है। यह मामला 2019 का है। रांची के मोरहाबादी मैदान में लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार करने के दौरान राहुल गांधी ने नरेंद्र मोदी, नीरव मोदी और ललित मोदी का जिक्र करते हुए कहा था कि 'सारे मोदी सरनेम वाले चोर हैं'। इसे लेकर अधिवक्ता प्रदीप मोदी ने कोर्ट में शिकायतवाद दर्ज कराई है। याचिका में कहा गया है कि राहुल गांधी के टिप्पणी से पूरा मोदी समाज आहत है, इसलिए उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए।

## पाकिस्तानी पीएम बोले- दुश्मन एक बूंद पानी नहीं छीन सकता: ऐसा सबक सिखाएंगे, जिंदगीभर याद रहेगा; 48 घंटे में 3 पाक नेताओं ने भारत को धमकाया

**इस्लामाबादः** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सिंधु जल संधि को स्थगित करने पर भारत को धमकी दी है। मंगलवार को राजधानी इस्लामाबाद में हुए एक कार्यक्रम में शरीफ ने कहा- दुश्मन (भारत) पाकिस्तान से एक बूंद पानी भी नहीं छीन सकता। आपने हमें पानी रोकने की धमकी दी। अगर ऐसा करने की कोशिश की तो पाकिस्तान आपको ऐसा सबक सिखाएगा, जिसे जिंदगीभर नहीं भूलेंगे।

शरीफ ने कहा कि भारत अगर पाकिस्तान की तरफ बहने वाला पानी रोकने की कोशिश करता है तो यह सिंधु जल संधि का उल्लंघन होगा। उन्होंने धमकी देते हुए कहा कि इसका जवाब निर्णायक तरीके से दिया जाएगा। पाकिस्तानी पीएम ने आगे कहा कि पानी पाकिस्तान की लाइफलाइन है और अंतरराष्ट्रीय समझौतों के तहत देश के अधिकारों से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

शहबाज शरीफ से पहले पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो भारत को



युद्ध की धमकी दे चुके हैं। सोमवार को दिए एक बयान में बिलावल ने कहा था कि अगर भारत ने सिंधु जल संधि को निलंबित रखा तो पाकिस्तान के पास जंग के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा।

भुट्टो ने सिंध प्रांत की सरकार के एक कार्यक्रम में कहा, मोदी सरकार के कदमों ने पाकिस्तान को भारी नुकसान पहुंचाया है। हमें एकजुट होकर इन आक्रामक नीतियों का जवाब देना होगा। भुट्टो ने दावा किया था कि पाकिस्तान के लोग 6 नदियों को वापस लेने के लिए जंग करने में सक्षम हैं।

### 48 घंटों में 3 नेताओं ने भारत को धमकी दी

सिंधु जल समझौते के निलंबन को लेकर पिछले 48 घंटों में 3 पाकिस्तानी नेताओं ने भारत के खिलाफ धमकी भरे बयान दिए हैं। इनमें आर्मी चीफ आसिम मुनीर, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो शामिल हैं।

### भारत-पाकिस्तान के बीच का सिंधु जल समझौता क्या है?

सिंधु नदी प्रणाली में कुल 6 नदियां हैं- सिंधु, झेलम, चिनाब, रावी, ब्यास और सतलुज। इनके किनारे का इलाका करीब 11.2 लाख वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। इसमें 47% जमीन पाकिस्तान, 39% जमीन भारत, 8% जमीन चीन और 6% जमीन अफगानिस्तान में है। इन सभी देशों के करीब 30 करोड़ लोग इन इलाकों में रहते हैं। 1947 में भारत और पाकिस्तान के बंटवारे के पहले से ही भारत के पंजाब और पाकिस्तान के सिंध प्रांत के बीच नदियों के पानी के बंटवारे का झगड़ा शुरू हो गया था। 1947 में भारत और पाक के इंजीनियरों के बीच 'स्टैंडस्टिल समझौता' हुआ। इसके तहत दो मुख्य नहरों से पाकिस्तान को पानी मिलता रहा। ये समझौता 31 मार्च 1948 तक चला। 1 अप्रैल 1948 को जब समझौता लागू नहीं रहा तो भारत ने दोनों नहरों का पानी रोक दिया। इससे पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की 17 लाख एकड़ जमीन पर खेती बर्बाद हो गई। दोबारा हुए समझौते में भारत पानी देने को राजी हो गया।

## कश्मीर के उरी में एक जवान शहीद: एलओसी पर आतंकी घुसपैठ की कोशिश सेना ने नाकाम की

**कश्मीरः** उत्तरी कश्मीर के उरी सेक्टर में एलओसी के पास बुधवार सुबह सुरक्षाबलों ने आतंकियों की घुसपैठ को नाकाम कर दिया। ऑपरेशन के दौरान एक जवान शहीद हुआ है। सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया है। पिछले 13 दिनों में आतंकियों से सेना की यह तीसरी मुठभेड़ है। इससे पहले 10 अगस्त को किश्तवाड़ के दुल इलाके में सेना को आतंकियों के छिपे होने की सूचना के बाद सुरक्षाबलों ने सर्च ऑपरेशन चलाया था। इस दौरान आतंकियों ने सेना पर फायरिंग की थी। यहां भी सर्चिंग जारी है। 1 अगस्त से कुलगाम के अखल जंगलों में



आतंकियों की तलाश में सर्चिंग चल रही है। यहां 2 जवान शहीद हुए हैं, 9 जवान घायल हैं। दो आतंकी भी मारे जा चुके हैं।

सुरक्षाबलों ने 2 अगस्त की सुबह पुलवामा के आतंकी हारिस नजीर डार को मार गिराया था। वो C-कैटेगरी का आतंकी था। हारिस उन 14 लोकल आतंकियों की लिस्ट में था, जिनके नाम खुफिया एजेंसियों ने पहलगाम हमले के बाद 26 अप्रैल को जारी किए थे।

एक अधिकारी ने बताया था कि इलाके में आतंकी गतिविधि की गुप्त सूचना मिलने के बाद 1 अगस्त की शाम सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया था। इस दौरान आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर फायरिंग की थी। इसके बाद मुठभेड़ शुरू हुई थी। जंगल में कुल कितने आतंकी छिपे हैं, यह अभी साफ नहीं है। 28 जुलाई को सुरक्षाबलों ने ऑपरेशन महादेव के तहत, लिडवास के जंगलों में पहलगाम हमले में शामिल 3 आतंकियों को मारा था। 31 जुलाई को पुंछ में एलओसी के पास दो और आतंकी घुसपैठ के दौरान मारे गए थे।

## संक्षिप्त खबरें...

### बलोदर के नयातरी में हाथियों के झुंड ने कई घरों को किया क्षतिग्रस्त, इश्वरी महतो, का दुकान का सटर तोड़ा , मुआवजे की मांग



बड़कागांव(हज़ारीबाग)। बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत मोहंगाई कला पंचायत के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र बालोदर में चार दिनों से हाथियों का आतंक जारी है। बीती रात हाथियों ने बलोदर गांव के नयातरी में जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान हाथियों ने कई घरों को निशाना बनाया। घरों को क्षतिग्रत कर घरों में रखे अनाज को हाथी चट कर गए। हाथियों ने इश्वरी महतो के दुकान का सटर तोड कर समान तहश नहश कर दिया । वही जय महतो के मकान को तोड़ कर घर में रखे चावल, प्याज मशिन सहित अन्य खाद्य सामग्री खा गए। बताते चले की खेत में लगे गन्ना आदरक मक्का कन्चू धान मिट्टी के घर को तोड़ दिया और बर्तन को नष्ट कर दिया। चन्दन कुमार के 20 कठा में लगे गन्ने का फसल को काफी नुकसान पहुंचा । महेन्दर कुमार दॉगी के चार डिसमिल में लगे अदरक की फसल को बर्बाद कर दिया वही सुनिल कुमार, जय प्रकाश महतो, बासदेव महतो ,रामदेशी महतो, विकाश महतो, प्रभू दयाल महतो, सुदेश महतो, दिलिप कुमार, अरविन्द कुमार, महेन्दर कुमार दांगी, अनिश कुमार, इत्यादी लोगों को धान मकई गन्ना कचु इत्यादी फसलो को कफी नुकसान पहुंचाया है । पीड़ितों ने वन विभाग और प्रखंड प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। हाथियों के झुंड में तीन नवजात बच्चे भी हैं। हाथियों की कुल संख्या 27है । वर्तमान समय में हाथी जावातरी नदी के नजदीक जंगल में डेरा डाले हुए हैं । ग्रामीणों में डर का माहौल बना हुआ है ।

### सार्वजनिक दुर्गा मंडप पूजा समिति के सदस्यों की हुयी बैठक, कमेटी का हुआ पुनर्गठन



संवाददाता विश्रामपुर (पलामू) : विश्रामपुर नगर परिषद मुख्यालय स्थित वार्ड 16 गढ़ मुहल्ला सार्वजनिक दुर्गा मंडप पूजा समिति के सदस्यों की एक बैठक दुर्गा मंडप परिसर में हुयी। बैठक की अध्यक्षता रजनीश कुमार चंद्रवंशी व संचालन समाजसेवी विजय कुमार रवि ने किया। बैठक में दुर्गा पूजा महोत्सव को इसबार धूम-धाम से मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही दुर्गा पूजा महोत्सव के भव्य आयोजन व सफल संचालन हेतु कमेटी को पुनर्गठित किया गया। सर्वसम्मति से राकेश कुमार केशरी को तीसरी बार कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया। जबकि दिलीप चंद्रवंशी व राहुल देव वर्मन को उपाध्यक्ष चुना गया। साथ ही जयंत चौहान को कोषाध्यक्ष,आनंद राज को उप कोषाध्यक्ष,कौशल किशोर व करण कुमार को मीडिया प्रभारी,मुकेश कुमार चंद्रवंशी को सचिव तथा दीपक केशरी व संजय कुमार राम को उप सचिव बनाया गया। वहीं संरक्षक के रूप में रजनीश कुमार चंद्रवंशी,धुपाल चंद्रवंशी,विजय कुमार रवि,धनंजय पांडेय,शशिकांत चंद्रवंशी,शशि भूषण चंद्रवंशी,अरुण सोनी,सच्चिदानंद चंद्रवंशी,अनिल कुमार,हरे कृष्णा सिंह,रवि रंजन कुमार,कन्हाई राम,सुमंत कुमार चंद्रवंशी,सिंकु चंद्रवंशी,अमितेश्वर दयाल,सुनील कुमार आजाद,रमेश राम,विकास कुमार चंद्रवंशी,दीपक कुमार,दीपक चंद्रवंशी सहित कई गण्यमान लोगो का नाम शामिल है। इसके अलावे 21 सदस्यीय कार्यकरणी का भी गठन किया गया। जिसमे राजकुमार चंद्रवंशी,राजा कश्यप,अविनाश कुमार,इंदल कुमार,अनुज कुमार,पंकज कुमार,साहिल कुमार,क्रिस कुमार,हिमांशु कुमार,पवन,सुमन,बादल,लकी,पीयूष,अंशु,विशाल,प्रिंस, किशन,सोनू,रोहित,मोहित,रविंद्र,उत्तम सहित कई युवाओ को रखा गया है।

### स्वतंत्रता दिवस के मौके पर 15 अगस्त को सद्भावना फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन, तैयारी जोरों पर



संवाददाता विश्रामपुर (पलामू) : स्वतंत्रता दिवस के मौके पर विश्रामपुर नगर परिषद मुख्यालय स्थित 10+2 जनता उच्च विद्यालय के खेल मैदान में 15 अगस्त को सद्भावना फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन होगा। जिसकी तैयारी चल रही है। इसकी जानकारी टूर्नामेंट आयोजनकर्ता जिला योजना समिति सदस्य संजय बैठा ने आज विश्रामपुर में प्रेसवार्ता कर पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि सामाजिक सदभाव को प्रगाढ़ बनाने के उद्देश्य से हर वर्ष स्वाधीनता दिवस के मौके पर फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजित किया जाता है। इस बार भी 15 अगस्त को स्थानीय 10+2 जनता उच्च विद्यालय के खेल मैदान में फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जायेगा। जिसकी तैयारी चल रही है। टूर्नामेंट में विश्रामपुर,पांडु,लालगढ़ व गौरा फुटबॉल टीम के खिलाड़ी भाग लेंगे। वही टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि विश्रामपुर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी जयपाल सिंह करेंगे।

### एनटीपीसी एवं प्रशासन के पदाधिकारी पर हुई पथराव को लेकर केस दर्ज करने की प्रक्रिया जारी

बड़कागांव (हज़ारीबाग): 12 अगस्त को महुगाई कला पंचायत भवन म एनटीपीसी मुआवजा राशि भुगतान शिविर में ग्रामीणों के द्वारा की गई पत्थराव में एनटीपीसी एवं प्रशासन के वरीय पदाधिकारीओ की घायल होने एवं वाहनों को क्षतिग्रस्त कर देने मामले को लेकर आरोपियों पर केस दर्ज करने की प्रक्रिया जारी है। पुलिस के द्वारा सभी घायलों की बयान एवं वाहनों की क्षतिग्रस्त करने की रिपोर्ट तैयार की जा रही है। बताते चलें कि 12 अगस्त महुगाई कला पंचायत भवन में एनटीपीसी बादाम कोल ब्लॉक के अम्बाजीत मौजा रैयतों के लिए मुआवजा राशि वितरण शिविर का आयोजन किया गया था । जिसमेंभारी संख्या में आक्रोर्षित ग्रामीणों के द्वारा पथराव कर दिया गया । जिसमें एनटीपीसी जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के 18 लोग घायल हुए, वही 15 वाहन को तोड़फोड़ कर पूर्ण शक्तिग्रस्त कर दिया गया। मंगलवार को हजारीबाग के डीसी शशि प्रकाश सिंह एवं एसपी अंजनी अनजान ने बड़कागांव का दौरा कर बैठक की, और सभी आरोपियों को चिन्हित कर कार्रवाई करने का सख्त निर्देश भी दिया गया है। केस दर्ज करने को लेकर पुलिस द्वारा सभी आरोपियों को चिन्हित किया जा रहा है। उधर बता दें कि गोंदलपुरा गांव में पिछले 854 दिनों से एनटीपीसी, अदानी जेएसडब्ल्यू व अन्य कोल कंपनियों की आवंटन रद्द करने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। जिसमें ग्रामीणों के द्वारा किसी भी कोल कंपनी को जमीन नहीं देने का निर्णय लिया है। ग्रामीणों का मानना है कि हमारे पूर्वज 400 वर्षों से चार फसली जमीन से अपने परिवार का जीविकापार्जन करते आ रहे हैं और खुशहाल जिंदगी गुजार रहे हैं।

# सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें, कामयाबी कदम चूमेगी : डॉ. अमित श्रीवास्तव , निदेशक आर्काजैन विश्व विद्यालय




जमशेदपुर । लौहनगरी जमशेदपुर स्थित और बिहार-झारखंड में अपनी एक अलग पहचान बना चुके अरका जैन विश्वविद्यालय में हर वर्ष की तरह इस बार भी नव नामांकित छात्र-छात्राओं के स्वागत में "आरंभ 2025" का आयोजन किया गया। एक्सएलआरआई परिसर स्थित टाटा ऑडिटोरियम में आयोजित इस कार्यक्रम के साथ ही विश्वविद्यालय में नए सत्र का श्रीगणेश हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के निदेशक सह कुलसचिव डॉ. अमित कुमार श्रीवास्तव, प्रतिकुलपति डॉ. अंगद तिवारी समेत अन्य कई अधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर समारोह की शुरुआत की। अतिथियों के प्रेरणादायी मार्गदर्शन ने छात्र-छात्राओं को भविष्य की राह दिखाई। वहीं छात्र-छात्राओं ने रंगारंग प्रस्तुतियों के माध्यम से समारोह को सतरंगी बना दिया। समारोह में उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए डॉ. अमित कुमार श्रीवास्तव ने माता-पिता के प्रति निःस्वार्थ भाव से समर्पण, उनके सपनों को पूरा करने और कॉलेज लाइफ में कुछ अच्छे दोस्त बनाने की सीख दी। साथ ही लक्ष्य निर्धारित कर दृढ़ निश्चय एवं सकारात्मक सोच के साथ उसे हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ने की सीख दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में देश की अर्थव्यवस्था 3.5 ट्रिलीयन है। विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने के लिए वर्ष 2047 तक 45 ट्रिलीयन का लक्ष्य हासिल करना होगा। डॉ. श्रीवास्तव ने कहा कि बड़े सपने व लक्ष्य निर्धारित करने के साथ उसे हर दिन सोचें और लिख कर रख लें। ऐसे सपने सोचें, जो उसे पूरा करने के लिए बेचैन कर दें। अमेजन, फ्लिपकार्ट समेत ऐसीअन्य कंपनियां बड़ी सोच व सपने का ही परिणाम हैं । विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपतित डॉ. अंगद तिवारी ने अपने संबोधन के क्रम में डॉ. श्रीवास्तव के वक्तव्य को आगे बढ़ाते हुए कहा कि सफलता हो या जीवन का कोई भी क्षेत्र, आत्मविश्वास जरूरी है। आत्मिवश्वास के सहारे ही आगे बढ़ा जा सकता है। बड़े सपनों को पूरा करने के लिए यह बहुत ही जरूरी है। उन्होंने समारोह में उपस्थित अभिभावकों का ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा कि बच्चे जिस क्षेत्र में भी आगे बढ़ना चाहते हैं, उन्हें सहयोग करें। अपने बच्चों पर विश्वास करें। उनके सपनों को पूरा करने के लिए यथासंभव संसाधन उपलब्ध कराएं। बच्चे जरूर कामयाब होंगे।

### अरका जैन यूनिवर्सिटी में "आरंभ 2025" के साथ नये सत्र का रंगारंग शुभारंभ, रैंप पर उतरीं परियां, बैंड बैरागी पर झूमे छात्र

विश्वविद्यालय के इस वार्षिक कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं की मंचीय प्रस्तुतियों और तालियों से पूरा ऑडिटोरियम गूंजता रहा। समारोह के आरंभिक चरण में सीनियर छात्र-छात्राओं ने अतिथियों व नव नामांकित छात्र-छात्राओं के स्वागत में समूह नृत्य प्रस्तुत किया। अभिभावकों व नये विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की गतिविधियों, उपलब्धियों आदि से भी अवगत कराया गया। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने अपनी रंगारंग प्रस्तुतियों से इस कार्यकम इंद्रधनुषी छटा बिखेर दी। उदय एंड ग्रुप ने राधाकृष्ण समूह नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। अमन एंड ग्रप ने भी मनमोहक समूह नृत्य प्रस्तुत किया। इसके बाद रैंपवॉक और बैंड बैरागी की बैंड प्रस्तुति पर ऑडिटोरियम में उपस्थित सभी विद्यार्थी व दर्शक झूम उठे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय प्रबंधन बोर्ड के चेयरमैन प्रो. (डॉ.) एसएस रजी, कुलपति प्रो. (डॉ.) ईश्वरन अय्यर के संदेश भी वीडियों के माध्यम से सुनाए गए। समारोह में विश्वविद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, सीनियर व नव नामांकित छात्र-छात्राएं, उनके अभिभावक, शहर के गणमान्य लोग एवं विश्वविद्यालय के शिक्षकेतर कर्मचारी उपस्थित थे।

### झामुमो कार्यकर्ताओं ने शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि अर्पित किया



जमशेदपुर । झारखंड मुक्ति मोर्चा जमशेदपुर के कार्यकर्ताओं ने दिशोंम गुरु शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि देने के लिए एक सभा का आयोजन साकची स्थित आम बगान मैदान मे किया गया । इस श्रद्धांजलि सभा मे लोगों ने गुरु जी की तस्वीर पर माल्यार्पण किया और पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया । इस मौके पर दो मिनट का मौन भी रखा गया । वहीं लोगों को संबोधित करते हुए झामुमो नेता उज्ज्वल दास ने कहा कि गुरु जी अपने पूरे जीवन को लोगो के प्रति समर्पित कर दिया था । जल जंगल और जमीन की रक्षा करना और अपने संस्कृति को मजबूती से पकड़े रखने का एक मार्गदर्शन दिए हैं । आज हम सब लोग मिल कर संकल्प लेते है कि हमेशा उनके बताए हुए रस्ते पर चलेंगे । इस मौके पर उज्जवल दास के साथ उमर खान, कन्हैया रजक, अहमद अंसारी, दानिश राज विजय ठाकुर, जसीम अंसारी, मकसूद अंसारी, मौसमी पाल, आरती सोरेन, मंजू हो, बिमला घोष, नेहा कुजूर, विवेक पाठक, आकाश कुमार, अशोक महतो, उमेश उरांव, प्रदीप यादव, मोहन प्रमाणिक, सूरज सिंह आदि उपस्थित थे।

### सहकारिता से समृद्धि की ओर — सहकार भारती का सदस्यता अभियान प्रारंभ

जमशेदपुर । सहकार भारती झारखंड प्रदेश के संगठन प्रमुख भारत भूषण ने पूर्वी सिंहभूम जिला प्रभारी एवं कोल्हान प्रमंडल सह प्रमुख, सह प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बाबूलाल नाग तथा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विजय कुमार से जमशेदपुर में सौहार्दपूर्ण भेंट की। इस दौरान एक विशेष बैठक भी आयोजित किया गया । बैठक में पूर्वासिंहभूम जिले में सहकार भारती की गतिविधियों एवं आगामी कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 16 अगस्त 2025 से प्रारंभ होने वाले राज्य स्तरीय सदस्यता अभियान के तहत जिले में लैंपस, क्रेडिट सोसायटी, एफपीओ जैसे संस्थानों से सक्रिय संपर्क स्थापित किया जाएगा। साथ ही, उन्हें सहकार भारती से संस्थागत सदस्य के रूप में जुड़ने का आग्रह किया जाएगा, ताकि सहकारी आंदोलन को जमीनी स्तर पर और मजबूती मिल सके।

### दक्षिण सूडान का पहला भूकंपीय वेधशाला केंद्र डॉ. हर्ष गुप्ता के नाम पर

#### आईआईटी-आईएसएम के पूर्ववर्ती छात्र हैं डॉ. हर्ष गुप्ता




धनबादः आईआईटी-आईएसएम धनबाद के लिए गर्व का क्षण है. दक्षिण सूडान में बन रहा पहला भूकंपीय वेधशाला केंद्र अब हर्ष गुप्ता भूकंपीय वेधशाला केंद्र के नाम से जाना जाएगा. इस केंद्र का निर्माण जुबा काउंटी, सेंट्रल इक्वेटोरिया स्टेट के रेजाफ पयाम के कोल्ये वेस्ट गांव में हो रहा है. यह वैश्विक सम्मान आईआईटी-आईएसएम, धनबाद के पूर्ववर्ती छात्र सह प्रख्यात भूकंप विज्ञानी पद्मश्री डॉ हर्ष के गुप्ता को समर्पित है. केंद्र का निर्माण कार्य लगभग 95% पूरा हो चुका है. इसे दक्षिण सूडान में भारतीय दूतावास की फंडिंग से और दक्षिण सूडान के खनन मंत्रालय की देखरेख में तैयार किया जा रहा है.

यह केंद्र न केवल भूकंप की निगरानी करेगा, बल्कि एक भू-वैज्ञानिक डाटा सेंटर के रूप में भी काम करेगा. आईआईटी-आईएसएम के 1963 बैच (एप्लाइड जियोफिजिक्स) के पूर्ववर्ती छात्र डॉ. गुप्ता ने भूकंप विज्ञान में उल्लेखनीय योगदान दिए हैं. इसमें कृत्रिम जलाशयों से उत्पन्न और प्राकृतिक भूकंप में अंतर का मानक स्थापित करना, बड़े भूकंप की भविष्यवाणी, 2004 की सुनामी के बाद भारत में सुनामी चेतावनी प्रणाली का निर्माण व अंटार्कटिका में भारत के पहले विंटरिंग बेस की स्थापना शामिल है. डॉ. गुप्ता सितंबर 2024 में आईआईटी-आईएसएम में आए थे. उन्होंने संस्थान में तीन दिवसीय नेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन एमर्जिंग ट्रेंड्स इन अर्थ साइंसेज़ जियोहैजड्र्स एंड रिसोर्स मैनेजमेंट (ETES-2024) में बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया था. संस्थान के छात्र रहे डॉ. शिवशंकर गांगुली (2011, एप्लाइड जियोफिजिक्स) ने कहा कि यह हम सबके लिए गर्व और यादगार पल है. डॉ बीके रस्तोगी (1966, एप्लाइड जियोफिजिक्स) ने कहा कि आईआईटी-आईएसएम और भारतीय भूकंप विज्ञान के लिए यह गौरव का क्षण है. पी.के. गांगोपाध्याय (1970, पेट्रोलियम इंजीनियरिंग), नॉर्थ कैरोलाइना यूएसए ने कहा कि डॉ. हर्ष गुप्ता हमारे संस्थान के अनमोल रत्न हैं. यह सम्मान न केवल डॉ. गुप्ता के शानदार करियर को मान्यता देता है, बल्कि आईआईटी-आईएसएम धनबाद के पूर्ववर्ती छात्रों के वैश्विक स्तर पर योगदान को भी रेखांकित करता है.

### विश्रामपुर में भाजपा ने निकाला तिरंगा यात्रा,शामिल हुये काफी संख्या में लोग



संवाददाता विश्रामपुर (पलामू) : भाजपा के विश्रामपुर नगर मंडल द्वारा बुधवार को घर - घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा यात्रा निकाला गया। तिरंगा यात्रा की शुरुआत ऐतिहासिक पंचमुखी मंदिर प्रांगण से पूजा अर्चना के बाद हुआ। इसके बाद यात्रा ने नगर भ्रमण किया। यात्रा का नेतृत्व भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने किया। उन्होंने घर -घर तिरंगा अभियान के बारे में विस्तृत रूप से बताया। कहा कि यह अभियान राष्ट्रीय स्वाभिमान का प्रतीक है। इसका मूल उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय भावन को और तेज गति से जागृत करना है। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि राष्ट्र व सनातन संस्कृति की रक्षा करना ही हमारा मूल मंत्र है। तिरंगा यात्रा में भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव,वरीय भाजपा नेता डॉ वी पी शुक्ला,शिवबंश मिश्रा,पूर्व प्रमुख संतोष चौबे,भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम,गोपाल सोनी,ज्वाला गुप्ता,किरण शर्मा,रजनीश चंद्रवंशी,भूषण चंद्रवंशी,सुमंत चंद्रवंशी,संजय ठाकुर,संजय साह,संतोष राम,दामोदर यादव,सुनील कुमार चौधरी,विजय कुमार रवि,मनीष कुमार,देवनाथ यादव,बबन पाठक,असलम बहादुर सहित कई भाजपा नेता - कार्यकर्ता व काफी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुये। इधर भाजपा ग्रामीण मंडल द्वारा निकली गयी तिरंगा यात्रा की शुरुआत तोलरा ग्राम पंचायत से हुआ। ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण के बाद तिरंगा यात्रा का समापन पार्टी के बी मोड़ स्थित कार्यालय पर हुआ। ग्रामीण मंडल के तिरंगा अभियान के इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी शामिल हुये। मौके पर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी,उपेन्द्र तिवारी सहित कई लोग मौजूद थे।

### भाजयुमो ने निकाली भव्य तिरंगा यात्रा, गूंजे देश भक्ति के नारे




धनबादः भाजपा युवा मोर्चा (भाजयुमो) ने बुधवार की सुबह धनबाद में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली. इसका उद्देश्य स्वतंत्रता दिवस से पहले लोगों में देश भक्ति की भावना जगाना और राष्ट्र के प्रति समर्पण का संदेश देना था. हाथों में तिरंगा थामे स्कूली छात्र-छात्राएं, युवा-युवतियां, महिला कार्यकर्ता व भाजपा नेता जोश व उत्साह के साथ यात्रा में शामिल हुए. यात्रा का नेतृत्व भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष नित्यानंद मंडल ने किया. तिरंगा यात्रा डीआरएम चौक से शुरू होकर कोर्ट रोड होते हुए रणधीर वर्मा चौक पहुंची, जहां शहीद रणधीर वर्मा को श्रद्धांजलि दी गई.

पूरे मार्ग में भारत माता की जय, वंदे मातरम और हर घर तिरंगा के नारों से माहौल देशभक्ति से सराबोरि रहा. बच्चों और युवाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था. वहीं रास्ते में शहरवासियों ने घरों और प्रतिष्ठानों से यात्रा का गर्मजोशी से स्वागत किया. जिला अध्यक्ष नित्यानंद मंडल ने मीडिया से बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देशभर में तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया जा रहा है.

### धनबाद में स्वतंत्रता दिवस की तैयारीः DC-SSP ने किया फुल ड्रेस रिहर्सल परेड का निरीक्षण



धनबादः धनबाद में स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी अंतिम चरण में है. धनबाद में स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह गोल्फ ग्राउंड में होगा. डीसी आदित्य रंजन व एसएसपी प्रभात कुमार ने बुधवार को गोल्फ ग्राउंड में फुल ड्रेस रिहर्सल परेड का निरीक्षण किया. इस दौरान CRPF, CISF, RPSF, झारखंड सशस्त्र पुलिस-3, डीएपी-1 पुरुष, डीएपी-2 महिला, गृहरक्षक, ग्रामीण पुलिस, एनसीसी कैडेट्स, स्काउट एंड गाइड व बैंड दल ने परेड में भाग लिया. डीसी ने सभी संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध और सटीक तैयारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि सुरक्षा, यातायात, पेयजल, चिकित्सा, मंच सज्जा व अतिथि स्वागत से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं उच्च स्तर की होनी चाहिए. एसएसपी ने पुलिस बल और ट्रैफिक अधिकारियों को निर्देश दिया कि समारोह के दिन ट्रैफिक व्यवस्था सुदृढ़ रहनी चाहिए. साथ ही आगंतुकों की सुविधा और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें. स्वतंत्रता दिवस पर गोल्फ ग्राउंड (रणधीर वर्मा स्टेडियम) में सुबह 9:00 बजे डीसी झंडोत्तोलन करेंगे. रिहर्सल परेड के मौके पर एसडीओ राजेश कुमार, डीएसपी हेडक्वार्टर-1 शंकर कामती, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह सहित जिला प्रशासन के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे.

### लातेहार डीसी व एसपी ने अंतिम रिहर्सल परेड का किया निरीक्षण



लातेहारः जिले में हर साल की तरह इस बार भी स्वतंत्रता दिवस उत्साह के साथ मनाया जाएगा. मुख्य समारोह लातेहार के खेल स्टेडियम में आयोजित किया जायेगा. इसकी तैयारी अंतिम दौर में है. डीसी उत्कर्ष गुप्ता व एसपी कुमार गौरव ने बुधवार को अंतिम रिहर्सल परेड का निरीक्षण किया. सार्जेंट मेजर व सार्जेंट ने रिहर्सल परेड का की अगुवाई की. डीसी ने मैदान को सुसज्जित करने, सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, पेयजल, अग्निशमन, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, विधि व्यवस्था समेत अन्य बिंदुओं पर जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए.

डीसी ने लोगों से राष्ट्रीय पर्व को उत्साह व शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की. कहा कि विधि व्यवस्था बनाए रखने में जिला प्रशासन का सहयोग करें. वहीं, एसपी कुमार गौरव ने परेड समेत अन्य तैयारियों को लेकर सभी प्लाटून को दिशा-निर्देश दिए. खेल स्टेडियम में 15 अगस्त को सुबह 09.05 बजे झंडोतोलन किया जायेगा. अंतिम रिहर्सल परेड के मौके पर डीडीसी सैयद रियाज अहमद, आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, अपर समाहर्ता रामा रविदास, लातेहार एसडीओ अजय कुमार रजक, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे.

### सोनारायठाडी में NSUI की बैठक, संगठन की मजबूती पर बल

देवघरः कांग्रेस के छात्र संगठन एनएसयूआई की बैठक देवघर जिले के सोनारायठाडी प्रखंड में हुई. बैठक में मुख्य रूप से एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष रवि वर्मा उपस्थित थे. उन्होंने प्रखंड में संगठन की मजबूती पर बल दिया और कार्यकर्ताओं को जरूरी दिशा-निर्देश दिए. उन्होंने बैठक में करीब दो दर्जन नए सदस्यों को अंगवस्त्र देकर संगठन में स्वागत किया. जिलाध्यक्ष रवि वर्मा ने कहा कि प्रखंड व पंचायत कमेटी के गठन व विस्तार को लेकर हमलोग यहां जुटे हैं. संगठन को मजबूत कर छात्रहित में कार्य करना है. ताकि छात्र-छात्राओं को पढ़ाई में किसी तरह की कठिनाई का सामना ना करना पड़े.

**उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, राँची।**
**(पर्यटन, कला–संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा)**
**Email - dsoranchigov@gmail.com**

**।। आम सूचना ।।**

**जिला के पूर्व खिलाड़ी/प्रशिक्षक को मासिक पेंशन की सूचना।**

एतद द्वारा जिला के खिलाड़ियों/प्रशिक्षकों एवं खेल संघ को सूचित किया जाता है कि निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची के पत्रांक–435 दिनांक–11.08.2025 के आलोक में विभागीय संकल्प संख्या–04 दिनांक–10.06.2022 द्वारा प्रकाशित झारखण्ड खेल नीति–2022 की कंडिका–7.4.4 में निहित प्रावधान के तहत राँची जिला के वैसे खिलाड़ी, जो वर्त्तमान में व्यवहारिक तौर पर खेल में नहीं है, को मासिक पेंशन का लाभ दिये जाने हेतु विहित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित की जाती है।

**आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि व समय** – 18.08.2025, शाम 5:00 बजे तक।
**आवेदन जमा करने का स्थान** – कार्यालय, जिला खेल पदाधिकारी, राँची विकास भवन (प्रथम तल), कचहरी रोड, राँची।

**नियम शर्तें:–**

1. राज्य के मेजर ध्यानचन्द खेल रत्न पुरस्कार प्राप्त खिलाड़ी, अर्जुन अवार्डी, द्रोणाचार्य आवार्डी, ध्यानचन्द आवार्डी, ओलम्पिक गेम्स/पैरालम्पिक गैम्स में पदक विजेता खिलाड़ी/ओलम्पिक में भाग लेने वाले खिलाड़ी, कॉमनवेल्थ खेल/एशियन गेम्स/विश्व कप/विश्व चैम्पियनशिप (दो वर्ष या इससे अधिक के अंतराल पर आयोजित)/पैरा एशियन/सैफ गेम्स/राष्ट्रीय खेल के पदक विजेता/ओलम्पिक गेम्स में शामिल खेल विधाओं में राष्ट्रीय खेल में भाग ले चुके वैसे खिलाड़ी, जो अब व्यवहारिक तौर पर खेल में नहीं है।
2. झारखण्ड राज्य के स्थायी निवासी हो एवं वह कम से कम 40 (चालीस) वर्ष की आयु का हो, (आयु सीमा में अधिकतम 10 वर्ष तक की छूट दी जा सकती है) बशर्त्ते खिलाड़ी अचानक किसी चोट या शारीरिक विकलांगता या गंभीर बीमारी के द्वारा अक्षम हो गया हो एवं इसके परिणामस्वरूप सक्रिय खेलों से समय से पहले दूर हो गया हो।
3. ऐसे पूर्व खिलाड़ी पेंशन के हकदार नहीं होंगे, जो भारत सरकार/राज्य सरकार/पी०एस०यू० आदि में स्थायी, संविदा अथवा अस्थायी रूप से कार्यरत हो।
4. **आवेदन प्रपत्र डाउनलोड करने का लिंक–** जिला के अधिकारिक वेबसाईट ranchi.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है।
5. निर्धारित तिथि के बाद किसी भी परिस्थिति में आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।
6. अधिक जानकारी हेतु जिला खेल समन्वयक के मो०–7717732382 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

विश्वासभाजन
ह०/
जिला खेल पदाधिकारी, राँची।

PR 359514 (Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs) 25-26 (D)

# रांची में स्वतंत्रता दिवस से पहले हुआ फुल ड्रेस रिहर्सल

## उपायुक्त और एसएसपी की देखरेख में हुई फुल ड्रेस रिहर्सल

**रांचीः** झारखंड की राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले मुख्य समारोह की तैयारियों के तहत बुधवार को फुल ड्रेस रिहर्सल संपन्न हुआ। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा की अगुवाई में आयोजित रिहर्सल में स्वतंत्रता दिवस के दिन होने वाली सभी औपचारिक गतिविधियों का सटीक अनुकरण किया गया। राज्य के राज्यपाल संतोष गंगवार 15 अगस्त को मोरहाबादी मैदान में तिरंगा फहराएंगे।

उपायुक्त और एसएसपी ने परेड की सलामी ली। आला अधिकारियों द्वारा सभी पार्टियों को परेड से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। समारोह की सुरक्षा एवं सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए प्रतिनियुक्त सभी दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की संयुक्त ब्रीफिंग भी की गई। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक मनोज कौशिक, उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा ने संयुक्तादेश के मुख्य बिंदुओं को विस्तार से समझाते हुए सभी पदाधिकारियों को समय पर अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर पहुंचकर सौंपे गए कार्य एवं दायित्व का निर्वहन करने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने कहा कि सभी अधिकारी अपने कार्य, दायित्व और प्रतिनियुक्ति स्थल की पूरी जानकारी रखें एवं मुख्य अतिथियों के आगमन और निर्गमन की व्यवस्था समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित करें।

एसएसपी ने सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष बल देते हुए निर्देश दिया कि समारोह में आने वाले सभी आगंतुकों की सघन जांच करें और कोई भी अवांछित व्यक्ति किसी आपत्तिजनक सामग्री के साथ समारोह स्थल में प्रवेश न करें इसका विशेष ध्यान रखें।





### स्वतंत्रता दिवस समारोह में ये प्लाटून होगी शामिल

| | |
|---|---|
| -सीआरपीएफ | - एक प्लाटून |
| -आईटीबीपी | - एक प्लाटून |
| -एसएसबी | - एक प्लाटून |
| -सीआईएसएफ | - एक प्लाटून |
| -झारखण्ड जगुआर | - एक प्लाटून |
| -जैप-1 | - एक प्लाटून एवं एक प्लाटून बैण्ड पार्टी |
| -जैप-2 | - एक प्लाटून |
| -जैप-10 | - एक प्लाटून एवं एक प्लाटून बैण्ड पार्टी |
| -रांची पुलिस (महिला) | - एक प्लाटून |
| -होमगार्ड | - एक प्लाटून एवं एक प्लाटून बैण्ड पार्टी |
| -एनसीसी एसआर | - एक प्लाटून (ब्वॉयज) |
| -एनसीसी | - एक प्लाटून (गर्ल्स) |
| -रांची पुलिस (पुरुष) | - एक प्लाटून |
| -बिहार पुलिस | - एक प्लाटून |

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर परेड का समादेशन सहायक पुलिस अधीक्षक श्रुति करेंगी। साथ ही दुसरुवान सिंह, परिक्ष्यमान पुलिस उपाधीक्षक, रांची परेड का द्वितीय समादेशन करेंगे।



## राज्यपाल को स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में किया गया आमंत्रित



**रांचीः** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से राजभवन में बुधवार को दक्षिणी छोटानागपुर के प्रमंडलीय आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र और रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने मुलाकात की। । इस दौरान दौरान प्रमंडलीय आयुक्त ने राज्यपाल को मोरहाबादी मैदान में आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पधारने के लिए आमंत्रित किया। उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, मंजूनाथ भजंत्री की ओर से स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों एवं कार्यक्रम की रूपरेखा से भी राज्यपाल को अवगत कराया गया।

# संक्षिप्त खबरें

## महानगर महिला मोर्चा ने निकाला तिरंगा यात्रा



**संवाददाता रांचीः** हर घर तिरंगा के तहत रांची महानगर महिला मोर्चा की ओर से तिरंगा यात्रा राजकीय कृत विद्यालय बूटी स्कूल से दुर्गा मंदिर तक निकला महानगर की महिला मोर्चा अध्यक्ष पायल सोनी ने बताया कि प्रदेश के निर्देशानुसार इस कार्यक्रम को हर घर तिरंगा के तहत किया जाना है एक भी ऐसा घर ना हो जिसमें हमारा यह तिरंगा झंडा हर घर में लगाने के संकल्प के साथ आज के कार्यक्रम में शामिल परदेस कार्य समिति सदस्य आदरणीय बड़े भाई के के गुप्ता जी पूर्व डिप्टी मेयर बड़े भाई संजीव विजयवर्गीय जी पूर्व उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह पटेल जी युवा मोर्चा उपाध्यक्ष कुंदन कुमार बरियातू मंडल अध्यक्ष रनधीर सिंह जी बरियातू मंडल उपाध्यक्ष सत्यम सत्यर्दशी की परदेस की पूर्व मंत्री बड़ी दीदी काजल प्रधान जी प्रदेश कार्य समिति सदस्य निशि जयसवाल जी महिला मोर्चा प्रदेश की हंसा श्रीवास्तव जी महानगर महिला मोर्चा उपाध्यक्ष ज्योति सिंन्हा जी महानगर महिला मोर्चा महामंत्री दिव्य साहू जी मंडल अध्यक्ष बबीता देवी जी महामंत्री लवली पाठक जी के साथ स्कूल के प्रिंसिपल तारा कुमारी टीचर सुषमा कुमारी अर्चना खलखो शिखा कुमारी मधु कुमारी एवं सारे स्टूडेंट सैकड़ो की संख्या में शामिल होकर इस भव्य कार्यक्रम को सफल बनाएं।

## डीएवी शिक्षा दीप स्कूल में मना अभिवावक दिवस



**संवाददाता रांचीः** डीएवी शिक्षा दीप स्कूल कमड़े मे प्राचार्य अनिल कुमार राय के निर्देशन मे अभिवावक दिवस मनाया गया। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन हुआ जिसमें डॉ.किरण राज(एमबीबीएस,ओबीएस ज्ञानकोलॉजिस्ट) भूतपूर्व मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सैनिक अस्पताल ने स्कूली बच्चों,अविभावक एवं अन्य जरूरतमंदों की निःशुल्क जांच के साथ खान पान रहन सहन की जानकारियां भी दी। मौके पर विशिष्ठ अतिथि के रूप मे लायंस क्लब ऑफ रांची हरिकनक ग्रेटर के पी.आर.ओ.शिव किशोर शर्मा, झारखंड मोटर ट्रेनिंग एंड इंजीनियरिंग स्कूल के निदेशक रोहिणी देव पौराणिक,कलावती कॉलेज ऑफ फार्मेसी की प्राचार्या प्रीति कुमारी,विश्वकर्मा युवा सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय मुख्य संयोजक संतोष कुमार श्रेयांश,देशबंधु आई. टी.आई.के प्राचार्य सतीश कुमार, गांधी इंस्टीट्यूट के निदेशक संतोष कुमार मौजूद थे। डॉ.किरण राज ने कहा स्वास्थ्य ही धन है।

## एक्सीलेंट पब्लिक स्कूल में लीगल अवेयरनेस प्रोग्राम




**संवाददाता रांचीः** अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस पर लायंस क्लब डिस्ट्रिक्ट 322 ए के डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन लायन प्रेमशंकर मिश्रा के आह्वान पर लायंस क्लब ऑफ रांची हरीकणक ग्रेटर के तत्वावधान मे फर्स्ट वाईस प्रेसिडेंट लायन विजय पाठक की अध्यक्षता में एक्सीलेंट पब्लिक स्कूल,सिमलिया,रांची में लीगल अवेयरनेस प्रोग्राम किया गया,जिसमे स्कूल के बच्चों को उनके कानूनी अधिकार,पोस्को एक्ट एवं जुबिनल एक्ट के बारे में अधिवक्ता लायन सोनाली भट्टाचार्य (झारखंड उच्च न्यायालय)द्वारा बिस्तार पूर्वक बताया गया साथ ही बच्चों के सभी प्रश्नों के उत्तर भी दिए गए। कार्यक्रम में मुख्यरूप से क्लब के पूर्व अध्यक्ष लायन राजेश केडिया,पी.आर.ओ.लायन शिव किशोर शर्मा,लायन पूजा बंका,लायन स्वप्ना चटर्जी सहित स्कूल के निदेशक कार्तिक विश्वकर्मा,दयानंद विश्वकर्मा,प्राचार्य शोभा देवी एवम् अन्य शिक्षकगण उपस्थित थे।यह जानकारी हरिकनक ग्रेटर क्लब के पी.आर.ओ शिव किशोर शर्मा ने दी है।

# पेज 1 का शेष

**गुरुजी को मिले भारत रत्न-मणि शंकरः** झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष मणि शंकर ने प्रधानमंत्री से आदिवासियों के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए दिशोम गुरु शिबू सोरेन को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न देने की मांग की है. इसके साथ ही झारखंड कैबिनेट तथा विधानसभा से पारित कर गुरुजी को भारत रत्न देने का प्रस्ताव केंद्र सरकार को अभिलंब भेजने का आग्रह किया.

**शिबू सोरेन का संघर्ष स्कूलों के पाठ्यक्रम में हो शामिल-मणि शंकरः** मणि शंकर ने कहा कि हेमंत सोरेन राजधर्म के साथ पुत्रधर्म का उत्कृष्ट उदाहरण पेश कर रहे हैं. झारखंडवासियों का दुःख-दर्द समझते हुए नेमरा गांव से ही जरूरी फाइलों का निबटारा रहे हैं. उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि विद्यालयों के पाठ्यक्रम में वीर शिबू सोरेन के संघर्ष एवं बलिदान की गाथा को शामिल किया जाए. प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता निरंजन शर्मा ने भी हेमंत सोरेन से मिलकर अपनी संवेदना प्रकट की.

## संयुक्त शिक्षक मोर्चा ने शिबू सोरेन को दी श्रद्धांजलि



**संवाददाता रांचीः** झारखण्ड प्रदेश संयुक्त शिक्षक मोर्चा में शामिल राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, झारखण्ड राज्य उर्दू शिक्षक संघ, झारखण्ड स्टेट प्राईमरी टीचर्स एसोसिएशन, झारखण्ड प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ एवं राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (+2 संवर्ग) के राज्य प्रतिनिधि दिशोम गुरू शिबू सोरेन के पैतृक गाँव नेमरा जाकर श्रद्धांजलि अर्पित किये। मोर्चा के प्रदेश संयोजक अमीन अहमद एवं प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार दास ने कहा कि गुरु जी का संपूर्ण जीवन झारखंड के आदिवासी - मुलवासी समाज, गरीब, वंचित, शोषित और पिछड़े वर्गों के अधिकारों की लड़ाई के लिए समर्पित रहा। उन्होंने झारखंड राज्य के निर्माण के आंदोलन में जो ऐतिहासिक भूमिका निभाई है उसे युग-युग तक याद किया जाएगा। उन्होंने अपनी पूरी जीवन झारखण्ड के निर्माण के लिए समर्पित कर एक ऐतिहासिक मिसाल कायम की। संयुक्त शिक्षक मोर्चा के शिष्टमंडल में प्रदेश संयोजक अमीन अहमद, विजय बहादुर सिंह, डॉ० सुधांशु कुमार, मंगलेश्वर उराँव, मो० फखरुद्दीन, प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार दास, आशुतोष कुमार, शहज़ाद अनवर आदि शामिल थे।

## रांची के एक बड़े होटल में रेड, जुआ खेलते रंगे हाथ पकड़े गए 10 सफेदपोश

**रांचीः** राजधानी रांची के चुटिया थाना क्षेत्र स्थित एक बड़े होटल में शहर के कई सफेदपोश जुआ खेलते रंगेहाथ पकड़े गए हैं. डीआईजी सह एसएसपी रांची चंदन कुमार सिन्हा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई है. रांची के कुछ सफेदपोश राजधानी के सबसे बड़े होटल में कमरे बुक कराकर जुए का धंधा चला रहे थे. सूचना मिलने के बाद रांची पुलिस ने अचानक होटल में छापेमारी की, जहां से 10 लोगों को हिरासत में लिया गया है. मौके से 3 लाख से अधिक की नकदी भी बरामद की गई है.



## हर घर तिरंगा अभियान में बढ़ चढ़कर भाग लें रांची के युवाः डॉ डी के सिंह



**रांचीः** विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत तिरंगा यात्रा एवं मानव श्रृंखला का आयोजन आर यू के कुलपति डॉ डी के सिंह की अध्यक्षता में बेसिक साइंस बिल्डिंग परिसर में किया गया। अपने संबोधन में कुलपति डॉ डी के सिंह ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान में युवा बढ़ चढ़कर हिस्सा लें एवं तिरंगा के आन बान शान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। उन्होंने कहा कि हमारा तिरंगा त्याग, तपस्या, बलिदान के साथ ही साथ आजादी में अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले अमर शहीदों को स्मरण करने का नाम है । उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि देश की आजादी का जश्न मनाते हुए हमें अपने कर्तव्यों का अक्षरशः पालन करना है एवं देश की अखंडता, संप्रभुता को अक्षुण्ण रखते हुए विकसित भारत @2047 के सपनों को साकार करना है।

कुलपति डॉ डी के सिंह, डी एस डब्ल्यू डॉ सुदेश कुमार साहू, कुलानुशासक डॉ मुकुंद चंद्र मेहता, सी सी डी सी डी पी के झा, कुलसचिव डॉ जी सी साहू, एन एस एस कार्यक्रम समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार ने तिरंगा लहराकर तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया।

तिरंगा यात्रा बेसिक साइंस बिल्डिंग परिसर से निकलकर केंद्रीय पुस्तकालय, राजकीय अतिथिशाला, नीलांबर पीताम्बर पार्क, मान्या पैलेस होते हुए पुनः बेसिक साइंस बिल्डिंग परिसर में समाप्त हुई। यात्रा के दौरान एन एस एस के स्वयंसेवकों " हर मन तिरंगा _ हर घर तिरंगा", आर यू ने ठाना है _ हर घर तिरंगा लगाना है, भारत माता की जय आदि नारे लगा रहे थे। रैली के उपरांत बेसिक साइंस बिल्डिंग परिसर के बाहर डी एस डब्ल्यू की अध्यक्षता में मानव श्रृंखला बनाई गई। मानव श्रृंखला के दौरान छात्र _छात्राएं देश की अखंडता को अक्षुण्ण रखेंगे, देश के दुश्मनों को जवाब देंगे, रांची विश्वविद्यालय के सभी विद्यार्थी एक है आदि नारे लगा रहें थे।

कार्यक्रम में एन एस एस के कार्यक्रम पदाधिकारी क्रमशः डॉ भारती द्विवेदी, डॉ चंचल लकड़ा, डॉ भारती सिंह, डॉ चूमकी रॉय, डॉ पुनम कुल्लू, डॉ समीर चौधरी एवं एन एस एस के टीम लीडर्स और 300 से ज्यादा छात्र छात्राएं शामिल हुई।

## जे पी पांडेय ने अपने आवास पर फहराया राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा



**रांचीः** भाजपा किसान मोर्चा झारखंड प्रदेश के नेता सह अखिल भारतीय गौ रक्षा महासंघ के अध्यक्ष जय प्रकाश पांडेय भारत के यशस्वी प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर अपने आवास भुरकुंडा,रामगढ़ में राष्ट्र का सम्मान राष्ट्रीय ध्वज को फहराते हुए राष्ट्र के मान सम्मान की रक्षा के लिए देश के सभी नगरिकों से अपने अपने घरों में तिरंगा ध्वज फहराने का आह्वान करते हुए कहा कि इसी राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान के खातिर लाखों शहीदों ने अपने आप को शहीद किया कई वीर जवानों ने अपने प्राणों की आहुति दी और राष्ट्र रक्षा के लिए आज भी आहुति दे रहे है,आने वाला 15 अगस्त आजादी के अमृत काल में मनाया जा रहा है,हम दुश्मन देशों से घिरे हुए है और उनकी मानसा भी भारत के प्रति ठीक नहीं लगती है,ऐसे स्थिति में अपने राष्ट्रीय ध्वज की रक्षा के लिए 13 अगस्त से 15 अगस्त तक अपने अपने घरों, सरकारी संस्थानों और चौक चौराहों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर अपने राष्ट्रीय एकता को प्रदर्शित करे।

## श्री श्री विश्वविद्यालय में एंटी-रैगिंग सप्ताह

## सुरक्षित और सम्मानजनक कैंपस संस्कृति की संदेश



**संवाददाता रांचीः** ओड़िशा के कटकस्थित श्री श्री विश्वविद्यालय में मंगलबार को एंटी-रैगिंग सप्ताह का शुभारंभ हुआ। सप्ताहव्यापी चलनेवाला इस कार्यक्रम में विभिन्न संकायों के 150 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, साथ ही विशिष्ट अतिथिगण एवं संकाय सदस्य भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत छात्रों एवं अतिथियों के औपचारिक स्वागत से हुई, जिसका संचालन रोवर एवं रेंजर यूनिट, एनएसएस यूनिट और एनसीसी यूनिट ने संयुक्त रूप से किया। रैगिंग को लेकर श्री श्री विश्वविद्यालय की शून्य सहनशीलता नीति कैसे आज भी कठोरतापूर्वक पालन किया जाता है, पुरातन और नवागन्तुक वीद्यार्थीओं को यह वात स्मरण कराया गया।

छात्र कल्याण डीन प्रो. जे. पी. भट्ट ने स्वागत भाषण देते हुए पूरे सप्ताह को गरिमा और पारस्परिक सम्मान की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए समर्पित बताया। एंटी-रैगिंग समिति की प्रतिनिधि सुश्री रूपाली नायक ने रोकथाम के उपायों और सुरक्षित परिसर वातावरण बनाए रखने में सभी की सामूहिक जिम्मेदारी पर प्रकाश डाला। इसके बाद एंटी-रैगिंग कानूनों और विश्वविद्यालय की व्यवस्थाओं समेत रैगिंग को लेकर विश्वविद्यालय की शून्य सहनशीलता नीति के उपर एक विस्तृत सुचना दी गई । एनएसएस सदस्य रितेश कुमार नायक ने जागरूकता पर सम्यक सुचना दिया। रोवर एवं रेंजर यूनिट की सुश्री प्रियंका परीजा के नेतृत्व में सम्मानजनक कैंपस संस्कृति की शपथ दिलाई गई, जिसमें सभी उपस्थित लोगों ने सामूहिक रूप से सौहार्द बनाए रखने का संकल्प लिया। एनसीसी यूनिट की एएनओ डॉ. नेहा एवं एनएसएस यूनिट के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अंबिका प्रसाद मिश्र भी इस पहल को अपना समर्थन दिया।

# 48वीं सीनियर राष्ट्रीय थ्रोबॉल प्रतियोगिता की तैयारियां पूरी




**संवाददाता रांचीः** 48वीं सीनियर राष्ट्रीय थ्रोबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 16 से 18 अगस्त 2025 तक खेलगांव स्थित हरिवंश टाना भगत इनडोर स्टेडियम, रांची में किया जाएगा। इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की 25 टीमों की भागीदारी की आधिकारिक पुष्टि हो चुकी है। उक्त जानकारी झारखंड राज्य थ्रोबॉल संघ के द्वारा आज आहूत प्रेस वार्ता के दौरान दी गई जिसमें संघ के अध्यक्ष डॉ. राजेश गुप्ता, सचिव नगीना कुमार, आयोजन अध्यक्ष वेदांत कौस्तव, आयोजन सचिव जमील अंसारी तथा संघ की उपाध्यक्ष विजेता वर्मा ने प्रेस बंधुओं को संबोधित किया। प्रेस वार्ता के दौरान बताया गया कि थ्रोबॉल खेल के क्षेत्र में झारखंड को सबसे सफल आयोजक के रूप में स्थापित करने की है तैयारी है, 2022 में 32वीं जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता का सफल एवं ऐतिहासिक आयोजन कर चुका है झारखंड राज्य थ्रोबॉल संघ। इस बार मिली 48वीं सीनियर राष्ट्रीय थ्रोबॉल प्रतियोगिता के मेजबानी को झारखंड राज्य थ्रोबॉल संघ, झारखंड में स्थापित उपक्रम — सीसीएल, एनटीपीसी, गेल, सीएमपीडीआई, बीसीसीएल, जिंदल माइनिंग — के साझा सहयोग से सफल बनाने जा रहा है।

प्रतियोगिता में 25 राज्यों/ केंद्र शासित प्रदेशों के टीमों के शामिल होने की पुष्टि हो गई है जिसमें 1. आंध्र प्रदेश, 2. अरुणाचल प्रदेश, 3. असम, 4. बिहार, 5. चंडीगढ़, 6. छत्तीसगढ़, 7. दिल्ली, 8. गुजरात, 9. हरियाणा, 10. हिमाचल प्रदेश, 11. जम्मू-कश्मीर, 12. झारखंड, 13. कर्नाटक, 14. केरल, 15. मध्य प्रदेश, 16. महाराष्ट्र, 17. मुंबई, 18. ओडिशा, 19. पुडुचेरी, 20. पंजाब, 21. राजस्थान, 22. तमिलनाडु, 23. तेलंगाना, 24. उत्तर प्रदेश, 25. पश्चिम बंगाल शामिल है।

प्रेस वार्ता के दौरान झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करने हेतु चयनित खिलाड़ी की घोषणा की गई जिसमें पुरुष टीम में क्रमशः 1. राकेश कुमार (कप्तान), 2. सुनील कुमार, 3. अमरदीप कुमार, 4. शाहिल लोहरा, 5. सुमित कुमार, 6. मोहम्मद रेहान, 7. संजू महली, 8. राहुल कुमार, 9. सूरज कुमार, 10. अंशुमान कुमार, 11. बादशाह, 12. पवन लोहरा, 13. सुनील कुमार, 14. राज लोहरा, 15. करण लोहरा, कोचः संतोष कुमार, स्टैंडबायः मनीष शर्मा, आकाश महतो, राहुल थापा एवं महिला टीम में क्रमशः 1. जेबा परवीन (कप्तान), 2. अरुणा यादव, 3. अन्नु यादव, 4. तमन्ना परवीन, 5. सरस्वती उरांव, 6. वर्षा कुमारी, 7. निशा कुमारी, 8. कौशल्या कुमारी, 9. जीना कुमारी, 10. परमिला सोरेन, 11. मिलिता टुडू, 12. सुनीता सोरेन, 13. चुरमानी टुडू, 14. ललिता बास्के, 15. पूर्णिमा मुर्मू, कोचः मंजू कुमारी, स्टैंडबायः पूजा कुमारी, मलावती टुडू, सबीता कुमारी शामिल हैं।

## श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में भव्य आयोजन



**रांचीः** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित रांची के पुंदाग स्थित श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर मे 16 अगस्त को श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पावन पर्व अत्यंत धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में भागीदारी की उम्मीद है। ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि मंदिर को विशेष रूप से रंग-बिरंगी विद्युत रोशनियों, फूलों और पारंपरिक सजावट से सुसज्जित किया जा रहा है। जन्माष्टमी की पूर्व संध्या से ही भजन-कीर्तन, संकीर्तन और प्रभु श्रीकृष्ण के बाल लीलाओं का गुणगान आरंभ हो जाएगा, जो रातभर चलेगा। भक्तों द्वारा झूले में विराजमान बाल गोपाल को झुलाया जाएगा, जिसे "झूलन महोत्सव" के रूप में मनाया जाएगा। रात्रि 12 बजे श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की आरती की जाएगी और ठाकुर जी को छप्पन भोग अर्पित किया जाएगा। इसके उपरांत प्रसाद वितरण होगा।

## संक्षिप्त खबरें...

## बरकट्ठा थाना पुलिस ने अवैध गिट्टी छर्री लदा हाइवा गाड़ी को पकड़ा



बरकट्ठा(हज़ारीबाग)। बरकट्ठा थाना पुलिस ने अवैध गिट्टी छर्री लदा हाइवा गाड़ी को पकड़ा है।बरकट्ठा थाना पुलिस ने मिली सूचना पर मंगलवार 12 अगस्त की रात को कार्रवाई किया। पुलिस ने ग्राम कोषमा महावर मोड़ के समीप से नवादा बिहार जा रही हाइवा गाड़ी नंबर बीआर 27 जीए 0037 को पकड़ा है।जिसमें एक हजार सीएफटी गिट्टी छर्री को लादकर कर ले जाया जा रहा था। पुलिस के द्वारा जांच में बिना चालान का गिट्टी छर्री लदा पाया गया। पुलिस ने मौके पर गाड़ी के चालक ग्राम अकबर डीह नवादा बिहार निवासी शंकर कुमार यादव पिता राजेंद्र यादव को गिरफ्तार किया। इस बाबत बरकट्ठा थाना में कांड संख्या 87/25 के तहत मामला दर्ज कर चालक को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## ओरमांझी में तिरंगा यात्रा निकाल वीर सैनीको का हौसला बढ़ाया गया



### संविधान एवं तिरंगा का सम्मान करना चाहिएः आदित्य प्रसाद

ओरमांझी(मोहसीन)ःअमृत महोत्सव पर देश के सेना के सम्मान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत बुधवार को ब्लॉक चौक से शंकर चौक ओरमांझी तक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस तिरंगा यात्रा में ओरमांझी प्रखण्ड के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं, शिक्षण संस्थान, सामाजिक संगठन , राजनीतिक पार्टी के कार्यकर्ता, एवं हजारों देशभक्त शामिल हुए। इस तिरंगा यात्रा के दौरान हर गली और चौक चौराहे पर तिरंगे के रंग में रंग गया और देशभक्ति के नारों से गूंज उठा।इस अवसर पर राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू ने कहा की देश के जवान सुरक्षा में दिन रात बॉडर पर सेवा देते रहते हैं तब हम चैन कि नींद सोते हैं। ऑपरेशन सिंदूर में देश के तीनों सेनाओं ने दुश्मनों के घर में घुस कर मारने का कार्य किया। इनके वीर शहीदों के सम्मान में घर घर तिरंगा/तिरंगा यात्रा कर उनका हौसला पूरे देश में बढ़ाने का कार्य किया जा रहा। सभी को संविधान एवं तिरंगा का सम्मान करना चाहिए।वहीं इस अवसर पर रांची के पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने कहा की तिरंगा हमारा आन बान शान है.इसका सम्मान करना हर भारतीय का कर्तव्य है,प्रभारी पूर्व विधायक रामकुमार पाहन,अमर नाथ चौधरी,पूर्व जिला अध्यक्ष रंधीर चौधरी, मानकी राजेन्द्र साही,दिलीप मेहता,शशि मेहता,अलखनाथ महतो,राजधाम साहू, शशि भूषण साहू,राजेश गुप्ता,दीपक बड़ाइक धनराज बेदिया,बालक महतो, अमित राज,निलमोहन पाहन,ललिता मेहता,किरण देवी,ममता देवी,रोहित साहू,लक्ष्मण साहू,भीम मुंडा,राजकिशोर साहू,संतोष गुप्ता,राजेंद्र चौधरी,शंकर महतो,अर्जुन सिंह,कुलदीप साहू, रामलखन महतो,दीपक यादव,समेत हजारों छात्र छात्रा एवं शिक्षक शिक्षाएं बुद्धि जीवीगण उपस्थित रहे।

## मोहनपुर में मामूली विवाद में बुजुर्ग की पीट-पीटकर हत्या

देवघरः देवघर जिले के मोहनपुर थाना क्षेत्र में बुधवार को मामूली बात पर हुए विवाद में एक बुजुर्ग की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई. घटना मोहनपुर थाना क्षेत्र के पत्थर चपटी गांव की है. सड़क के पानी की निकासी को लेकर हुई मारपीट में गांव के मोहम्मद मियां (65 वर्ष) मौत हो गयी. गांव के तीन लोगों ने घटना को अंजाम दिया है.पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई है. मृतक के पुत्र नौशाद अंसारी ने बताया कि सड़क का पानी निकालने को लेकर पिछले तीन दिनों से गांव के ही शमसुद्दीन अंसारी, सलीम अंसारी व बहरूदीन अंसारी से विवाद चल रहा था. बुधवार को उसके पिता मोहम्मद मियां घर से कुछ ही दूरी पर खड़े थे. शमसुद्दीन अंसारी, सलीम अंसारी व बहरूदीन अंसारी ने उन्हें अकेला पाकर पकड़ लिया और लात-मुक्का से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया. नौशाद ने बताया कि मारपीट की सूचना मिलते ही वह और परिवार के अन्य सदस्य मौके पर पहुंचे, तो देखा कि पिता जमीन पर गिरे हुए हैं. आनन-फानन में उन्हें घर लाकर पानी पिलाया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी. सूचना पाकर मोहनपुर थाना पुलिस पहुंची और जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए देवघर सदर अस्पताल भेज दिया.

## विभिन्न जन समस्याओं को लेकर भाजपा नेता सहित अन्य ने बीसीसीएल सीएमडी से मुलाकात की

राजगंज, (धनबाद ), बीसीसीएल सीएमडी समीरन दत्ता से मुलाकात कर राजगंज मंडल के विभिन्न कोलियरी क्षेत्रों की समस्याओं सड़क,पानी, बिजली की समस्या लो वोल्टेज एवं एरिया चार एवं पांच के अंतर्गत धूलकण डष्ट से लोग अनेक तरह की बीमारियां से परेशान हैं। रोजगार, स्वास्थ्य व्यवस्था इत्यादि को लेकर बात किया। एवं धनबाद रेल मण्डल के डीआरएम अखिलेश मिश्रा से उनके कार्यालय में मुलाकात कर क्षेत्र के रेलवे से सम्बंधित विषयों पर सकारात्मक चर्चा किया। मौके पर भाजपा नेता विक्रम पाण्डेय, राजगंज मंडल अध्यक्ष रंजीत सिंह, विश्वनाथ शर्मा, दिलीप गोस्वामी,अजय साहनी, आदि उपस्थित थे।

## उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में समन्वय समिति की बैठक आयोजित

दुमकाःउपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में बुधवार को समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की गई और आपसी समन्वय के माध्यम से योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन पर जोर दिया गया।बैठक में उपायुक्त ने कहा कि जनहित से जुड़ी सभी योजनाओं और कार्यक्रमों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करना हमारी प्राथमिकता है। विभागों के बीच समन्वय और पारदर्शिता से ही बेहतर परिणाम संभव हैं।उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि विकास योजनाओं, जनसुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्थाओं और विशेष अभियानों की प्रगति नियमित रूप से रिपोर्ट करें। साथ ही, आपसी संवाद और समस्या समाधान को प्राथमिकता देते हुए कार्य करें। बैठक में सरकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार और जनता की शिकायतों के त्वरित निपटारे पर भी चर्चा करते हुए संबंधित को निर्देश दिया गया।इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, सहायक समाहर्ता, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला स्तरीय विभागाध्यक्ष एवं अन्य समिति सदस्य उपस्थित थे।

## बोकारो में स्वतंत्रता दिवस की तैयारी पूरी

### बोकारो : डीसी-एसपी ने किया परेड का अंतिम निरीक्षण, बारिश को देखते हुए विशेष इंतजाम

बोकारो में 79वें स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियां पूर्ण हो गई हैं। सेक्टर-12 स्थित पुलिस लाइन मैदान में बुधवार को परेड का अंतिम पूर्वाभ्यास संपन्न हुआ। डीसी अजय नाथ झा और एसपी हरविंदर सिंह ने परेड का निरीक्षण कर तिरंगे को सलामी दी।
परेड में कुल नौ प्लाटून ने हिस्सा लिया। इनमें सीआरपीएफ, सीआइएसएफ, जिला सशस्त्र बल, गृह रक्षक बल, चौकीदार बल, एनसीसी और विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं शामिल थे। सभी दलों ने निर्धारित समय पर अभ्यास पूरा किया।



### मुख्य समारोह स्थल को आकर्षक तरीके से सजाया गया है

बारिश की संभावना को देखते हुए डीसी ने विशेष इंतजाम के निर्देश दिए हैं। मुख्य समारोह स्थल को आकर्षक तरीके से सजाया गया है। सभी प्रवेश द्वारों पर दंडाधिकारी, पुलिस अधिकारी और जवान तैनात रहेंगे।
कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, डीपीएलआर मेनका, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, एसडीओ चास प्रांजल ढ़ांडा समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों की समीक्षा से स्पष्ट है कि जिले का मुख्य समारोह पूरी गरिमा और अनुशासन के साथ संपन्न होगा।

## एमजीएम अस्पताल में खुला ऑडियोलॉजी सेंटर, कान की होगी जांच



जमशेदपुर : एमजीएम अस्पताल, जमशेदपुर के ईएनटी डिपार्टमेंट में एक ऑडियोलॉजी सेंटर खोला गया है. यहां कान के मरीजों की सुनने की क्षमता की जांच (ऑडियोमेट्री टेस्ट) होगी. ज्ञात हो कि उम्र बढ़ने के साथ ही लोगों की सुनने की क्षमता कम होने लगती है. यानी कम सुनाई देने लगता है. मरीजों के बेहतर इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल प्रबंधन ने यह सेंटर खोला है. अस्पताल के इएनटी विभाग के डॉ रोहित झा ने बताया कि सेंटर में दो मशीनें स्थापित की गई हैं, जिनसे लोगों के सुनने की क्षमता की जांच होगी. यह मशीन मरीज की सुनने की क्षमता मापती है. इस सेंटर में मरीजों की मुफ्त जांच होगी, जबकि बाहर में जांच का शुल्क करीब 1000 रुपये है.
उन्होंने बताया कि जब हमारे कानों की नसें ध्वनि तरंगों से उत्तेजित होती हैं, तो ध्वनि मस्तिष्क तक जाती है. यह मशीन बुनियादी श्रवण प्रणाली बनाती है. ऑडियोमेट्री परीक्षण में मशीन सुनने की क्षमता का मूल्यांकन करती है. 50 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों में सुनने की क्षमता में कमी देखी जाती है. वैसे, युवाओं और किशोरों में भी कम सुनने की समस्या बढ़ रही है. उन लोगों के लिए श्रवण संबंधी विसंगतियों का शीघ्र पता लगाने में ऑडियोमेट्री स्क्रीनिंग फायदेमंद होगी.

## भाजपा ने चितरपुर में निकाली तिरंगा यात्रा, गूंजे देश भक्ति के नारे

रामगढ़ः भाजपा चितरपुर मंडल ने स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली. मंडल अध्यक्ष गणेश प्रसाद स्वर्णकार के नेतृत्व में यह पदयात्रा चितरपुर बाजार टांड़ से शुरू होकर रजरप्पा मोड़ तक गई. कार्यकर्ता हाथों में तिरंगा लहराते हुए देश भक्ति के नारे लगाते चल रहे थे. तिरंगा यात्रा का उद्देश्य स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को स्मरण करना और लोगों में एकता, भाईचारा व राष्ट्र के प्रति सम्मान की भावना को प्रबल बनाना था. जगह-जगह लोगों ने यात्रा का स्वागत किया और तिरंगा लहराकर देशभक्ति का संदेश दिया.
तिरंगा यात्रा में पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी, पीयूष तिवारी, रमेश प्रसाद वर्मा, प्रेतनाथ सिंह,



अर्जुन कुमार वर्मा, निरंजन कुमार, बिनोद बिहारी चौधरी, महेंद्र राम, अजय दांगी, मुकेश सिंह, मदन साव, लक्ष्मण महतो, ज्ञानचंद महतो, मिथलेश तिवारी, नंदू पांडेय, मुकेश यादव, मूंगालाल महतो, बैजनाथ प्रसाद, जगलू महतो, दीपक दांगी, देवधारी करमाली, हितेश पटेल, शैलेष राम, दिगंबर चौधरी, हमला महतो, जयंती पोद्दार, सुबिन तिवारी, रामप्रसाद राम, कृष्ण प्रसाद, खेदन प्रसाद, प्रयाग साव, महेंद्र महतो, किशोर महतो सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व स्थानीय लोग शामिल हुए.

## नगड़ी में 24 अगस्त को होगा 'हल जोतो, रोपा रोपो' कार्यक्रम

**रांची**ः नगड़ी जमीन बचाओ संघर्ष समिति ने 24 अगस्त को सुबह 11 बजे नगड़ी मौजा में 'हल जोतो',' रोपा रोपो' कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया. बुधवार को प्रेस क्लब में मिडिया को यह जानकारी दी.
सम्मेलन में समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि यह आंदोलन किसानों के पक्ष के लिए होगा. कृषि योग्य भूमि को बचाने के लिए है, जिसमें नगड़ी के ग्रामीण भी सहयोग करेंगे.
समिति ने रिम्स-2 निर्माण प्रस्ताव को किसानों के हित में तत्काल रद्द करने की मांग की गई. आरोप लगाया कि भूमि अधिग्रहण कानून 2013 की धारा 24(2), पेसा कानून और छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम का उल्लंघन बताया है. कृषि योग्य भूमि हड़पी जा रही है.



उनका कहना है कि रांची जिला के आसपास ग्रामीणों की जीविका का एकमात्र साधन खेती है, जिसे किसी भी कीमत पर छीना नहीं जा सकता. समिति ने बताया कि 15 जुलाई 2012 को तत्कालीन स्टीयरिंग कमेटी अध्यक्ष व दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने भी नगड़ी में जनसभा आयोजित की थी. इस सभा में कहा था कि कृषि योग्य भूमि किसी भी कीमत पर लूटने नहीं दी जाएगी.
इसी संघर्ष को आगे बढ़ाने के लिए सभी सामाजिक, धार्मिक और जन संगठनों समेत पक्ष-विपक्ष के लोग जमीन पर हल चलाने उतरेंगे. आदिवासी विधायकों को इस आंदोलन में शामिल होने का न्योता दिया गया है. मौके पर विकास टोप्पो, सीता कच्छप, नंदी कच्छप समेत अन्य शामिल थे.

## मंदिर में दान पेटी से रुपए और आभूषण चोरी, CCTV में कैद हुई वारदात

पाकुड़ः पाकुड़ नगर थाना क्षेत्र के बिरसा चौक स्थित हनुमान मंदिर में चोरी की वारदात सामने आई है। बुधवार सुबह सफाईकर्मी ने मंदिर पहुंचकर मुख्य द्वार का ताला टूटा देखा और स्थानीय लोगों को सूचित किया।
मंदिर समिति के सदस्य पंकज साहा, अमन भगत और राजा साहा ने बताया कि चोरों ने रात में मंदिर का मुख्य दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया। दान पेटी का ताला तोड़कर एक साल से जमा राशि के साथ कुछ आभूषण भी चुरा लिए गए।

### महाप्रसाद वितरण में करीब 300-400 लोग मौजूद थे

समिति के अध्यक्ष टुनटुन भगत ने बताया कि मंगलवार की देर शाम मंदिर में एक जन्मोत्सव कार्यक्रम था। इस दौरान महाप्रसाद वितरण में करीब 300-400 लोग मौजूद थे। स्थानीय लोगों का कहना है कि मंदिर के पीछे कुछ लोग अक्सर नशा करते हैं। संभवतः इन्हीं द्वारा चोरी की गई हो।
नगर थाना प्रभारी बबलू कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने मंदिर परिसर का निरीक्षण किया और समिति सदस्यों से जानकारी ली। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही चोरी का खुलासा किया जाएगा। मंदिर के पास लगे सीसीटीवी में चोरी की घटना कैद हुई है। पुलिस फुटेज के आधार पर जांच कर रही है।

## धनबाद के पुराना बाजार में चेकपोस्ट विवादःटोटो स्टैंड पर बने नए चेकपोस्ट को लेकर दो व्यापारिक संगठन आमने-सामने

धनबादः धनबाद के पुराना बाजार स्थित टोटो स्टैंड पर नए चेकपोस्ट को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। बुधवार को पुराना बाजार चेंबर ऑफ कॉमर्स और चेंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाजार के बीच तनाव की स्थिति बन गई।
पुराना बाजार चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष अजय लाल ने चेकपोस्ट का विरोध किया। उनका कहना है कि इससे व्यापारियों और आम जनता को परेशानी होगी। उन्होंने बताया कि इस स्थान पर 15 अगस्त और रामनवमी जैसे त्योहारों पर मंच लगाया जाता है। चेकपोस्ट बनने से अब यह संभव नहीं होगा।



दूसरी ओर, चेंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाजार के अध्यक्ष सोहेब खान ने चेकपोस्ट का समर्थन किया। उनका मानना है कि इससे टोटो संचालन में व्यवस्था आएगी। बुधवार को एसएसपी और यातायात डीएसपी द्वारा चेकपोस्ट का उद्घाटन होना था। लेकिन विरोध के कारण कार्यक्रम स्थगित करना पड़ा।
विवाद बढ़ने पर बैंक मोड़ थाना प्रभारी प्रवीण कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्थिति को नियंत्रित किया। अजय लाल ने स्टेशन रोड पर चेकपोस्ट बनाने की मांग की। उनका कहना है कि वहां छिनतई, चोरी और हत्या जैसी घटनाएं होती हैं।

## स्व०. पुना महतो मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल संपन्न, जियान स्पोर्टिंग क्लब धनबाद विजेता

धनबादः स्व. पुना महतो मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का बहुप्रतीक्षित फाइनल मुकाबला जियान स्पोर्टिंग क्लब धनबाद और संघर्ष क्लब कच्छीबलिहारी के बीच खेला गया। पहले हाफ में दोनों टीमें जोरदार संघर्ष के बावजूद 0-0 की बराबरी पर रहीं। दूसरे हाफ में जियान स्पोर्टिंग क्लब ने शानदार गोल दागकर 1-0 की बढ़त बनाई और अंत तक इसे कायम रखते हुए विजेता बने।
कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में धनबाद के सांसद, ढुल्लु महतो उपस्थित रहे। विशेष रूप से खुशवंत कुमार और प्रशांत राज ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। मुकाबले के संचालन में रेफरी की भूमिका प्रदीप नियोगी, सुधन



लाल, प्रकाश महतो, जेवीएल टुडू और तापस बध्याकार ने निभाई। समिति की ओर से अजय गोराई, राजेश तुरी, सुबोध, गुड्डू, अमान, मिंटु राउत और काजल पाल की सक्रिय उपस्थिति रही। विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## दाखिल-खारिज व भूमि सीमांकन के काम समय पर पूरा करेंः लातेहार डीसी

लातेहारः लातेहार डीसी उत्कर्ष गुप्ता ने बुधवार को समाहरणालय सभागार में राजस्व विभाग से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक की. उन्होंने नगर पंचायत क्षेत्र व जिले के सभी अंचलों में निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध अब तक हुई राजस्व वसूली की समीक्षा की. अधिकारियों को काम में तेजी लाते हुए वित्तीय वर्ष मे तय लक्ष्य के बाकी काम जल्द पूरा करने का निर्देश दिया. साथ ही सभी सीओ को दाखिल-खारिज व भूमि सीमांकन के काम समय पर पूरा करने को कहा. डीसी ने अधिकारियों से कहा कि आपसी समन्वय बनाकर राजस्व वसूली का शेष लक्ष्य पूरा करें. राजस्व संग्रहण की धीमी गति वाले विभागों को काम में सुधार लाकर लक्ष्य को समय पर पूरा करने का निर्देश दिया.
बैठक में डीसी ने भू-लगान, निबंधन, दाखिल-खारीज, सक्सेसन म्यूटेशन, पार्टीशन म्यूटेशन व भूमि-सीमांकन की




समीक्षा की. सभी अंचालाधिकारियों को दाखिल-खारीज से सम्बंधित आवेदनों का समय पर निष्पादन करने का निर्देश दिया. बैठक में अपर समाहर्ता रामा रविदास, डीटीओ उमेश मंडल, एसडीओ अजय कुमार रजक, नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी राजीव रंजन, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन सहित सभी सीओ व अन्यड अधिकारी उपस्थित थे.

## इस्कॉन कुसुम विहार के द्वारा मनाया जा रहा है श्री वृंदावन महामहोत्सव

धनबादः इस्कॉन कुसुम विहार के द्वारा 14 अगस्त से 16 अगस्त तक संध्या 4 बजे से कम्यूनिटी हॉल कोयलानगर में श्री वृंदावन महोत्सव मनाया जा रहा है। इस्कॉन कुसुम विहार प्रबंधक सुंदर गोविंद प्रभु जी ने बताया कि इस वर्ष नरसी मेहता कथा का आयोजन किया गया है। तीन दिन के उत्सव में प्रथम दिन कथा कीर्तन, दूसरे दिन अधिवास, कथा एवं कीर्तन और तीसरे दिन अर्थात जन्माष्टमी के दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम, नरसी मेहता लीला पर विशेष नाटिका, अभिषेक भोग का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव के तीनों दिन भक्तों के मध्य महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। सुंदर प्रभु ने बताया कि श्री जगन्नाथ रथ यात्रा के पश्चात से ही आश्रम से जुड़े भक्त जन्माष्टमी महोत्सव की तैयारी में लग गए थे और जन्माष्टमी महोत्सव को भव्य बनाने के लिए अपना योगदान दे रहे है।जन्माष्टमी महोत्सव में सम्मिलित होने के लिए दिल्ली, गुजरात कोलकाता और अन्य स्थानों से सीनियर भक्त आ चुके है और धनबाद के भक्तों के साथ जन्माष्टमी महोत्सव की तैयारी में भाग ले रहे है।



बिहार सरकार

**न्यायालय, अपर जिला दण्डाधिकारी**
**विधि व्यवस्था, गया**
**प्रेस विज्ञप्ति**
**अति अल्पकालीन सूचना**
**उत्पाद अधिहरण वाद : नोटिस बनाम**

बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम, 2016 के प्रावधानों के तहत् जब्त वाहनों के विरूद्ध जिला दण्डाधिकारी, गया के आदेशानुसार अधोहस्ताक्षरी न्यायालय में चल रहे अधोलिखित उत्पाद अधिहरण वादों में संबंधित वाहन मालिकों के लिये आवश्यक सूचना :–

| क्र0 | उत्पाद अधिहरण वाद सं0/वर्ष | संबंधित थाना कांड सं0/उत्पाद वाद सं0/दिनांक | जब्त वाहन का विवरण | जब्त वाहन के मालिक का नाम/पता | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 55/2024 बिहार सरकार बनाम अज्ञात | उत्पाद वाद सं0–15/24(शेरघाटी) दिनांक–13.01.2024 | टेम्पु पंजीकरण संख्या अज्ञात इंजन नं0.– R3E22706 चेचीस नं0– अज्ञात | अज्ञात | |
| 2 | 08/2025 बिहार सरकार बनाम अजय कुमार | उत्पाद वाद सं0–1050/24(सदर) दिनांक–07.10.2024 | टाटा ACE मैजीक पंजीकरण संख्या- BR02GD-4092, इंजन नं0. –700CCD104DVXS44805, चेचीस नं0–MAT559033RVD19764 | अजय कुमार, पिता–महेन्द्र साव, पता–मानीकपुर, पो0–मानिकपुर, थाना–कुरथा, जिला–अरवल, बिहार। पिन कोड–804421 | |
| 3 | 20/2025 बिहार सरकार बनाम अज्ञात | उत्पाद वाद सं0–222/24 (शेरघाटी) दिनांक–21.11.2024 | टोटो सवारी पंजीकरण संख्या–अस्पष्ट इंजन नं0.– ALTM1000W347 चेचीस नं0– MD9AEVHE4ME422347 | अज्ञात | |
| 4 | 24/2025 बिहार सरकार बनाम श्याम सुन्दर साहु | उत्पाद वाद सं0–83/24 (शेरघाटी) दिनांक–14.05.2024 | मोटरसाईकिल पंजीकरण संख्या– JH01BS 4717 इंजन नं0.– DHZCFD48282 चेचीस नं0– MD2A11CZ0FCD72265 | श्याम सुन्दर साहु, पिता–शिव दयाल साहु, पता–हाउस नं0 37 बाजार तार, पो0–टाटी 173, थाना–राँची, जिला–राँची, झारखण्ड। पिन–835103 | |
| 5 | 28/2025 बिहार सरकार बनाम अज्ञात | उत्पाद वाद सं0–1292/24 (सदर) दिनांक–04.12.2024 | टेम्पु पंजीकरण संख्या– अज्ञात इंजन नं0.– R0B2755860 चेचीस नं0– MBX0000ZFSD880122 | अज्ञात | |

एतद् द्वारा उपर्युक्त अधिहरण वादों से संबंधित जब्त वाहनों के मालिकों को सूचित किया जाता है कि आपके वाहन के विरूद्ध अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में चल रहे संबंधित अधिहरण वाद में अबतक आपके द्वारा न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत नहीं किये जाने की स्थिति में इस प्रेस–विज्ञप्ति के माध्यम से अंतिम रूप से आपको सूचित किया जाता है कि उपर्युक्त वादों में सुनवाई की अगली निर्धारित तिथि दिनांक–02.09.2025 को 02:00 बजे अपराह्न में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिकृत विद्वान अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना–अपना पक्ष साक्ष्य सहित रखें अन्यथा अधियाचना में उल्लेखित तथ्यों/साक्ष्यों के आधार पर जब्त वाहन के अधिहरण हेतु नियमानुसार अग्रेतर कार्रवाई कर दिया जायेगा। **इसे ताकीद जाने।**

उक्त सूचना **state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है। **अपर जिला दण्डाधिकारी**
**विधि व्यवस्था, गया**
PR- 011437 ( District ) 2025-26

**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।**

## भारत को युद्ध के लिए उकसा रहा है पाकिस्तान?

पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिफ मुनीर ने एक बार फिर अमेरिका की धरती से भारत को परमाणु युद्ध की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है इस्लामाबाद को भारत से अस्तित्व का खतरा महसूस हुआ तो वे ऐसी स्थिति में आधी दुनिया को अपने साथ ले डूबेगा। यह अपने तरह का पहला मामला है। अमेरिका जाकर पाकिस्तान के जनरल आसिफ मुनीर भारत को इस तरह की धमकी दे रहे हैं। मुनीर ने अमेरिका में कहा कि हम एक परमाणु संपन्न राष्ट्र हैं। उन्होंने सिंधु नदी को लेकर भी भारत के ऊपर निशाना साधा। उन्होंने सीधे-सीधे यह धमकी दी, भारत के बांध बनाने का पाकिस्तान इंतजार करेंगा, यदि भारत बांध बनता है, तो पाकिस्तान की 10 मिसाइलें उसे नष्ट कर देंगी, उनके पास मिसाइल की कोई कमी नहीं है। असीम मुनीर ने भारत की तुलना हाईवे पर दौड़ती हुई मर्सिडीज़ कार और पाकिस्तान को कंकर पत्थरों से भरे डंपर ट्रक से करते हुए कहा, अगर ट्रक कार से टकराता है, तो कार को ही नुकसान होता है, ट्रक को कोई नुकसान होने वाला नहीं है। उन्होंने भारत के बारे में कहा, भारत खुद को एक विश्व गुरु के रूप में पेश करता है, जो किसी भी रूप में संभव नहीं है। मुनीर ने अमेरिका के राजनेताओं के साथ-साथ सैन्य अधिकारियों से बातचीत की। पाकिस्तान के प्रवासियों से उन्होंने चर्चा की। जनरल मुनीर का अमेरिका का यह दूसरा दौरा है। दूसरे दौरे में अमेरिका ने बलूचिस्तान की विद्रोहियों को आतंकी संगठन घोषित करा दिया है। जो यह बताता है, अमेरिका के रिश्ते पाकिस्तान के साथ भारत की तुलना में बहुत बेहतर हैं। अमेरिका द्वारा पाकिस्तान को लगातार सहायता दी जा रही है। अमेरिका से तेल समझौते के अलावा और कई अनुबंध अमेरिका ने पाकिस्तान के साथ किए हैं। जो आगे चलकर भारत के लिए चुनौती के रूप में सामने होंगे। भारत ने जब सीज फायर की घोषणा की थी, उस समय कहा था पाकिस्तान सीजफायर के लिए गिडगिड़ा रहा था। भारतीय सेना ने पाकिस्तान में जो नुकसान पहुंचाया उससे घबराकर पाकिस्तान ने भारत के सामने जब आत्मसमर्पण किया, तभी हमने सीज फायर का प्रस्ताव स्वीकार किया। जिस तरह से अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रेड डील को लेकर टैरिफ लगाकर भारत को धमकाने का प्रयास किया जा रहा है। इस तरह से पाकिस्तान भी सीज फायर के बाद से लगातार भारत को धमका रहा है। भारत सरकार की चुप्पी से समझ में नहीं आ रहा है, भारत सरकार उन्हीं की भाषा में जवाब क्यों नहीं दे रही हैफ अमेरिका को लेकर यह चुप्पी फिर भी समझी जा सकती है। लेकिन पाकिस्तान के फील्ड मार्शल आसिफ मुनीर रोजाना भारत को धमकियां दे रहे हैं। इस पर भारत सरकार चुप क्यों है। लोग तो यह भी कहने लगे हैं कि पाकिस्तान जानबूझकर धमकी दे रहा है। ताकि एक बार फिर भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध हो। इसमें कहीं ना कहीं अमेरिका भी पाकिस्तान की पीठ पर हाथ रख रहा है। इससे यही समझ आता है, भारत सरकार चुप रहने के लिए विवश है। भारत सरकार को पाकिस्तान और अमेरिका से मिल रही धमकियों का जवाब देना चाहिए। ट्रंप यदि अपनी सीमा रेखा लाँघ रहे हैं तो भारत का वह सम्मान नहीं कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में उन्हें भी मुंहतोड़ जवाब देना चाहिए। मोदी सरकार की यदि चुप्पी बनी रहती है तो यह भारत और सरकार दोनों के लिए खराब है। मोदी सरकार कुछ छिपाने के चक्कर में अपने ही मकड़जाल में फंसती जा रही है। जो पाकिस्तान सीज फायर के लिये गिड़गिड़ा रहा था, वही पाकिस्तान अब आंखे क्यों दिखा रहा है। भारत सरकार और सेना को वर्तमान स्थिति में सतर्क रहने की जरुरत है।

## डेनिश भौतिक विज्ञानी और रसायनज्ञ -हैंस क्रिश्चियन ओर्स्टेड

हैंस क्रिश्चियन ओर्स्टेड का जन्म 14 अगस्त, 1777, रुडकोबिंग, डेनमार्क में हुआ था-एक डेनिश भौतिक विज्ञानी और रसायनज्ञ थे जिन्होंने यह खोज की थी कि तार में प्रवाहित विद्युत धारा, चुम्बकीय दिशासूचक सुई को विक्षेपित कर सकती है। इस घटना का महत्व शीघ्र ही पहचाना गया और जिसने विद्युत चुम्बकीय सिद्धांत के विकास को प्रेरित किया।1806 में ओर्स्टेड कोपेनहेगन विश्वविद्यालय में प्रोफेसर बने, जहाँ उनका पहला भौतिक अनुसंधान विद्युत धाराओं और ध्वनिकी पर केंद्रित था। अप्रैल 1820 में एक शाम के व्याख्यान के दौरान, ओर्स्टेड ने पाया कि एक चुंबकीय सुई धारावाही तार के लंबवत संरेखित होती है, जो विद्युत और चुंबकत्व के बीच संबंध का एक स्पष्ट प्रायोगिक प्रमाण है।ऑर्स्टेड द्वारा काली मिर्च के तीखे घटकों में से एक, पिपेरिन की खोज (1820) रसायन विज्ञान में एक महत्वपूर्ण योगदान थी, जैसा कि 1825 में धात्विक एल्युमिनियम के निर्माण में था। 1824 में उन्होंने आम जनता के बीच वैज्ञानिक ज्ञान के प्रसार के लिए समर्पित एक संस्था की स्थापना की। 1908 से यह संस्था डेनिश भौतिक वैज्ञानिकों के उत्कृष्ट योगदान के लिए ऑर्स्टेड पदक प्रदान करती रही है। 1930 के दशक के आरंभ में सेंटीमीटर-ग्राम-सेकंड प्रणाली में चुंबकीय क्षेत्र की तीव्रता की भौतिक इकाई के लिए ऑर्स्टेड नाम अपनाया गया था।विद्युत और चुंबकत्व को लंबे समय से अलग-अलग बल माना जाता रहा है। 19वीं शताब्दी तक उन्हें अंततः परस्पर संबंधित परिघटनाओं के रूप में नहीं देखा गया। 1905 में अल्बर्ट आइंस्टीन के सापेक्षता के विशेष सिद्धांत ने बिना किसी संदेह के स्थापित कर दिया कि दोनों एक ही परिघटना के पहलू हैं। हालाँकि, व्यावहारिक स्तर पर, विद्युत और चुंबकीय बल बिल्कुल अलग-अलग व्यवहार करते हैं और इन्हें अलग-अलग समीकरणों द्वारा वर्णित किया जाता है। विद्युत बल, स्थिर या गतिमान विद्युत आवेशों द्वारा उत्पन्न होते हैं। दूसरी ओर, चुंबकीय बल केवल गतिमान आवेशों द्वारा उत्पन्न होते हैं और केवल गतिमान आवेशों पर ही कार्य करते हैं।विद्युत और चुंबकीय बलों का पता विद्युत और चुंबकीय क्षेत्र नामक क्षेत्रों में लगाया जा सकता है। ये क्षेत्र प्रकृति में मौलिक होते हैं और उन्हें उत्पन्न करने वाले आवेश या धारा से दूर अंतरिक्ष में मौजूद हो सकते हैं। उल्लेखनीय रूप से, विद्युत क्षेत्र चुंबकीय क्षेत्र उत्पन्न कर सकते हैं और इसके विपरीत, किसी भी बाह्य आवेश से स्वतंत्र। एक परिवर्तनशील चुंबकीय क्षेत्र विद्युत उत्पन्न करता है क्षेत्र, जैसा कि अंग्रेज़ भौतिक विज्ञानी माइकल फैराडे ने विद्युत ऊर्जा उत्पादन का आधार बनने वाले अपने कार्य में खोजा था। इसके विपरीत, एक परिवर्तनशील विद्युत क्षेत्र एक चुंबकीय क्षेत्र उत्पन्न करता है, जैसा कि स्कॉटिश भौतिक विज्ञानी जेम्स क्लर्क मैक्सवेल ने निष्कर्ष निकाला था। मैक्सवेल द्वारा प्रतिपादित गणितीय समीकरणों ने प्रकाश और तरंग परिघटनाओं को विद्युत चुंबकत्व में समाहित कर लिया। उन्होंने दर्शाया कि विद्युत और चुंबकीय क्षेत्र अंतरिक्ष में विद्युत चुम्बकीय विकिरण की तरंगों के रूप में एक साथ गति करते हैं, और ये परिवर्तनशील क्षेत्र एक-दूसरे को परस्पर पोषित करते हैं। पदार्थ से स्वतंत्र रूप से अंतरिक्ष में गति करने वाली विद्युत चुम्बकीय तरंगों के उदाहरण हैं रेडियो और टेलीविजन तरंगें, माइक्रोवेव, अवरक्त किरणें, दृश्य प्रकाश, पराबैंगनी प्रकाश, एक्स-रे और गामा किरणें है । ये सभी तरंगें समान गति से गति करती हैं—अर्थात, प्रकाश का वेग (लगभग 300,000 किलोमीटर, या 186,000 मील, प्रति सेकंड) है । ये तरंगें केवल उस आवृत्ति में एक-दूसरे से भिन्न होती हैं जिस पर उनके विद्युत और चुंबकीय क्षेत्र दोलन करते हैं।मैक्सवेल के समीकरण अभी भी विद्युत चुंबकत्व का एक पूर्ण और सुंदर विवरण प्रदान करते हैं, उप-परमाण्विक पैमाने तक, लेकिन उसे छोड़कर। हालाँकि, 20वीं सदी में उनके कार्य की व्याख्या का दायरा व्यापक हुआ। आइंस्टीन के विशिष्ट सापेक्षता सिद्धांत ने विद्युत और चुंबकीय क्षेत्रों को एक सामान्य क्षेत्र में मिला दिया और सभी पदार्थों के वेग को विद्युत चुम्बकीय विकिरण के वेग तक सीमित कर दिया। 1960 के दशक के उत्तरार्ध में, भौतिकविदों ने पाया कि प्रकृति में अन्य बलों के भी ऐसे क्षेत्र होते हैं जिनकी गणितीय संरचना विद्युत चुम्बकीय क्षेत्र के समान होती है। ये अन्य बल प्रबल बल हैं, जो नाभिकीय संलयन में मुक्त ऊर्जा के लिए उत्तरदायी है, और दुर्बल बल, जो अस्थिर परमाणु नाभिकों के रेडियोधर्मी क्षय में देखा जाता है। विशेष रूप से, दुर्बल और विद्युत चुम्बकीय बलों को मिलाकर एक सामान्य बल बनाया गया है जिसे विद्युत दुर्बल बल कहा जाता है। गुरुत्वाकर्षण सहित सभी मूलभूत बलों को एक महान एकीकृत सिद्धांत में एकीकृत करने का कई भौतिकविदों का लक्ष्य आज तक प्राप्त नहीं हो पाया है। 1820 में, उन्होंने प्रयोग के दौरान देखा कि एक तार से विद्युत धारा प्रवाहित करने पर उसके पास रखी चुंबकीय सुई विक्षेपित हो जाती है। विद्युत चुंबकत्वःयह खोज विद्युत और चुंबकत्व के बीच संबंध स्थापित करने वाली पहली खोज थी, जिससे विद्युत चुंबकत्व के क्षेत्र की नींव पड़ी। उनकी खोज को ओर्स्टेड का नियम कहा जाता है, जो बताता है कि विद्युत धारा चुंबकीय क्षेत्र उत्पन्न करती है।उन्होंने एल्युमिनियम को अलग करने और पहचानने में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके सम्मान में, चुंबकीय क्षेत्र की तीव्रता की इकाई ओर्स्टेड रखी गई है।

## अलास्का शिखर सम्मेलनः यूक्रेन संकट से भारत की संभावनाओं तक

> “2014 में क्रीमिया के रूस में विलय के बाद से पश्चिमी देशों ने रूस पर प्रतिबंधों की बौछार की थी, और यूक्रेन युद्ध ने उस दरार को और गहरा कर दिया था। ऐसे में ट्रंप का पुतिन से मिलना यह संकेत देता है किअमेरिका संभवतःरूस के खिलाफ अपनी कठोर नीति मेंलचीलापन ला सकता है, या कम से कम एक वार्ता-आधारित रास्ता तलाशने को तैयार है। यह बदलाव न केवल नाटो जैसे सैन्य गठबंधन के लिए चुनौती है, बल्कि यूरोप के सुरक्षा ढांचे को भी अस्थिर कर सकता है, क्योंकि वहां अमेरिका की सख्ती पर भरोसा किया जाता रहा है।(2) दूसरा बड़ा कारण ऊर्जा राजनीति है।”

सनत जैन

वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियाँ में आज दो महा शक्तियों का नाम लिया जा रहा है,जो अमेरिका व रूस है। पूरी दुनियाँ में अनेक देशों के बीच अनबन व युद्ध का माहौल चल रहा है, तो दूसरी ओर अमेरिका के टैरिफ का आक्रोश भी छाया हुआ है। इस बीच एक तरह से विपरीत दिशाओं में एक दूसरे के कूटनीतिक विरोधी पूरक में खड़े दो महाशक्तियों की महामुलाकात एक टेबल पर बैठकर होना एक अचंभा व वैश्विक जीयो राजनीति के लिए भूचाल आने जैसा है। वैसे तो दोनों महाशक्तियाँ 15 अगस्त 2025 को यूक्रेन में युद्ध समाप्ति के मुद्दे पर बैठक कर रहीहै,परंतु मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि ट्रंप पुतिन के बीच अनऑफिशियली रूप से कुछ अन्य मुद्दों पर भी बात होने की संभावना है। एक तरफ से रूस से तेल खरीदने पर भारत पर अतिरिक्त 25 पर्सेंट टैरीफ तो दूसरी ओर नोबेल शांति पुरस्कार प्राप्त करने के लिए कुछ भी कर गुजरने का जज्बा रंग ला सकता है। अगर यह बैठक सफ़ल हो जाती है तो इससे भारत को दूरगामी फायदा होगा यानें रूस से तेल पर 25 परसेंट का अतिरिक्त रद्द होना, दोनों महाशक्तियों के बीच संयुक्त राष्ट्र में न्यूट्रल होने का फायदा ट्रंप द्वारा प्रतिबंध लगाए जाने की संभावना से मुक्ति सहित अनेक फायदे होने की संभावना है भारत के लिए सबसे बड़ी प्रतिष्ठा तो यह होंगी कि यदि ट्रंप-पुतिन बातचीत सफल होगी, तो भारत क्रे दोनों से अच्छे संबंध है, दोनों के बीच कड़ी बन सकता है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, ट्रंप पुतिन वार्ता सफल होने से भारत एक परिपक्व को आत्मनिर्भर व रणनीतिक दृष्टिकोण अपनाने वाली वैश्विक शक्ति के रूप में उभरेगा जो दोनों महाशक्तियों के बीच संभवतः संतुलन स्थापित करेगा।

साथियों बात अगर हम 15 अगस्त 2025 को ट्रंप-पुतिन की बैठक की सफलता पर भारत पर इसके सकारात्मक प्रभाव की करें तो,अमेरिका और रूस के बीच यह शिखर सम्मेलन वास्तव में 15 अगस्त 2025 को अलास्का में होने वाला एक द्विपक्षीय सम्मेलन है,जहाँ मुख्य विषय थमे हुए यूक्रेन-रूस संघर्ष को समाप्त करना है। इस बैठक की पुष्टि ट्रम्प ने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से की और रूस ने भी मस्को में अधिकारियों के माध्यम से सम्मेलन की पुष्टि की है। (1) वैश्विक तनावों में कमी और संवैधानिक चुप्पीः-यह बैठक, यदि सफल हुई, तो वैश्विक भू-राजनीतिक तनावों में अलग ही कमी ला सकती है। यूक्रेन संकट के चलते रूस- पश्चिम में कायम तीव्र तनाव और उसके विस्तार से भारत की सुरक्षा और रणनीतिक स्थिति प्रभावित होती रही है। एक संभव रूप से स्थिर समझौता, संघर्ष की तीव्रता को कम कर सकता है, जिससे रूस पर अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंधों में ढील पाने की उम्मीद जगी है। इससे वैश्विक व्यापार व ऊर्जा बाजारों में स्थिरता आएगी, जिसका लाभ सोयल, ऊर्जा और रक्षा क्षेत्रों में अपनी बाजार स्थिति मजबूत करना चाहने वाले भारत को अप्रत्यक्ष रूप से मिलेगा। (2) ऊर्जा सुरक्षा और विदेश नीति का लाभः-यदि इस बैठक से रूस पर से कुछ प्रतिबंध हटाए गए या वैश्विक ऊर्जा बाजार में रूस का स्थान सुदृढ़ हुआ, तो भारत जैसी ऊर्जा-आयातक अर्थव्यवस्था को सस्ते और अधिक विश्वसनीय ऊर्जा स्रोतों तक पहुंच बढ़ सकती है। साथ ही, अमेरिका तथा रूस दोनों के साथ भारत की रणनीतिक साझेदारी मजबूत हो सकती है-यहां तक कि रूस से रक्षा और ऊर्जा क्षेत्रों में सहयोग बढ़ने की भी संभावनाएं बन सकती हैं।(3) बहुपक्षीय मंचों पर भारत की भूमिकाः- अमेरिका और रूस के बीच समझौता होने पर भारत अपनी अपील और कूटनीतिक पहल को व्यापक रूप से उपयोग में ला सकता है। भारत पारंपरिक रूप से रूस और अमेरिका दोनों के साथ मजबूत संबंध रखना चाहता है—इस बैठक के सफल परिणामों से भारत को बढ़ी हुई कूटनीतिक संवाद क्षमता और मंच मिल सकता है, जहाँ वह दोनों महाशक्तियों के बीच पुल का काम करते हुए दक्षिण एशिया व वैश्विक सुरक्षा अस्मिताओं को संतुलित कर सकता है। (4) आर्थिक निवेश, प्रौद्योगिकी साझेदारी और परियोजनाएंः-यदि अमेरिका- रूस संबंध बेहतर हुए, तो यह वैश्विक आर्थिक माहौल को सकारात्मक रूप में प्रभावित करेगा, जिससे भारत को उच्च निवेश, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण, उन्नत रक्षा साझेदारी और अरक्टिक क्षेत्र जैसे नये क्षेत्रों में अवसर मिल सकते हैं। रूस- अलास्का की निकटता और चर्चा में मौजूद आर्कटिकपरियोजनाओं में भारत की भू-रणनीतिक भागीदारी बढ़ सकती है।(5)भू- राजनीतिक संतुलन में बढ़तः-इस बैठक से यदि रूस और अमेरिका के बीच तनाव में कमी आती है और एक स्थायी समाधान की दिशा में कदम बढ़ता है, तो भारत एक बेहतर विश्व व्यवस्था में शांति और सहयोग को महत्व देने वाला खिलाड़ी बन सकता है। साथ ही, यूरोप में इस मुद्दे को लेकर यूरोपीय नेताओं की प्रतिक्रिया दर्शाती है कि यदि यूक्रेन को शामिल किये बिना फाइनल निर्णय लिए गए, तो रूस को एक तरह का लाभ मिल सकता है-भारत को इन सारे पहलुओं को भाँपकर अपने हितों के अनुरूप तटस्थ लेकिन सताक्षी शक्ति के रूप में उभरने का अवसर होगा।

साथियों बात अगर हम ट्रंप- पुतिन की 15 अगस्त 2025 की बैठक से भू-राजनीति में भूचाल क्ा करण बनने की करें तो, 15 अगस्त 2025 को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच होने वाली ऐतिहासिक बैठक ने वैश्विक कूटनीति में एक ऐसा मोड़ ला दिया है, जिसे दुनिया के कई हिस्सों में भू- राजनीतिक भूकंप कहा जा रहा है। यह बैठक सिर्फ अमेरिका- रूस संबंधों का मुद्दा नहीं है, बल्कि इसके पीछे बहुपक्षीय शक्ति-संतुलन,ऊर्जा राजनीति, सैन्य गठबंधनों, आर्थिक टैरिफ युद्ध और एशिया-यूरोप में रणनीतिक समीकरणों के पुनर्गठन जैसे गहरे कारण छिपे हैं। जिस समय दुनियाँ पहले से ही अमेरिका–चीन प्रतिद्वंद्विता, रूस-यूक्रेन युद्ध, मध्य पूर्व में अस्थिरता और वैश्विक मंदी के खतरे से जूझ रही है, ऐसे में वॉशिंगटन और मॉस्को का सीधा संवाद पुराने प्रतिद्वंद्वियों के समीकरणों को बदल सकता है।(1) यह बैठक इसलिए चौंकाने वाली है क्योंकि अमेरिका और रूस पिछले एक दशक से खुले टकराव में रहे हैं। 2014 में क्रीमिया के रूस में विलय के बाद से पश्चिमी देशों ने रूस पर प्रतिबंधों की बौछार की थी, और यूक्रेन युद्ध ने उस दरार को और गहरा कर दिया था। ऐसे में ट्रंप का पुतिन से मिलना यह संकेत देता है किअमेरिका संभवतःरूस के खिलाफ अपनी कठोर नीति मेंलचीलापन ला सकता है, या कम से कम एक वार्ता-आधारित रास्ता तलाशने को तैयार है। यह बदलाव न केवल नाटो जैसे सैन्य गठबंधन के लिए चुनौती है, बल्कि यूरोप के सुरक्षा ढांचे को भी अस्थिर कर सकता है, क्योंकि वहां अमेरिका की सख्ती पर भरोसा किया जाता रहा है।(2) दूसरा बड़ा कारण ऊर्जा राजनीति है। रूस दुनिया का सबसे बड़ा प्राकृतिक गैस आपूर्तिकर्ता और तेल निर्यातक है, जबकि अमेरिका ऊर्जा निर्यात में तेजी से उभर रहा है। दोनों देशों के बीच संभावित ऊर्जा सहयोग या सौदे का असर सीधा यूरोप, एशिया और मध्य पूर्व पर पड़ेगा। यूरोप लंबे समय से रूसी गैस पर निर्भर है, लेकिन अमेरिका उसे एलएनजी के जरिए विकल्प देने की कोशिश कर रहा है।

## राष्ट्रीय संस्कार व्यक्ति में बनेंगे तो वह राष्ट्रहित को प्राथमिकता देगा

> “बात अगर हम माननीय पीएम द्वारा एक कार्यक्रम में संबोधन की करें तो पीआईबी के अनुसार, पीएम ने कहा, एक बात जिसने हमारे लोकतंत्र व्यवस्था को बड़ा नुकसान पहुंचाया वह है राष्ट्रहित से ज्यादा प्राथमिकता अपनी विचारधारा को देना। अगर कोई विचारधारा यह कहती है कि देशहित के मामलों में भी मैं इसी दायरे में काम करूंगा तो यह रास्ता सही नहीं है। दोस्तों यह गलत है। आज हर कोई अपनी विचारधारा पर गर्व करता है। यह स्वाभाविक भी है, लेकिन फिर भी हमारी विचारधारा राष्ट्रहित के विषयों में राष्ट्र के साथ नजर आनी चाहिए। राष्ट्र के खिलाफ कतई नहीं। आप देश के इतिहास में देखिए जब -जब देश के सामने कोई कठिन समस्या आई है हर विचारधारा के लोग राष्ट्रहित में एक साथ आए हैं।”

एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं

वैश्विक स्तरपर सबसे युवा देश जिसकी 65 फ़ीसदी आबादी उसकी सबसे मूल्यवान संपत्ति है वह है भारत,जहां दुनिया की युवा आबादी का पांचवा हिस्सा है जो एक जनसांख्यिकीय लाभांश पैदा करने की ताकत रखता है, विजन 2047, विज़न 5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की देश की अर्थव्यवस्था के महत्वकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है, जो कार्यबल के साथ साथ बाजार की उपलब्धि करा सकता है।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र मानता हूं कि नवाचार नवोन्मेष, स्टार्टअप, उद्यमशीलता विविधता की संस्कृति को चला रहे हैं ऐसी मुल्यवान ताकत युवाओं में हमें राष्ट्र हित से जुड़े मुद्दों की समझ विकसित करने, उनकी चिंताओं जिज्ञासाओं को समझकर उनको उत्साहवर्धन करने की तात्कालिक ख़ास ज़रूरत है जो सर्वोपरि राष्ट्र सेवा है, क्योंकि यदि राष्ट्रहित सर्वोपरि होगा तो हमारा राष्ट्र आर्थिक,सामाजिक,राजनैतिक ,अन्तर्राष्ट्रीय बाधाओं सहित अनेक मुद्दों और विषयों में सुरक्षित होगा।

साथियों बात अगर हम युवाओं को उत्साहवर्धन की करें तो आज अभिभावकों, शिक्षकों,बुद्धिजीवियों, राजनीतिक नेताओं से लेकर हर उस जानकार व्यक्तित्व का कर्तव्य है कि युवाओं में राष्ट्रहित की भावना को तेजी से विकसित करें युवाओं में यह भाव पैदा करना होगा कि घर से महत्वपूर्ण समाज, उस से महत्वपूर्ण गांव, शहर, राष्ट्र है। इसलिए राष्ट्र हित की भावना सबसे पहले युवाओंमें जागृत कराना जरूरी हैं। क्योंकि, युवा राष्ट्र का संरचनात्मक और कार्यात्मक ढांचा है। हर राष्ट्र की सफलता का आधार उसकी युवा पीढ़ी और उनकी उपलब्धियाँ होती हैं। राष्ट्र का भविष्य युवाओं के सर्वांगीण विकास में निहित है। इसलिए युवा राष्ट्र निर्माण में सर्वोच्च भूमिका निभाते हैं, इसके साथ ही देश का प्रत्येक नागरिक अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट और सर्वोच्च विकास के लिए प्रयासरत रहे। वास्तव में यही राष्ट्रहित है। जाति, धर्म और क्षेत्रीयता की संकीर्ण मानसिकता से उपर उठकर देश के प्रति गर्व की एक गहरी भावना महसूस करना ही राष्ट्रवाद है। साथियो बात अगर हम भारत के सबसे कम उम्र वाली आबादी होने की करें तो, भारत के 1.35 बिलियन लोग इसे दुनिया का दूसरा सबसे अधिक आबादी वाला देश बनाते हैं, लेकिन औसतन 29 वर्ष की आयु के साथ, यह विश्व स्तर पर सबसे कम उम्र की आबादी में से एक है। जैसे ही युवा नागरिकों का यह विशाल संसाधन कार्यबल में प्रवेश करता है,यह एक जनसांख्यिकीय लाभांश बना सकता है।संयुक्तराष्ट्र जनसंख्या कोष द्वारा जनसांख्यिकीय लाभांश को जनसंख्या की आयु संरचना में बदलाव के परिणामस्वरूप आर्थिक विकास के रूप में परिभाषित किया जाता है, मुख्यतः जब कामकाजी उम्र की आबादी आश्रितों की संख्या से बड़ी होती है।

साथियों बात अगर हम युवाओं में राष्ट्रहित, राष्ट्रीयता भावना जगाने की करें तो, पहला कार्य व्यक्ति निर्माण का है और राष्ट्रीय संस्कार व्यक्ति में बनेंगे तो निश्चित तौर से वह निज हित से ऊपर राष्ट्र हित को प्राथमिकता देगा। देश के हर वर्ग के युवा राष्ट्रहित को सर्वोपरि समझे तभी हम एक मजबूत राष्ट्र का निर्माण कर पाएंगे। युवाओं को हमरे पूर्वजों से प्रेरणा लेनी चाहिए संस्कृति को समझना होगा। युवा संगठन से ऑनलाइन जुड़कर भी देश को मजबूती दे सकते हैं।राष्ट्र से बड़ा कोई संगठन नहीं है और राष्ट्रीय भाव से बड़ी विचारधारा नहीं हो सकती। इसलिए आज नौजवानों में राष्ट्रीयता की भावना को जगाने की जरूरत है।

साथियों बात अगर हम बच्चों, युवाओं में राष्ट्रहित राष्ट्रवाद को गहराई से समझाने की करें तो, प्रत्येक नागरिक के लिए अपने राष्ट्र के प्रति कृतज्ञता प्रदर्शन करना अनिवार्य है क्योंकि हमारा देश अर्थात हमारी जन्मभूमि हमारी मां ही तो होती है। जिस प्रकार माता बच्चों को जन्म देती है तथा अनेक कष्टों को सहते हुए भी अपने बच्चों की खुशी के लिए अपने सुखों का परित्याग करने में भी पीछे नहीं हटती है उसी प्रकार अपने सीने पर हल चलवाकर हमारे राष्ट्र की भूमि हमारे लिए अनाज उत्पन्न करती है, उस अनाज से हमारा पोषण होता है।

साथियों बात अगर हम दिनांक 14 अगस्त 2022 को भारत की माननीय राष्ट्रपति द्वारा 76 वें स्वाधीनता दिवस की पूर्व संध्या पर अपने पहले राष्ट्र के नाम संदेश की करें तो पीआईबी के अनुसार उन्होंने भी कहा हमारे पास जो कुछ भी है वह हमारी मातृभूमि का दिया हुआ है। इसलिए हमें अपने देश की सुरक्षा, प्रगति और समृद्धि के लिए अपना सब कुछ अर्पण कर देने का संकल्प लेना चाहिए। हमारे अस्तित्व की सार्थकता एक महान भारत के निर्माण में ही दिखाई देगी। कन्नड़ा भाषा के माध्यम से भारतीय साहित्य को समृद्ध करने वाले महान राष्ट्रवादी कवि 'कुवेम्पु' ने कहा हैःनानु अलिवे, नीनु अलिवेनम्मा एलु-बुगल मेलेमूडु-वुदु मूडु-वुदुनवभारत-द लीले।अर्थात'मैं नहीं रहूंगा, न रहोगे तुम,परन्तु हमारी अस्थियों पर, उदित होगी, उदित होगी,नये भारत की महागाथा।उस राष्ट्रवादी कवि का यह स्पष्ट आह्वान है कि मातृ-भूमि तथा देशवासियों के उत्थान के लिए सर्वस्व बलिदान करना हमारा आदर्श होना चाहिए। इन आदर्शों को अपनाने के लिए मैं अपने देश के युवाओं से विशेष अनुरोध करती हूं। वे युवा ही 2047 के भारत का निर्माण करेंगे।

साथियों बात अगर हम माननीय पीएम द्वारा एक कार्यक्रम में संबोधन की करें तो पीआईबी के अनुसार, पीएम ने कहा, एक बात जिसने हमारे लोकतंत्र व्यवस्था को बड़ा नुकसान पहुंचाया वह है राष्ट्रहित से ज्यादा प्राथमिकता अपनी विचारधारा को देना। अगर कोई विचारधारा यह कहती है कि देशहित के मामलों में भी मैं इसी दायरे में काम करूंगा तो यह रास्ता सही नहीं है। दोस्तों यह गलत है। आज हर कोई अपनी विचारधारा पर गर्व करता है। यह स्वाभाविक भी है, लेकिन फिर भी हमारी विचारधारा राष्ट्रहित के विषयों में राष्ट्र के साथ नजर आनी चाहिए। राष्ट्र के खिलाफ कतई नहीं। आप देश के इतिहास में देखिए जब -जब देश के सामने कोई कठिन समस्या आई है हर विचारधारा के लोग राष्ट्रहित में एक साथ आए हैं। आजादी की लड़ाई में महात्मा गांधी के नेतृत्व में हर विचारधारा के लोग एक साथ आए थे। उन्होंने देश के लिए एक साथ संघर्ष किया था। उन्होंने कहा, आपातकाल के खिलाफ आंदोलन में कई राजनीतिक दलों के नेता, कार्यकर्ता और संगठन के लोग भी थे। समाजवादी लोग भी थे, कम्युनिस्ट भी थे, जेएनयू से जुड़े कितने ही लोग थे जिन्होंने एक साथ आकर इमरजेंसी के खिलाफ संघर्ष किया था।

## सत्ता-संपदा का उन्माद

मनुष्य विचारशील प्राणी है, विवेकशील प्राणी है। उसके पास बुद्धि है, शक्ति है। वह अपनी बुद्धि का उपयोग करता है, चिंतन के हर कोण पर रुकता है, विवेक को जगाता है, शक्ति का नियोजन करता है और संसार के अन्य प्राणियों से बेहतर जीवन जीता है। जीने के लिए वह अनेक प्रकार की सुविधाओं को जुटाता है। सत्ता और संपदा ये तो ऐसे तत्व हैं, जिनका आकषर्ण अधिकांश लोगों को बना रहता है। सत्ता के मूल में सेवा की भावना है और संपदा के मूल में जीवनयापन की। न सत्ता के बल पर कोई व्यक्ति बड़ा बनता है और न संपदा ही किसी को शिखर पर बिठा सकती है। जो लोग सेवा की पवित्र भावना से सत्ता के गलियारे में पांव रखते हैं और जीवनयापन के साधन के रूप में अर्थ का उपयोग करते हैं, वे सत्ता और संपदा प्राप्त करके भी कुछ अतिरिक्त अनुभव नहीं करते। सहज सादगीमय जीवन जीते हुए वे सत्ता और संपदा के द्वारा हितकारी प्रवृत्तियों में संलग्न हो जाते हैं।

कुछ लोगों की अवधारणा है कि व्यक्ति का अस्तित्व और व्यक्तित्व सत्ता और संपदा पर ही निर्भर है। इसलिए वे जैसे-तैसे इन्हें हथियाने का प्रयास करते हैं और ये हस्तगत हो जाएं तो इनका उचित-अनुचित लाभ भी उठा लेते हैं। ऐसे लोगों में न तो सेवा की भावना होती है और न ही वे उपयोगितावादी दृष्टि से अर्थ का अंकन करते हैं। इनके द्वारा अहंकार बढ़ता है और वे स्वयं को आम आदमी से बहुत बड़ा मानने लगते हैं। यहीं से एक भेद-रेखा बनने लगती है, जो सत्ताधीश और संपत्तिशाली को दूसरे नजरिए से देखने का धरातल तैयार करती है। जिस व्यक्ति के पास सत्ता हो और संपदा हो, फिर भी उन्माद न हो; बहुत कठिन बात है। इन दोनों में से एक पर अधिकार पाने वाला व्यक्ति भी मूढ़ हो सकता है। जहां दोनों का योग हो जाए, वहां मूढ़ता न आए, यह तो संभव ही नहीं है। इस बात को सब लोग जानते हैं, फिर भी सत्ता और संपदा पाने की आकांक्षा का संवरण नहीं होता। जिनकी आकांक्षा पूरी हो जाती है, वे सौभाग्य से ही मूढ़ता से बच पाते हैं। किंतु जिनकी आकांक्षा पूरी नहीं होती, वे एक दूसरे प्रकार के उन्माद का शिकार हो जाते हैं।

## मोदी कैबिनेट ने दी 4,600 करोड़ के सेमीकंडक्टर प्रोजेक्ट्स को मंजूरी

नई दिल्ली,(ईएमएस)। पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में भारत सेमीकंडक्टर मिशन (आईएसएम) के तहत चार नए सेमीकंडक्टर निर्माण प्रोजेक्ट्स को मंजूरी मिल गई है। कुल 4,600 करोड़ के निवेश से बनने वाले ये प्लांट 2034 पेशेवरों को प्रत्यक्ष रोजगार और इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्षेत्र में हजारों अप्रत्यक्ष नौकरियां देंगे। ओडिशा के भुवनेश्वर में सिस्कसेम प्राइवेट लिमिटेड, ब्रिटेन की केल्स-सिक वॉटर फेब लिमिटेड के साथ मिलकर सिलिकॉन कार्बाइड आधारित कंपाउंड सेमीकंडक्टर यूनिट स्थापित करेगा, जिसकी सालाना क्षमता 60 हजार वेफर्स और 96 मिलियन यूनिट्स पैकेजिंग की होगी। इसका इस्तेमाल रक्षा, ईवी, रेलवे, डाटा सेंटर, चार्जर्स, कंज्यूमर एप्लायंसेज और सोलर इनवर्टर में होगा। इसी शहर में 3डी ग्लास सल्यूशन इन. वर्टिकली इंटीग्रेटेड एडवांस्ड पैकेजिंग यूनिट लगाएगा, जो सालाना 69,600 ग्लास पैनल सब्सट्रेट्स, 50 मिलियन असेम्बल यूनिट्स और 13,200 3डीएचआई मॉड्यूल्स का उत्पादन करेगी, जिनका उपयोग रक्षा, एआई, ऑटोमोबाइल और हाई-परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग में होगा। आंध्र प्रदेश में एएसआईपी टेक्नालॉजिस्ट, दक्षिण कोरिया की एपीएसीटी कंपनी लि के साथ साझेदारी में 96 मिलियन यूनिट्स सालाना क्षमता वाला यूनिट लगाएगा, जिसका उत्पादन मोबाइल फोन, सेट-टॉप बॉक्स, ऑटोमोबाइल और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों में होगा। पंजाब के मोहाली में कॉन्टिनेंटस डिवॉइस इंडिया लिमिटेड (सीडीआईएल) अपनी मौजूदा फैक्ट्री को अपग्रेड कर सालाना 158.38 मिलियन यूनिट्स एमओएसएफईटी, आईजीबीटी, स्कॉटी डिओडेस और ट्रांजिस्टर का उत्पादन करेगी, जिनका उपयोग ईवी, रिन्यूएबल एनर्जी, इंडस्ट्रियल एप्लिकेशन और कम्युनिकेशन इंफ्रास्ट्रक्चर में होगा। सरकार ने अब तक आईएसएम के तहत छह राज्यों में 10 प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी है, जिनमें 1.60 लाख करोड़ से ज्यादा का निवेश शामिल है। 278 शैक्षणिक संस्थानों और 72 स्टार्टअप्स को डिज़ाइन इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराए गए हैं और 60 हजार से ज्यादा छात्रों को प्रशिक्षित किया गया है, जिससे भारत सेमीकंडक्टर निर्माण में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

## दवा और इलेक्ट्रॉनिक सामान को छोड़कर टैरिफ....बाकि सारे उत्पादों को सीधा प्रभावित करेगा

नई दिल्ली,(ईएमएस)। अमेरिका को होने वाले भारत के कुल निर्यात माल का आधे से अधिक हिस्सा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ फैसले से प्रभावित हो सकता है। मोदी सरकार ने बताया कि वॉशिंगटन द्वारा लगाए गए पारस्परिक शुल्क का असर भारत की करीब 55 प्रतिशत निर्यात राशि पर पड़ने का अनुमान है। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने लोकसभा सांसद अभिषेक बनर्जी के सवाल का लिखित जवाब देकर कहा कि दवा और इलेक्ट्रॉनिक सामान को छोड़कर टैरिफ बाकि सारे उत्पादों को सीधा प्रभावित करेगा। वित्त राज्य मंत्री चौधरी ने बताया कि अलग-अलग उत्पादों पर इस शुल्क का प्रभाव उत्पाद की गुणवत्ता, मांग, अनुबंध की शर्तों और उत्पाद भिन्नता जैसे कारकों पर निर्भर करेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि यह कदम भारतीय निर्यातकों के लिए अतिरिक्त दबाव पैदा करेगा और व्यापारिक लागत को बढ़ाएगा। इस पूरे घटनाक्रम ने भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। व्यापार विशेषज्ञों का मानना है कि यदि यह शुल्क लंबे समय तक जारी रहा तब भारतीय माल की प्रतिस्पर्धात्मकता घट सकती है और निर्यातकों को नए बाजार तलाशने पड़ सकते हैं। गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 31 जुलाई को भारत से आयातित वस्तुओं पर 25 प्रतिशत पारस्परिक शुल्क लगाने की घोषणा की थी। इसके बाद 6 अगस्त को उन्होंने अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क लागू किया। ट्रंप प्रशासन का कहना है कि यह कदम भारत द्वारा रूस से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कच्चे तेल की खरीद के जवाब में उठाया गया है। विदेश मंत्रालय ने इस अमेरिकी कदम की कड़ी आलोचना कर "अनुचित, अन्यायपूर्ण और अव्यवहारिक" बताया है। भारत सरकार ने स्पष्ट किया कि वह अपने निर्यातकों के हितों की रक्षा के लिए जरुरी कदम उठाएगी।

## 40 करोड़ की लागत से बना बड़े हनुमान मंदिर कॉरिडोर पहली ही बारिश में बहा, पीएम मोदी ने किया था उद्घाटन

प्रयागराज,(ईएमएस)। संगम तट स्थित बड़े हनुमान मंदिर में 40 करोड़ रुपये की लागत से बने कॉरिडोर प्रोजेक्ट का पहला चरण पहली बारिष भी बर्दाश्त नहीं कर सका और गंगा में आई बाढ़ में बह गया। मंदिर परिसर की दीवारों और कॉरिडोर में लगे पत्थर उखड़ गए, जिससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। जानकारी अनुसार इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए 11,589 वर्ग मीटर भूमि का अधिग्रहण किया गया था। पहले चरण में गर्भगृह और परिक्रमा पथ (535 वर्ग मीटर) तथा 2,184 वर्ग मीटर क्षेत्र में कॉरिडोर का विस्तार पूरा कर लिया गया था। 13 दिसंबर 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसका उद्घाटन बड़े धूमधाम से किया था। फिलहाल यहां बताते चलें कि इसके दूसरे चरण का कार्य अभी चल रहा है। निर्माण को लेकर सवाल उठा रहे स्थानीय लोगों का कहना है कि संगम क्षेत्र में बाढ़ हर साल आती है, ऐसे में पहली ही बारिश और बाढ़ में कॉरिडोर का क्षतिग्रस्त होना भ्रष्टाचार और लापरवाही की ओर इशारा करता है। परियोजना का जिम्मा लोक निर्माण विभाग को दिया गया था। पत्थरों के उखड़ने और दीवारों के टूटने से यह आशंका गहरी हो गई है कि या तो निर्माण मानकों की अनदेखी की गई या घटिया सामग्री का उपयोग हुआ। यहां बताते चलें कि महाकुंभ से पहले श्रद्धालुओं की सुविधाओं और भीड़ नियंत्रण के लिए इस कॉरिडोर को प्रमुख परियोजनाओं में शामिल किया गया था, लेकिन कुछ ही महीनों में इसकी हालत ने पूरे प्रोजेक्ट की साख पर सवालिया निशान लगा दिए हैं।

## दिल्ली पुलिस आर्म सप्लायर सलीम पिस्टल को नेपाल से लाई भारत

नई दिल्ली,(ईएमएस)। स्वतंत्रता दिवस के पहले दिल्ली पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। भारत के मोस्ट वांटेड आर्म सप्लायर सलीम पिस्टल को नेपाल से भारत लाया गया है। पुलिस की स्पेशल सेल सलीम पिस्टल को बुधवार को दिल्ली लेकर पहुंची। अब दिल्ली पुलिस के साथ-साथ सेंट्रल एजेंसी भी उससे पूछताछ करेगी। उसे जनकपुरी स्थित सेप्शल सेल दफ्तर में रखा गया है। मीडिया रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि सलीम पिस्टल यूपी के कई बाहुबली से टच में था। पाकिस्तान से भारत आने वाले अत्याधुनिक हथियारों की खेप का सबसे बड़ा मास्टरमाइंड भी सलीम है। सलीम पिछले कई सालों से पाकिस्तान से हथियार की सप्लाई भारत में करवाता था। सलीम पिस्टल पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड के आरोपी का गुरु भी है। सुरक्षा एजेंसियों को सलीम के पाकिस्तान आईएसआई और डी कंपनी से लिंक के सुराग मिले हैं।

# भाजपा का दावा-सोनिया भारतीय नागरिक बनने से पहले वोटर बनीं:अनुराग ठाकुर बोले- रायबरेली में एक पते पर 47 वोटर्स, राहुल को ये कभी नहीं दिखे

**नई दिल्ली**: कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के वोटर लिस्ट में गड़बड़ी में आरोपों के बीच भाजपा की आईटी सेल के हेड अमित मालवीय ने बुधवार को दावा किया कि सोनिया गांधी का नाम भारत की वोटर लिस्ट में दो बार तब शामिल हुआ, जब वह भारतीय नागरिक भी नहीं थीं। वहीं, बीजेपी सांसद अनुराग ठाकुर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि रायबरेली में एक ही घर पर 47 वोटर्स कैसे रजिस्टर किए गए हैं, राहुल और सोनिया को कभी ये नाम नहीं दिखे। उन्होंने कहा, राहुल दो बार चुनाव लड़े, प्रियंका एक बार चुनाव लड़ीं। मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि वायनाड में कैसे नए वोटर्स की एडिशन हुई है। आपने तो तीन बार वोट ले लिया। क्या आपने यह कभी नहीं देखा। यह कैसे हुआ?

भाजपा ने यह दावा उस समय किया है जब राहुल और विपक्ष चुनाव आयोग (ईसी) और भाजपा पर वोटर लिस्ट में गड़बड़ी और वोट चोरी का आरोप लगा रहे हैं। कांग्रेस लगातार दावा कर रही है कि ईसी ने भाजपा को चुनाव जिताने में मदद की है और वोटर लिस्ट में कई फर्जी नाम जोड़े गए हैं।



### मालवीय बोले- सोनिया का 2 बार नाम जोड़ा गया

मालवीय ने X पर लिखा, 'यह पूरा मामला चुनावी कानून के स्पष्ट उल्लंघन का उदाहरण है। शायद यही कारण है कि राहुल गांधी भी ऐसे मतदाताओं को वैध करने के पक्ष में रहते हैं, जो अयोग्य या अवैध हैं और स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) का विरोध करते हैं।'

**पहली बार 1980 में नाम जोड़ा**: वोटर लिस्ट में सोनिया का नाम पहली बार 1980 में जोड़ा गया। उस समय वे इटली की नागरिक थीं। तब गांधी परिवार 1, सफदरजंग रोड, प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के सरकारी निवास पर रहता था। उस समय इस पते पर इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, संजय गांधी और मेनका गांधी के नाम थे। लेकिन 1 जनवरी 1980 में नई दिल्ली लोकसभा क्षेत्र की वोटर्स लिस्ट में संशोधन हुआ, जिसमें सोनिया गांधी का नाम पोलिंग स्टेशन 145 में क्रम संख्या 388 पर जोड़ा गया।

**दूसरी बार 1983 में नाम जोड़ा गया**: 1982 में विरोध के बाद उनका नाम लिस्ट से हटा दिया गया था और 1983 में उनका नाम पोलिंग स्टेशन 140 में क्रम संख्या 236 पर फिर से जोड़ दिया गया। समस्या यह थी कि इस संशोधित सूची के लिए योग्यता की तारीख 1 जनवरी 1983 थी, जबकि सोनिया गांधी को भारतीय नागरिकता 30 अप्रैल 1983 को मिली थी। यानी उस समय भी वे भारतीय नागरिक नहीं थीं।

मालवीय ने यह सवाल भी उठाया कि सोनिया गांधी ने राजीव गांधी से शादी के 15 साल बाद जाकर ही भारतीय नागरिकता क्यों ली। उन्होंने कहा कि एक ही व्यक्ति का नाम दो बार बिना नागरिकता के वोटर लिस्ट में आना चुनावी गड़बड़ी का गंभीर मामला है।

### अनुराग बोले- एक व्यक्ति का नाम तीन बूथ पर

अनुराग ने कहा कि रायबरेली में मोहम्मद कैफ खान का नाम बूथ नंबर 83, 151, 218 हर जगह है। हाउस नंबर 189 के पोलिंग 131 पर 47 वोटर आईडी रजिस्टर हुए हैं। बंगाल के डायमंड हार्बर में के हाउस नंबर 0011, बूथ नंबर 103 पर कई धर्मों के वोटर्स रजिस्टर हुए हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस का चुनाव हारने का रिकॉर्ड रहा है और कांग्रेस के भीतर भी उनके नेतृत्व को लेकर सवाल उठते रहे हैं। जब भी राहुल गांधी चुनाव हारते हैं, वे ईवीएम और मतदाताओं को दोष देते हैं।

कई बार कांग्रेस ने कहा कि ईवीएम बीजेपी के लिए रिग की गई है, ईवीएम पर प्रतिबंध लगाने और बैलेट पेपर से मतदान की मांग की है। हर चुनावी हार के बाद कांग्रेस नया बहाना ढूंढती है, आत्ममंथन नहीं करती और चुनाव आयोग व संवैधानिक संस्थाओं पर आरोप लगाती है।

उन्होंने कहा कि बिहार चुनाव में भी कांग्रेस अपनी हार भांप चुकी है, इसलिए वह विपक्षी दलों के साथ मिलकर झूठे आरोप लगा रही है। 1952 में कांग्रेस और सीपीआई ने मिलकर बी.आर. अंबेडकर को हराने में भूमिका निभाई थी और कांग्रेस ने 1952 में ही चुनावी भ्रष्टाचार की नींव रख दी थी।

# 15 अगस्त को मीट की दुकानें बैन करने पर विवाद: ओवैसी बोले- इसका नॉनवेज से क्या रिश्ता, आदित्य बोले- हम नवरात्रि में भी नॉनवेज खाते हैं

**नई दिल्ली**: महाराष्ट्र के बाद तेलंगाना में भी 15 अगस्त, स्वतंत्रता दिवस पर मीट की दुकानें और बूचड़खाने बंद रखने के आदेश विवाद बढ़ गया। पिछले तीन दिन में ओल्ड हैदराबाद सिटी की नगर निगम के अलावा, ठाणे जिले के कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका, छत्रपति शिवाजी नगर पालिका प्रशासन ने ऐसे आदेश दिए। मीट बैन के फैसले पर शिवसेना (यूबीटी) के विधायक आदित्य ठाकरे ने नाराजगी जताई है। मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा- यह धर्म का मामला नहीं है और न ही यह राष्ट्रीय हित का मामला है।

एआईएमआईएम चीफ और हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने बुधवार को ओल्ड हैदराबाद सिटी के आदेश को असंवैधानिक बताया। कहा कि गोश्त खाने से 15 अगस्त, स्वतंत्रता दिवस का क्या लेना-देना है। इस फैसले के खिलाफ महाराष्ट्र में भी विरोध हो रहा है। शिवसेना के नेता आदित्य ठाकरे और उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने भी ऐसे फैसले को गलत बताया है।



### ओवैसी बोले- ये लोगों की निजता का हनन

सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, 'गोश्त खाने और स्वतंत्रता दिवस में क्या रिश्ता है। तेलंगाना में 99 प्रतिशत लोग गोश्त खाते हैं। ओवैसी ने इस फैसले को लोगों की स्वतंत्रता, निजता, आजीविका, संस्कृति, पोषण और धर्म के अधिकारों का उल्लंघन करने वाला फैसला बताया है।' तेलंगाना हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

तेलंगाना में यह मामला हाईकोर्ट तक जा पहुंचा है। तेलंगाना हाई कोर्ट ने ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) से स्वतंत्रता दिवस पर गोमांस की दुकानों और बूचड़खानों को बंद रखने के उसके आदेश के संबंध में स्पष्टीकरण मांगा है। तेलंगाना सरकार के इस आदेश के खिलाफ लगाई गई याचिका में कहा गया है कि यह आदेश मनमाना है। अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) और अनुच्छेद 19(1)(जी) (किसी भी पेशे को अपनाने का अधिकार) का उल्लंघन करता है। हाईकोर्ट के जस्टिस विजयसेन रेड्डी आज इस मामले में आगे की सुनवाई करेंगे।

### महाराष्ट्र के उप-मुख्यमंत्री अजीत पवार ने कहा- ऐसी रोक लगाना ठीक नहीं

अजीत पवार ने कहा, "मैंने टीवी पर खबर देखी, श्रद्धा का प्रश्न होता है तो इस तरह बंदी लगाई जाती है। आषाढ़ी एकादशी, महावीर जयंती जैसे अवसरों पर यह निर्णय लिया जाता है। अगर हम कोकण में जाएं तो वहां हर सब्जी में सूखा मछली (सुकट) डाला जाता है। उन्होंने कहा, इसलिए ऐसी रोक लगाना ठीक नहीं है। अगर भावनात्मक मुद्दा हो तो उस समय के लिए बंदी लगाई जाए तो लोग समझ सकते हैं। लेकिन, 15 अगस्त को महाराष्ट्र में बंदी लगाना उचित नहीं है। मैं इस बारे में जानकारी लूंगा। **नगर निगम खस्ताहाल सड़कों पर ध्यान दे**: आदित्य ठाकरे ने मांस बिक्री बंदी के फैसले पर कहा, 'ये हमारी चॉइस है कि स्वतंत्रता दिवस पर हम क्या खाएं और क्या नहीं। कल्याण-डोंबिवली महापालिका कमिश्नर को इस मामले में दखल देने का अधिकार नहीं है। नागरिकों पर शाकाहार थोपने के बजाय, खस्ताहाल सड़कों और बदहाल नागरिक सेवाओं को सुधारने पर ध्यान दें।

# सीजेआई गवई बोले-आवारा कुत्तों के मामले में दोबारा विचार करेंगे

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा था- 8 हफ्तों में दिल्ली-एनसीआर के आवारा कुत्तों को शेल्टर होम भेजें

**नई दिल्ली**: चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) बीआर गवई ने बुधवार को दिल्ली-एनसीआर की सड़कों से आवारा कुत्तों पर लगे प्रतिबंध पर फिर से विचार करने आश्वासन दिया। सीजेआई ने कॉन्फ्रेंस फॉर ह्यूमन राइट्स (इंडिया) की याचिका पर सुनवाई करते हुए टिप्पणी की।

एनजीओ की सचिव ननीता शर्मा ने सुप्रीम कोर्ट में मामले में सुनवाई के लिए जल्द तारीख तय करने की मांग की थी। सीजेआई ने जब मामले की सुनवाई पहले होने की बात कही तो, याचिकाकर्ता ने 2024 में जस्टिस जेके माहेश्वरी की बेंच के आदेश का हवाला दिया, जिसमें कहा गया था कि कुत्तों की बेहिसाब हत्या नहीं हो सकती।

इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने 11 अगस्त को डॉग बाइट्स और रेबीज के मामलों को देखते हुए सभी आवारा कुत्तों को 8 हफ्तों में दिल्ली-एनसीआर के आवासीय क्षेत्रों से हटाकर शेल्टर होम में भेजने का आदेश दिया था। कोर्ट ने इस काम में बाधा डालने वाले व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी थी।

### कोर्ट रूम लाइव

ननीता शर्मा (याचिकाकर्ता): माई लॉर्ड, हमारी याचिका तुरंत लिस्ट होनी चाहिए। यह दिल्ली में आवारा कुत्तों की नसबंदी और टीकाकरण से जुड़ा मामला है।

सीजेआई बीआर गवई: इस पर तो दूसरी बेंच आदेश दे चुकी है।

ननीता शर्मा: यही समस्या है माई लॉर्ड। 11 अगस्त को जस्टिस पारदीवाला की बेंच ने कुत्तों को शेल्टर भेजने का आदेश दिया, जबकि मई 2024 में जस्टिस माहेश्वरी की बेंच ने कहा था कि अंधाधुंध हत्या नहीं हो सकती और दया दिखाना संवैधानिक मूल्य है।

**सीजेआई गवई: समझ गया... मैं देखूंगा।**

# बंगाल में मेरा पड़ोस, मेरा समाधान प्रोजेक्ट को मिल रही बड़ी सफलता: ममता बनर्जी

### प्रोजेक्स का मकसद, सरकार सीधे जनता की जरूरतों के मुताबिक काम कर सके

कोलकाता,(ईएमएस)। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने राज्य में चल रहे मेरा पड़ोस, मेरा समाधान प्रोजेक्ट की अब तक की प्रगति की जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि इस प्रोजेक्ट को पूरे राज्य में लोगों का समर्थन मिल रहा है और लाखों लोग इससे जुड़ रहे हैं। सीएम ममता के मुताबिक मंगलवार शाम तक के आंकड़े के मुताबिक अब तक 14,265 बूथ कवर किए गए हैं और कुल 80,681 बूथ कवर किए जाना हैं। इसके तहत 28,753 कैंप लगाए जाने हैं, जिनमें से अब तक 5,428 कैंप लगाए जा चुके हैं। अब तक कैंप में भाग लेने वाले लोगों की संख्या 29,51,164 है। प्रति कैंप औसतन प्रतिभागी 544 लोगों की है। अब तक प्राथमिकता के आधार पर चुने गए प्रोजेक्ट



1,36,415 हैं।

सीएम ममता ने एक्स पोस्ट के जरिए बताया कि अब तक करीब 30 लाख लोग इन कैंपों में शामिल हुए हैं, जो इस योजना की सफलता का बड़ा प्रमाण है। उन्होंने कहा कि मुझे गर्व है कि बंगाल के लोगों ने इस प्रोजेक्ट को दिल से अपनाया। यह हमारी सरकार की जनसेवा और लोगों के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने इस प्रोजेक्ट को सफल बनाने में जुटे सभी सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों की मेहनत की सराहना की।

सीएम ममता ने कहा कि मैं उन सभी सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों को बधाई देती हूं, जो दिन-रात मेहनत कर इस प्रोजेक्ट को सफल बनाने में लगे हैं। मेरा पड़ोस, मेरा समाधान प्रोजेक्ट का उद्देश्य लोगों की समस्याओं का समाधान करना और प्राथमिकता के आधार पर जरूरी प्रोजेक्ट शुरू करना है। इसके तहत प्रदेश भर में कैंप लगाकर लोगों से उनकी समस्याएं और सुझाव लिए जा रहे हैं, ताकि सरकार सीधे जनता की जरूरतों के मुताबिक काम कर सके।

## संसदीय समिति ने फास्टैग-आधारित टोल कलेक्शन सिस्टम की कमियों को उजागर किया

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय संसद की एक संसदीय समिति ने फास्टैग-आधारित टोल कलेक्शन सिस्टम में कुछ कमियों को लेकर चिंता जाहिर की है। समिति का मानना है कि इन कमियों का असर रोड टैक्स के कलेक्शन पर पड़ रहा है। संसदीय समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा हैं कि कई टोल प्लाजा पर फास्टैग खरीदने, रिचार्ज करने या बदलने जैसी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं, जिससे यात्रियों को परेशानी होती है। अगर कोई गलत कटौती होती है या लाइन में देरी होती है, तब यात्रियों के पास शिकायत करने का कोई प्रभावी तरीका नहीं है। टोल प्लाजा पर अक्सर स्कैनर काम करना बंद कर देते हैं, जिससे टोल कलेक्शन की प्रक्रिया बाधित होती है और भीड़ बढ़ जाती है। सड़क एवं परिवहन मंत्रालय एआई-आधारित ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकॉग्निशन (एएनपीआर) जैसी नई तकनीकों पर काम कर रहा है, लेकिन शुरुआती प्रयोगों से सिर्फ संभावित फायदे ही दिख रहे हैं। समिति ने कुछ अवैध टोल बूथों का भी पता लगाया है, जो सिस्टम में निगरानी की कमी को उजागर करता है।

एनएचएआई को एक ऐसा डैशबोर्ड विकसित करना चाहिए जो टोल प्लाजा पर ट्रैफिक की स्थिति, कतार की लंबाई और प्रतीक्षा समय को लाइव ट्रैक कर सके।

# एलआईसी में हिस्सेदारी बेचने की तैयारी में सरकार, शुरू करेगी रोडशो

### 14,000- 17,000 करोड़ की होगी कमाई

सरकार भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) में अपनी हिस्सेदारी बेचने की तैयारी के लिए अगले दो सप्ताह के भीतर रोड शो शुरू कर सकती है। सीएनबीसी-टीवी18 ने अपनी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। विनिवेश के पहले दौर में एलआईसी के 2.5% से 3% शेयर बेचे जा सकते हैं। मोतीलाल ओसवाल और आईडीबीआई कैपिटल को इस ऑफर फॉर सेल का मैनेजर बनाया जा सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि रोडशो के बाद पहले चरण का अंतिम आकार और कीमत तय की जाएगी।

### 14,000- 17,000 करोड़ की होगी कमाई

पहले चरण में इस बिक्री से केंद्र सरकार को लगभग 14,000 करोड़ से 17,000 करोड़ तक की आय होने का अनुमान है। वर्तमान में सरकार के पास एलआईसी में 96.5% हिस्सेदारी है। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ने एलआईसी को 16 मई, 2027 तक अपनी सार्वजनिक हिस्सेदारी को वर्तमान 3.5% से कम से कम 10% तक बढ़ाने का समय दिया है।

### एलआईसी की फाइनैंशियल हेल्थ

इस महीने की शुरुआत में, एलआईसी ने वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही के अपने नतीजों का ऐलान किया था। Q1FY26 में बीमा कंपनी का नेट प्रॉफिट 5.02% बढ़कर 10,986 करोड़ रूपये रहा। एक साल पहले की समान तिमाही में यह 10,461 करोड़ रुपये था। इरडा के अनुसार फर्स्ट ईयर प्रीमियम इनकम के आधार पर बाजार हिस्सेदारी में एलआईसी देश में जीवन बीमा कारोबार में अब भी मार्केट लीडर बनी हुई है, जिसकी कुल हिस्सेदारी 63.51% रही। 30 जून 2025 को समाप्त तिमाही में, व्यक्तिगत बिजनेस में एलआईसी की बाजार हिस्सेदारी 38.76% रही, जबकि ग्रुप बिजनेस में यह 76.54% रही।

# केजरीवाल-सिसोदिया की ईडी का केस रद्द करने की मांग: शराब घोटाले से जुड़ा मामला, 12 नवंबर तक सुनवाई टली

**नई दिल्ली**: दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल और पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया से जुड़ी शराब घोटाले की एक याचिका पर मंगलवार को दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। दोनों नेताओं ने हाईकोर्ट में इस मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से दर्ज केस को रद्द करने की मांग की। हाईकोर्ट ने कुछ दलीलें सुनने के बाद सुनवाई 12 नवंबर तक टाल दी। हाईकोर्ट में केजरीवाल और सिसोदिया ने इस दलील के साथ ईडी केस को रद्द करने की मांग की थी कि इस मामले में मुकदमा चलाने की मंजूरी नहीं ली गई थी।

ईडी की ओर से पेश हुए एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा, मंजूरी ली गई थी और




इसे ट्रायल कोर्ट में पेश किया गया था। आम आदमी पार्टी की ओर से पेश वरिष्ठ वकील रेबेका जॉन ने एसवी राजू की दलील का खंडन करते हुए कहा, यह इस अदालत के समक्ष नहीं है। ईडी ने मंजूरी लिए बिना डिटेल जवाब दाखिल किया। उन्होंने याचिका में ईडी के जवाब को पढ़ा। उन्होंने कहा, ईडी ने पहले कहा था कि सीबीआई की मंजूरी में ईडी की कार्यवाही भी शामिल है। दो साल बाद उन्होंने 14 फरवरी 2025 को नई अनुमति को रिकॉर्ड पर रखा। उससे उनका मूल आधार नहीं हटा। कोर्ट ने कहा कि ईडी ने दिल्ली के एलजी से मंजूरी ली है।

### चार्जशीट ट्रायल कोर्ट में दायर हुई थी, 5 पॉइंट में पूरा मामला

ईडी ने पिछले साल जुलाई में ट्रायल कोर्ट में केजरीवाल के खिलाफ 7वीं चार्जशीट दायर की थी। ट्रायल कोर्ट ने 9 जुलाई को चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुए कहा था- केजरीवाल के खिलाफ केस चलाने के लिए पर्याप्त सबूत हैं। केजरीवाल ने नवंबर में दिल्ली हाईकोर्ट में ईडी की 7वीं चार्जशीट पर संज्ञान लेने वाले ट्रायल कोर्ट के आदेश को रद्द करने की मांग की थी। उन्होंने कहा था कि ईडी ने जो आरोप लगाए हैं, उन आरोपों के समय वे पब्लिक सर्वेंट थे। दिल्ली के मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। केस चलाने के लिए ईडी के पास आवश्यक मंजूरी नहीं थी। इसके बावजूद ट्रायल कोर्ट ने चार्जशीट पर एक्शन लिया।

हाईकोर्ट से केजरीवाल की मांग खारिज होने के बाद केजरीवाल सुप्रीम कोर्ट पहुंचे। जहां कोर्ट ने उनके हक में फैसला सुनाया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि केस चलाने के लिए सरकार की अनुमति जरूरी है।

इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने 6 नवंबर को फैसला सुनाते हुए कहा था कि पब्लिक सर्वेंट पर सरकार की अनुमति के बिना मनी लॉन्ड्रिंग (PMLA) की धाराओं के तहत केस नहीं चलाया जा सकता है। यह नियम CBI और स्टेट पुलिस पर भी लागू होगी। इसके बाद ईडी ने राज्यपाल से इजाजत मांगी।

ईडी ने पिछले साल जुलाई में केजरीवाल के खिलाफ 7वीं चार्जशीट दायर की थी, जिस पर निचली अदालत ने 9 जुलाई को संज्ञान लेकर कहा था कि केजरीवाल के खिलाफ केस चलाने के लिए पर्याप्त सबूत हैं। सुप्रीम कोर्ट ने 6 नवंबर को फैसला सुनाया था कि सरकारी कर्मचारी पर सरकार की अनुमति के बिना मनी लॉन्ड्रिंग (पीएमएलए) के तहत केस नहीं चलाया जा सकता। यह फैसला सीबीआई और राज्य पुलिस पर भी लागू होता है। इस फैसले के बाद ईडी ने दिल्ली के उपराज्यपाल से अनुमति मांगी। अब इस मामले की अगली सुनवाई 12 नवंबर को होगी।

# रूस-यूक्रेन में जमीनों की अदला-बदली पर यूरोप के 26 देश हुए ट्रंप के खिलाफ

ब्रुसेल्स,(ईएमएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चाहते हैं कि रूस को जो जमीनें चाहिए उसे यूक्रेन दे दे। इसके लिए संविधान भी बदलना पड़े तो बदल लें। पुतिन के साथ होने वाली मुलाकात से पहले उन्होंने ये वादा किया है। दो दिन बाद यानी 15 अगस्त को यह मुलाकात होने वाली है। उससे पहले यूरोप के 26 देश ट्रंप के इस इरादे के खिलाफ हैं। यूरोपीय यूनियन के इन देशों ने चेतावनी दी है कि यूक्रेन की सीमाओं को बलपूर्वक नहीं बदला जाना चाहिए।
एक संयुगत बयान जारी कर यूरोपीय नेताओं ने कहा कि यूक्रेन के लोगों को अपना भविष्य तय करने की आजादी होनी चाहिए। उसकी क्षेत्री अखंडता का सम्मान किया जाना चाहिए और इंटरनेशनल बॉर्डर को ताकत के दम पर नहीं बदला जाना चाहिए। इस बयान पर 27 में से 26 नेताओं ने हस्ताक्षर किए हैं, सिर्फ हंगरी के पीएम विक्टर ऑर्बन ने इससे दूरी बना ली। विक्टर ऑर्बन का राष्ट्रपति पुतिन के साथ दोस्ताना रिश्ता है। जब ऑर्बन से पूछा गया कि क्या यूक्रेन



युद्ध जीत सकता है, जिस पर ऑर्बन ने उन्हें 'मूर्खतापूर्ण सवाल' बताया और संकेत दिया कि रूस तब तक लड़ता रहेगा जब तक वह जीत नहीं जाता।
यूरोपीय देशों का यह बयान बताता है कि ट्रंप के बयान के बाद वे कितने परेशान हैं। खासकर वे देश जो रूस की सीमा से लगे हैं और जिन्होंने सोवियत युग में कब्जे का दौर देखा है। उन्हें लगता है कि अगर यूक्रेन में ऐसा हुआ तो उनके लिए खतरा हो सकता है। हाल के वर्षों में स्वीडन और फिनलैंड नाटो में शामिल हो चुके हैं, बाल्टिक देशों ने सैन्य भर्ती फिर से शुरू की है और पोलैंड ने रूस की सीमा पर दीवार बनाने के लिए अरबों डॉलर अलग रखे हैं।
मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यूरोप के इतिहास में सीमाएं कई बार खूनी युद्धों से बदली गई हैं, इसलिए अमेरिका द्वारा यूक्रेन में ऐसा होने की अनुमति देने का विचार भी उन्हें अस्वीकार्य है। यूरोपीय यूनियन रूस द्वारा बलपूर्वक कब्जाए गए क्षेत्रों की कानूनी मान्यता को स्वीकार नहीं कर सकता। ट्रंप ने कहा है कि किसी भी शांति समझौते में कुछ क्षेत्रों की अदला-बदली शामिल हो सकती है, जिसमें रूस पूरे डोनबास क्षेत्र और क्रीमिया को अपने पास रखे, बदले में खेरसॉन और जापोरिजिया क्षेत्रों को छोड़ दे, जिन्हें वह आंशिक रूप से कंट्रोल करता है।
नाटो प्रमुख मार्क रुटे ने कहा था कि कुछ क्षेत्र रूस के नियंत्रण में रह सकते हैं, लेकिन इसकी औपचारिक मान्यता नहीं दी जानी चाहिए। औपचारिक मान्यता के लिए यूक्रेन के संविधान में संशोधन और जनमत संग्रह की जरुरत होगी, जो संसद की मंजूरी पर निर्भर है। यह राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के लिए कठिन होगा और उनकी सरकार के अंत का कारण बन सकता है।

### नोबेल पाने के लिए इस तरह के हथकंड़ अपना रहे डोनाल्ड ट्रंप

भारत पर टैरिफ, पाकिस्तान पर मेहरबानी और रूस से बैक चैनल बातचीत अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ये चाल देखकर हर कोई हैरान है। सिर्फ भारत ही नहीं, दुनिया के डिप्लोमैट को समझ नहीं आ रहा कि ट्रंप आखिर चाहते क्या हैं? मगर पूर्व अमेरिकी डिप्लोमैट जॉन बोल्टन ने उनके इरादे का खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर पर प्यार, भारत पर डबल टैरिफ और रूस से गुपचुप बातचीत किसी प्लान का हिस्सा नहीं, बल्कि ट्रंप की नोबेल पीस प्राइज पाने के सपने का सबूत है। पूर्व अमेरिकी डिप्लोमैट सीन ने कहा कि भारत ने रूस से सस्ता तेल खरीदा, तब ट्रंप ने टैरिफ की गाज गिरा दी। मजेदार बात ये है कि चीन ने भी रूस से तेल खरीदा, लेकिन ट्रंप के बयानों में बीजिंग का कोई ज़िक्र नहीं है। अगर अमेरिका खुद रूस से एनर्जी डील करे, तब राष्ट्र के हित में लिया गया फैसला बताया जाता है। उधर पाकिस्तान को रेड कार्पेट वेलकम देकर ट्रंप मानो ये मैसेज दे रहे हों कि देखो, मैं सभी को साथ ला सकता हूं। सवाल है कि क्या ये विदेश नीति है, या बस ओस्लो से आने वाली एक कॉल का इंतजार? बोल्टन का दावा है कि ट्रंप की पाकिस्तान से अचानक दोस्ती महज इसलिए है क्योंकि वे खुद को एक इसतरह के लीडर के रूप में पेश करना चाहते हैं जो भारत और पाकिस्तान के बीच शांति समझौता करा सके और इसके लिए नोबेल के लिए नाम भेज सके। अमेरिका-रूस के टॉप डिप्लोमैट्स के बीच एक सीक्रेट बैकचैनल खुलने की चर्चा है। रिपोर्ट्स कहती हैं कि ये इनिशिएटिव व्हाइट हाउस की ओर से आया और पर्सनली ट्रंप के इशारे पर हुआ। इसका मकसद सभी के सामने यूक्रेन को हथियार देना और रूस को आक्रामक बताना, लेकिन बैकग्राउंड में पीस टॉक की इमेज बनाना, ताकि ये कहा जा सके कि देखो, मैंने जंग खत्म करवा दी।

# पुतिन और ट्रंप की मुलाकात से पहले... रूस ने 110,000 सैनिक तैनात किए

मास्को | रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध को समाप्त करने के लिए 15 अगस्त को पुतिन और ट्रंप के बीच होने वाली मुलाकात से पहले तनाव बढ़ गया है। यूक्रेनी जनरल स्टाफ के अनुसार, पुतिन ने डोनेट्स्क फ्रंटलाइन पर लगभग 110,000 सैनिक तैनात किए हैं, और रूसी सेना ने कोयला खनन वाले शहर डोब्रोपिलिया के पास 10 किमी की बढ़त बना ली है। रूस ने ब्रिटेन पर आरोप लगाया है कि वह ट्रंप-पुतिन शांति वार्ता को विफल करने की कोशिश कर रहा है। ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीयर स्टार्मर ने पुतिन को अविश्वसनीय बताकर चेतावनी दी कि रूस युद्धविराम का इस्तेमाल फिर से हथियारबंद होने के लिए कर सकता है। वहीं यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने साफ कर दिया है कि वह देश के पूर्वी हिस्से, खासकर डोनबास क्षेत्र, को रूस के हवाले नहीं करने वाले है। उनका कहना है कि ऐसा करने से पुतिन को तीसरा युद्ध शुरू करने का मौका मिलेगा। लेकिन वे ऐसा कतई नहीं करने देने वाले है।
रूस ने आरोप लगाया है कि यूक्रेन एक उकसावे की कार्रवाई की तैयारी कर रहा है, जिसमें आवासीय इलाके या अस्पताल पर हमला करके नागरिक हताहतों की संख्या बढ़ाना शामिल है। रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने उत्तर कोरिया के सुप्रीम लीडर किम जोंग-उन से टेलीफोन पर बात की और यूक्रेन की घुसपैठ से कुर्स्क क्षेत्र को मुक्त कराने में उत्तर कोरिया के समर्थन की सराहना की। माना जा रहा है कि यह उत्तर कोरिया द्वारा भेजे गए सैनिकों के बारे में है।
ट्रंप का कहना है कि उनकी कोशिश है कि पुतिन और जेलेंस्की को एक साथ बैठाकर मसला हल करवाया जाए, जिसमें जमीन की अदला-बदली भी शामिल हो सकती है। दक्षिणी यूक्रेन के एक बीच पर हुए ब्लास्ट में कम से कम तीन सैलानियों की मौत हो गई। यह ब्लास्ट समुद्री बारूदी सुरंगों के कारण हुआ।

### किम जोंग-उन ने रूस को पूर्ण समर्थन का वादा किया

उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से फ़ोन पर बात की और यूक्रेन युद्ध में रूस को पूर्ण समर्थन देने की बात कही। यह जानकारी उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया ने दी। यह बातचीत तब हुई है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और पुतिन के बीच अलास्का में एक शिखर सम्मेलन होना है, जिसमें यूक्रेन युद्ध पर चर्चा होने की उम्मीद है।
किम ने कहा कि उत्तर कोरिया पिछले साल जून में हुए रक्षा समझौते के प्रति हमेशा वफादार रहेगा और रूस के भविष्य के सभी कदमों का समर्थन करेगा। इस समझौते के तहत, अगर किसी भी पक्ष पर हमला होता है, तब दूसरा पक्ष बिना देरी के सैन्य सहायता प्रदान करेगा। पुतिन ने यूक्रेन युद्ध में उत्तर कोरियाई सैनिकों के साहस और बलिदान की सराहना की। उन्होंने विशेष रूप से रूस के कुर्स्क क्षेत्र को मुक्त कराने में उत्तर कोरियाई पीपुल्स आर्मी के योगदान की तारीफ की। दोनों नेताओं ने भविष्य में आपसी सहयोग बढ़ाने और लगातार संपर्क बनाए रखने पर सहमति जाहिर की है। रूसी मीडिया के अनुसार, पुतिन ने किम को ट्रंप के साथ होने वाली अपनी आगामी बैठक के बारे में भी बताया, हालांकि केसीएनए ने इस विवरण का उल्लेख नहीं किया। पुतिन ने 15 अगस्त को उत्तर कोरिया की 80वीं मुक्ति वर्षगांठ पर किम को बधाई दी, जो जापान के औपनिवेशिक शासन से कोरिया की मुक्ति का प्रतीक है। उत्तर कोरिया पहले ही रूस को सैनिक और हथियार भेज चुका है। रूसी मीडिया ने यह भी बताया कि उत्तर कोरिया कुर्स्क में पुनर्निर्माण के लिए 5,000 सैन्य निर्माणकर्मी और 1,000 सैपर भेजेगा।

### पुतिन ने कहा- कुर्स्क की आज़ादी में बड़ा योगदान

मॉस्को,(ईएमएस)। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन से टेलीफोन पर बात की है। इस बातचीत के दौरान पुतिन ने किम जोंग उन को कुर्स्क क्षेत्र को यूक्रेन से मुक्त कराने में सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, पुतिन ने मंगलवार को किम जोंग उन से बात करते हुए ट्रंप के साथ होने वाली आगामी वार्ता के संबंध में भी विस्तृत जानकारी दी। पुतिन ने कहा कि उत्तर कोरियाई सैनिकों ने युद्ध के दौरान असाधारण साहस और वीरता का प्रदर्शन किया है और कुर्स्क की आज़ादी में उनका योगदान अहम रहा है। यहां बताते चलें कि दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसियों का अनुमान है कि पश्चिमी रूस में वर्तमान में 10,000 से अधिक उत्तर कोरियाई सैनिक तैनात हैं।

## शिनजियांग-तिब्बत रेल परियोजना को 2025 में ही शुरू करेगा चीन, भारत चिंतित



बीजिंग (ईएमएस)। चीन अपनी महत्वाकांक्षी शिनजियांग-तिब्बत रेल परियोजना को 2025 में शुरू करने की तैयारी में है। यह परियोजना भारत के लिए चिंता का विषय बन गई है, क्योंकि इसका एक हिस्सा पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास अक्साई चिन से होकर गुजरेगा। यह परियोजना चीन की 2035 तक तिब्बत में 5,000 किलोमीटर का रेल ढांचा स्थापित करने की योजना का हिस्सा है। अक्साई चिन, जिसे भारत अपना अभिन्न अंग मानता है, रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण क्षेत्र है, जहाँ से चीन का जी-219 राजमार्ग भी गुजरता है। इस रेल लिंक से चीन को सीमावर्ती क्षेत्रों में सैनिकों और उपकरणों की तेज़ी से आवाजाही करने में मदद मिलेगी। इससे भारत के लिए सुरक्षा चुनौतियाँ बढ़ सकती हैं। यह परियोजना उस समय में शुरू हो रही है जब 2020 के पूर्वी लद्दाख में हुए सैन्य विवाद का समाधान हाल ही में हुआ है। इस कदम से दोनों देशों के बीच फिर से तनाव बढ़ सकता है। चीन सिर्फ रेल परियोजना तक ही सीमित नहीं है। वह भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र में ब्रह्मपुत्र नदी पर एक विशाल बांध परियोजना का निर्माण भी कर रहा है। इससे भारत के लिए बाढ़ का खतरा उत्पन्न हो सकता है। भारत ने चीन के इन निर्माण कार्यों पर कड़ा विरोध जताया है और वैश्विक पर्यावरण तथा क्षेत्र की प्राकृतिक पारिस्थितिकी को होने वाले नुकसान की चेतावनी दी है। भारत का मानना है कि इस क्षेत्र में रेलवे लाइन का निर्माण चीन की सेना को एलएसी के करीब सैनिक और हथियार तेजी से पहुंचाने में मदद करेगा। रिटायर्ड जनरल जे.जे. सिंह ने 2023 में लिखा था, कि चीन अपने इस रणनीतिक धमनियों जैसे रास्तों के प्रति बेहद संवेदनशील है और यही वजह है कि भारत को यह प्रोजेक्ट चिंताजनक लगता है। इसीलिए आने वाले वक्त में जैसे जैसे इस प्रोजेक्ट को लेकर काम आगे बढ़ेगा, भारत के लिए सुरक्षा चिंताएं बढ़ती जाएंगी।

# आयरलैंड में भारतीयों पर हमलाः भड़के राष्ट्रपति ने लगाई फटकार, गिना दी उपलब्धियां

डबलिन(ईएमएस)। आयरलैंड में भारतीयों पर हो रहे हमलों को लेकर राष्ट्रपति माइकल डी हिगिंस नाराज दिख रहे हैं। उन्होंने इन हमलों की कड़ी निंदा करते हुए इन्हें घिनौना और देश के मूल्यों के साथ गद्दारी करार दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय मूल के लोग न सिर्फ आयरलैंड की पहचान का अहम हिस्सा हैं, बल्कि उनकी मौजूदगी से यहां का सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन और समृदध हुआ है। राष्ट्रपति हिगिंस ने एक बयान में भारतीय समुदाय के प्रति गहरी कृतज्ञता जताई और कहा- 'चिकित्सा, नर्सिंग, देखभाल, संस्कृति, कारोबार और उद्यमिता में उनका योगदान हमारे साझा जीवन के लिए एक वरदान रहा है।
उनका यह बयान ऐसे समय में आया है जब देश में नस्ली हिंसा को लेकर चिंता बढ़ी है। पिछले कुछ हफ्तों में भारतीय मूल के कई लोग हमले के शिकार हुए हैं। हालात ये हो गए कि भारतीय दूतावास को सुरक्षा से जुड़ी सलाह भी जारी करना पड़ा। इसमें भारतीय नागरिकों को सुनसान इलाकों से बचने की सलाह दी गई। राष्ट्रपति ने दोनों देशों के ऐतिहासिक रिश्तों का जिक्र किया, जिसमें स्वतंत्रता संग्राम के साझा अनुभव और आयरिश महिला मार्गरेट कजिन्स की ओर से ऑल इंडिया वीमेंस कॉन्फ्रेंस की स्थापना जैसी मिसालें शामिल हैं। उन्होंने कहा, 'इस तरह की हिंसा हम सभी को छोटा कर देती है और भारत के लोगों की और से इस देश को दिए गए अनगिनत लाभों को ढक देती है।
सोशल मीडिया पर फैलने वाले नफरत और हिंसा से जुड़े पोस्ट को भी आयरलैंड की मेहमाननवाजी और



दोस्ती की परंपरा के लिए जहर बताया। उन्होंने कहा कि मेहमाननवाजी और दोस्ती का सिद्धांत आयरलैंड के हर व्यक्ति पर बिना किसी अपवाद के लागू होने चाहिए, ताकि सभी समुदाय यहां सुरक्षा, गरिमा और आपसी सम्मान के साथ रह सकें। बीते हफ्तों में कई हिंसक घटनाओं ने चिंता बढ़ा दी है। 19 जुलाई को टालहट, डबलिन में भारत से महज तीन सप्ताह पहले पहुंचे 40 साल के अमेजन कर्मचारी पर एक किशोर गैंग ने हमला किया। पीड़ित को पीटा गया, चेहरे पर चाकू से हमला किया गया और कपड़े तक फाड़ दिए गए। पुलिस इसे संभावित हेट क्राइम मान रही है। एक आयरिश महिला, जेनिफर मरे, जो बीच-बचाव के लिए आई थीं, ने वीडियो में बताया कि कम से कम चार भारतीय पुरुषों और एक अन्य व्यक्ति के चेहरे पर इस गैंग ने चाकू से वार किया।

# दक्षिण कोरिया में पहली बाद पूर्व राष्ट्रपति और उनकी पत्नी को जेल

सियोल,(ईएमएस)। दक्षिण कोरिया के राजनीतिक इतिहास में पहली बार देश के एक पूर्व राष्ट्रपति और उनकी पत्नी, पूर्व फर्स्ट लेडी किम की-योन ही, दोनों को एक साथ जेल हुई है। कोर्ट ने किम को रिश्वतखोरी, स्टॉक फ्रॉड और चुनावी हस्तक्षेप के गंभीर आरोपों में गिरफ्तार करने का आदेश दिया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सियोल कोर्ट ने गिरफ्तारी के पीछे सबूतों से छेड़छाड़ की आशंका को मुख्य कारण बताया। जांच एजेंसियों के मुताबिक किम पर महंगे गिफ्ट लेने, शेयर बाजार में इनसाइडर ट्रेडिंग और राजनीतिक प्रक्रिया में अनुचित दखल के आरोप हैं।
यह मामला इसलिए भी खास है क्योंकि उनके पति, पूर्व राष्ट्रपति पहले से ही भ्रष्टाचार और सत्ता के दुरुपयोग के मामलों में जेल की सजा काट रहे हैं। विश्लेषकों का कहना है कि यह घटना दक्षिण कोरिया की राजनीति में भ्रष्टाचार विरोधी सख्ती का संकेत है। दक्षिण कोरिया में पहले भी कई पूर्व राष्ट्रपतियों पर मुकदमे हुए हैं, लेकिन पति-पत्नी दोनों का एक साथ जेल जाना



इतिहास में पहली बार है। यह देश की राजनीतिक संस्कृति, न्यायपालिका की स्वतंत्रता और सत्ता में बैठे लोगों की जवाबदेही पर गंभीर बहस छेड़ सकता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह मामला सुर्खियां बटोर रहा है, क्योंकि दक्षिण कोरिया की छवि एक सख्त लोकतांत्रिक और पारदर्शी देश की रही है। वहीं, विपक्ष इसे सरकार का प्रतिशोध बता रहा है। बता दें 2004 में रोह मू-ह्यून ने राष्ट्रपति रहते हुए महाभियोग का सामना किया था हालांकि बाद में वह बहाल हो गए थे। इसके बाद 2009 में भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के बीच उन्होंने आत्महत्या कर ली। ली म्युंग-बाक को 2018 में रिश्वतखोरी और गबन के आरोप में 15 साल की सजा सुनाई गई। 2022 में स्वास्थ्य आधार पर अस्थायी रिहाई मिली थी। 2017 में पार्क ग्युन-हे को भ्रष्टाचार और सत्ता के दुरुपयोग के मामले में 25 साल की सजा हुई। 2021 में राष्ट्रपति माफी के तहत रिहाई मिली। 2023 में मून जे-इन पर कार्यकाल खत्म होने के बाद भाई पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे, लेकिन खुद जांच से बच गए।

# शेख हसीना की दलीलें रखने कोर्ट ने सीनियर एडवोकेट को नहीं दी इजाजत

### जजों के पैनल के चेयरमैन ने कहा- सरकार ने एक वकील किया है नियुक्त

ढाका,(ईएमएस)। बांग्लादेश में पूर्व पीएम शेख हसीना इस वक्त भारत में हैं, लेकिन उनके खिलाफ ढाका में मुकदमा चल रहा है। वहां कोर्ट ने शेख हसीना की दलीलें रखने के लिए सीनियर एडवोकेट तक रखने की इजाजत नहीं दी। अब सवाल उठ रहे हैं कि क्या शेख हसीना पर चल रहे मुकदमे में न्याय हो पाएगा या नहीं। सीनियर एडवोकेट जीआई खान ने शेख हसीना का बचाव करने की इच्छा जताई थी, लेकिन उनकी याचिका



को खारिज कर दिया गया।
अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण के तीन जजों वाले पैनल के चेयरमैन एम गुलाम मोर्तुजा मोजुमदर ने कहा कि सरकार ने शेख हसीना के लिए एक वकील नियुक्त किया है। इस मामले में अब कोई बदलाव नहीं होगा। उन्होंने यह भी कहा कि न्यायाधिकरण के अधिकार क्षेत्र में है कि वह किसे बचाव पक्ष का वकील नियुक्त करे। उन्होंने एक वरिष्ठ वकील की याचिका को खारिज करते हुए कहा कि अब जब गाड़ी चल पड़ी है, तो अब स्टेशन मास्टर से पूछना कि बोर्डिंग का इंतजाम करें, उचित नहीं।
बता दें शेख हसीना और पूर्व गृह मंत्री असदुज्जमान खान कमाल के खिलाफ उनकी गैर-मौजूदगी में मुकदमा चल रहा है। कोर्ट ने उन्हें बचाव के लिए एक वकील अमीर हुसैन नियुक्त किया है। मुकदमे में तीसरा आरोपी, पूर्व पुलिस प्रमुख चौधरी अब्दुल्ला अल-ममुन, 'अपरोवर' बन गया है और वह सह-अभियुक्तों के खिलाफ गवाही दे रहा है। जबकि याचका दाखिल करने वाले जीआई खान पन्ना सीनियर एडवोकेट हैं, जिन्हें 1971 के बांग्लादेश स्वतंत्रता संग्राम के बारे में जानकारी है। वे बांग्लादेश बार काउंसिल के कानूनी सहायता समिति के अध्यक्ष भी हैं, वे खुले तौर पर पूर्व आवामी लीग सरकार की आलोचना करते रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा है कि वे शेख हसीना का बचाव करना चाहते हैं। पन्ना वर्तमान में यूनुस सरकार की आलोचना करते हैं और आरोप लगाते हैं कि वे 1971 की आजादी के विरोधी शक्तियों का संरक्षण कर रहे हैं। कार्यवाही को देख रहे ब्रिटिश पत्रकार और मानवाधिकार कार्यकर्ता डेविड बर्गमैन ने कोर्ट की कार्यवाही पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि दोनों आरोपियों के लिए एक ही वकील नियुक्त करना उचित नहीं है क्योंकि उनके मामले अलग-अलग हैं, जिससे उनके लिए उचित बचाव संभव नहीं हो पाता। इसके अलावा बचाव पक्ष को मुकदमे की तैयारी के लिए बेहद कम समय मिला है। इस मुकदमे में शेख हसीना पर मानवता के खिलाफ अपराधों का आरोप है, जिसमें आरोप है कि उन्होंने जुलाई 2024 में हुए छात्रों के विरोध आंदोलन के दौरान हिंसक कार्रवाई के आदेश दिए थे। इस दौरान करीब 1,400 लोग मारे गए थे। शेख हसीना ने अगस्त 2024 में पद से इस्तीफा दिया और तब से भारत में रह रही हैं।

## अमेरिकी कूटनीतिक भारत-पाकिस्तान के लिए समान रूप से प्रतिबद्ध, दोनों से अच्छे संबंधः ब्रूस

वाशिंगटन,(ईएमएस)। पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर के अमेरिका दौरे के दौरान परमाणु युद्ध के धमकी वाले बयान के बाद अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने साफ कहा है कि उसका भारत और पाकिस्तान दोनों के साथ संबंधों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता ब्रूस ने कहा कि अमेरिकी कूटनीतिक दल दोनों देशों के प्रति समान रूप से प्रतिबद्ध है। बता दें जनरल मुनीर बीते दो महीनों में दूसरी बार अमेरिका पहुंचे थे। उसने वॉशिंगटन से बयान देते हुए भारत पर परमाणु हमला करने और आधी दुनिया को तबाह करने की धमकी दी थी। यह माना जा रहा है कि यह पहली बार है जब किसी तीसरे देश को अमेरिकी धरती से परमाणु हमले की खुली चेतावनी दी गई है। ब्रूस ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस दावे को भी दोहराया, जिसमें उन्होंने भारत–पाकिस्तान सैन्य संघर्ष के बाद अमेरिका की सुलह में भूमिका को बहुत गर्व का पल बताया था। ब्रूस ने कहा कि हमने तुरंत उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, राष्ट्रपति ट्रंप और विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ मिलकर हमलों को रोकने और दोनों पक्षों को साथ लाने का काम किया। यह हमारे लिए गर्व का क्षण है। जब बूंस से पूछा गया कि क्या ट्रंप और मुनीर की मुलाकात के बाद अमेरिका पाकिस्तान को अधिक सैन्य मदद और हथियार देगा। इस सवाल के जवाब में ब्रूस ने कहा कि हमारा भारत और पाकिस्तान दोनों के साथ संबंध अच्छे हैं और अपरिवर्तित रहेंगे। हमारे राजनयिक दोनों देशों के प्रति प्रतिबद्ध हैं। ब्रूस ने मंगलवार को इस्लामाबाद में हुई अमेरिका–पाकिस्तान काउंटर-टेररिज्म डायलॉग का उल्लेख करते हुए बताया कि दोनों देशों ने हर प्रकार के आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में साझा प्रतिबद्धता दोहराई है। बैठक में आतंकवादी खतरों से निपटने के लिए सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा हुई।

## अमेरिका ने की तारीफ कहा- पाकिस्तान आतंकियों के खिलाफ कर रहा है जोरदार कार्रवाई

वॉशिंगटन,(ईएमएस)। अमेरिका ने पाकिस्तान में आतंकवादी घटनाओं में हुई जानमाल की हानि पर संवेदना व्यक्त की, जिसमें जाफर एक्सप्रेस आतंकी हमला और खुज़दार में स्कूल बस पर बम धमाका शामिल हैं। संयुक्त बयान के मुताबिक, संयुक्त राज्य अमेरिका ने उन आतंकवादी संगठनों को नियंत्रित करने में पाकिस्तान की निरंतर सफलताओं की सराहना की है जो क्षेत्र और विश्व की शांति एवं सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करते हैं। इससे एक दिन पहले अमेरिका ने बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) और इसके उग्रवादी धड़े मजीद ब्रिगेड को विदेशी आतंकी संगठन घोषित किया। आपको बता दें बीएलए दशकों से पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में अलगाववादी आंदोलन चला रही है और इस क्षेत्र की स्वतंत्रता की मांग करती है। अमेरिका ने बीएलए को 2019 में स्पेशली डिजिग्नेटेड ग्लोबल टेररिस्ट घोषित किया था। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा, 2019 के बाद से बीएलए ने कई और हमलों की जिम्मेदारी ली है, जिनमें मजीद ब्रिगेड के हमले भी शामिल हैं। रविवार को पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने चार दिवसीय भारत-पाक संघर्ष के बाद दूसरी बार अमेरिका का दौरा किया। उन्होंने अमेरिकी राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व से मुलाकात की। पाकिस्तानी प्रवासी समुदाय के प्रतिनिधियों से भी उनकी बातचीत हुई।

## क्रिस्टियन की बहन है मादा मगरमच्छ, उसके साथ खेले और पढ़ाई भी की



बर्लिन,(ईएमएस)। इंसान और जानवर के बीच प्यार और उनके रिश्तों को आपने देखा और सुना होगा लेकिन जर्मनी के क्रिस्टियन कॉलिस की कहानी इन सबसे अलग है। क्रिस्टियन एक मादा मगरमच्छ फ्राउ मेयर को अपनी बड़ी बहन मानते हैं और पिछले तीन दशकों से उसके साथ रह रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक क्रिस्टियन के पिता सर्कस में काम करते थे जब क्रिस्टियन सिर्फ दो साल के थे, तब वे फ्राउ मेयर को घर लेकर आए थे। बचपन में खिलौनों के बजाय क्रिस्टियन ने फ्राउ के साथ खेला, उससे बातें कीं और यहां तक कि होमवर्क भी उसके पास बैठकर किया। वह बताते हैं कि फ्राउ मेयर उनके लिए सिर्फ एक पालतू जानवर नहीं, बल्कि एक नरम दिल साथी और बड़ी बहन जैसी है।
रिपोर्ट के मुताबिक पिता की तरह क्रिस्टियन ने भी फ्राउ के साथ करीब 30 साल तक सर्कस में प्रदर्शन किया। अब दोनों रिटायर हो चुके हैं और फ्राउ मेयर क्रिस्टियन के घर के पास बने एक विशेष पूल में रहती है, जिसमें थर्मल लाइटिंग भी लगी है। 8.2 फीट लंबी और करीब 100 किलो वजनी फ्राउ मेयर को हफ्ते में सिर्फ एक बार खाना मिलता है, जिसमें चिकन लेग, बीफ, मछली और कभी-कभी चूहे भी होते हैं। क्रिस्टियन को अक्सर फ्राउ मेयर के साथ पूल में तैरते और धूप सेंकते देखा जाता है। उनका मानना है कि फ्राउ उनके इरादों और भावनाओं को समझती है। यह रिश्ता इंसान और जानवरों के बीच भरोसे और अपनापन का एक अनोखा उदाहरण है।

## कैलिफोर्निया में सुबह सैर पर निकले भारतीय बुजुर्ग पर हमला, लोगों ने की जांच की मांग

वाशिंगटन (ईएमएस)। अमेरिका के कैलिफोर्निया में रहने वाले हरपाल सिंह (70) पर नॉर्थ हॉलीवुड इलाके में पिछले सप्ताह हमला किया गया। यह हमला तब हुआ जब वह सुबह सैर को निकले थे, जिसमें उन्हें गंभीर चोटें आईं और वे अस्पताल में हैं। हरपाल सिंह का एक वीडियो वायरल हुआ है। इसमें देखा जा सकता है कि बुजुर्ग सिख घायल अवस्था में फुटपाथ पर बैठे थे और उनका शरीर खून से लथपथ था। इस हमले के बाद सिख समुदाय ने पुलिस से मामले की जांच कराने की मांग की है।
मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक हरपाल के भाई गुरदियाल सिंह रंधावा ने बताया कि हरपाल पर तीन सर्जरी हुई हैं और वे बेहोश हैं। अभी तक इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस ने बताया कि हमलावर करीब 50 साल का व्यक्ति था, जो उस समय साइकिल चला रहा था। गुरुद्वारे के पास के इलाके में रहने वाले लोगों ने कहा कि हरपाल सिंह अक्सर आसपास के पक्षियों को खाना खिलाते थे और वे रोजाना गुरुद्वारे में प्रार्थना को जाते थे। स्थानीय नेताओं ने इस हमले की निंदा की है। लॉस एंजिल्स के जिला परिषद सदस्य मोनिका रोड्रिग्ज ने कहा कि यह हमला हम पर हमला है। वहीं, सिख कोएलिशन की लीगल डायरेक्टर ने कहा कि इतने गंभीर हालात तक पहुंचने तक किसी ने भी मदद नहीं की। यह घटना न केवल एक व्यक्ति पर हमला है, बल्कि पूरे समुदाय की सुरक्षा और सम्मान पर हमला है, जिसे लेकर प्रशासन और कानून व्यवस्था से कड़ी कार्रवाई की उम्मीद की जा रही है।

## सामाजिक तनाव बढ़ाता है इन्फ्लेमेशन को : अध्ययन

लंदन (ईएमएस)। क्रॉनिक इन्फ्लेमेशन महिलाओं में कमजोरी, सामाजिक असमानता और हृदय रोग (सीवीडी) के बढ़ते जोखिम से जुड़ा हो सकता है। ताजा अध्ययन में यह खुलासा हुआ है। इस शोध में 37 से 84 वर्ष की उम्र की 2,000 से अधिक महिलाओं के ब्लड सैंपल का विश्लेषण किया गया। इन सैंपल में 74 इन्फ्लेमेशन से संबंधित प्रोटीनों की जांच की गई। शोध का उद्देश्य यह समझना था कि शरीर में इन्फ्लेमेशन कैसे सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों को प्रभावित करता है। शोधकर्ताओं ने ऐसे 10 प्रोटीनों की पहचान की जो न सिर्फ कमजोरी और सामाजिक वंचना से जुड़े पाए गए, बल्कि इनमें से चार प्रोटीन (टीएनएफएसएफ14, एचजीएफ, सीडीसीपी1 और सीसीएल11) हृदय रोग के खतरे से भी सीधे जुड़े मिले। विशेष रूप से सीडीसीपी1 नामक प्रोटीन का दिल की धमनियों के अवरोध और संकुचन से गहरा संबंध सामने आया। शोध से यह संकेत मिलता है कि ये प्रोटीन सामाजिक असमानता, उम्र बढ़ने और हृदय रोग के बीच एक बायोलॉजिकल लिंक की तरह काम कर सकते हैं। यह अध्ययन केवल एक समूह तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसे अलग आबादी पर भी दोहराया गया, जिससे इसके निष्कर्षों की वैधता और व्यापकता को पुष्टि मिली।

# आईसीसी रैंकिंग- रोहित शर्मा बिना खेले नंबर-2 वनडे बल्लेबाज बनेःबाबर के खराब खेल से फायदा, गिल नंबर-1 पर कायम; कोहली चौथे नंबर पर

दुबई. बुधवार को जारी हुई आईसीसी वनडे रैंकिंग में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा बिना मैच खेले ही नंबर-2 बल्लेबाज बन गए हैं। रोहित के 756 रेटिंग पॉइंट्स हैं। भारतीय कप्तान को वेस्टइंडीज दौरे पर पाकिस्तानी बैटर बाबर आजम के खराब प्रदर्शन का फायदा हुआ है। बाबर 3 मैचों की सीरीज में 56 रन ही बना सके हैं। इससे वह दूसरे नंबर से खिसककर तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। बल्लेबाजों की लिस्ट में शुभमन गिल नंबर-1 पर हैं। उनके 784 रेटिंग पॉइंट्स हैं। रोहित शर्मा ने 5 महीनों से कोई इंटरनेशनल मैच नहीं खेला है। पिछली बार



वे 9 मार्च 2025 को न्यूजीलैंड के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में उतरे थे। अगर बाबर का ऐसा ही खेल जारी रहा तो विराट कोहली भी उन्हें पीछे कर देंगे।

### टी-20 में टिम डेविड पहली बार टॉप-10 बैटर्स में शामिल

साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले टी-20 में 83 रनों की विस्फोटक पारी खेलने वाले टिम डेविड 6 स्थान के उछाल के साथ 10वें स्थान पर आ गए हैं। यह टिम डेविड के करियर की बेस्ट रैंकिंग है। भारत के अभिषेक शर्मा 829 रेटिंग पॉइंट्स के साथ नंबर-1 पर हैं, जबकि तिलक वर्मा (804 रेटिंग पॉइंट्स) इंग्लैंड के फिल सॉल्ट (791 पॉइंट्स) को पीछे छोड़कर नंबर-2 पर आ गए हैं। एक दिन पहले मंगलवार, 12 अगस्त को दूसरे मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 41 बॉल पर शतक बनाने वाले 22 साल के साउथ अफ्रीकी बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस को टी-20 बैटर्स की रैंकिंग में 80 स्थान का फायदा हुआ है। ब्रेविस ने नाबाद 125 रन की पारी खेली थी। वे 21वें नंबर पर पहुंच गए हैं।

### टेस्ट गेंदबाजी में बुमराह अब भी नंबर-1

भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह टेस्ट की बॉलर्स रैंकिंग में नंबर-1 बने हुए हैं। न्यूजीलैंड के गेंदबाज मैट हेनरी को टेस्ट की बॉलिंग रैंकिंग में एक स्थान का फायदा हुआ है। वे 846 रेटिंग पॉइंट्स के साथ नंबर-3 पर आ गए हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस (838 अंक) को पीछे छोड़ा। हेनरी ने करियर बेस्ट रेटिंग पॉइंट्स हासिल किया है। उन्होंने जिम्बाब्वे केखिलाफ 16 विकेट झटके थे।

**टेस्ट ऑलराउंडर्स में जडेजा टॉप पर कायमः** भारत के रवींद्र जडेजा लगातार 179 हफ्तों से नंबर-1 टेस्ट ऑलराउंडर बने हुए हैं। उनके 405 रेटिंग पॉइंट्स हैं। ताजा रैंकिंग में टॉप-10 ऑलराउंडर्स में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

## किरमानी को विश्व का नंबर एक विकेटकीपर मानते हैं अजहरुद्दीन

हैदराबाद (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन का मानना है कि सैयद किरमानी विश्व क्रिकेट में अब तक के सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर बल्लेबाज हैं। अजहरुद्दीन ने कहा कि कई लोग महेन्द्र सिंह धोनी, ऑस्ट्रेलिया के एडम गिलक्रिस्ट या दक्षिण अफ्रीका के मार्क बाउचर को विश्व का सबसे अच्छा विकेटकीपर बल्लेबाज मानने हैं। इन तीनों ने ही अपने करियर में कई उपलब्धियां हासिल कीं पर किरमानी की बात ही अलग थी। किरमानी साल 1983 विश्व कप विजेता भारतीय टीम में शामिल थे।

अजहर ने कहा, "किरमानी अभी भी विश्व के नंबर-1 विकेटकीपर हैं। ऐसा विकेटकीपर कभी पैदा ही नहीं हुआ। उनके समय में चार स्पिनरों के साथ विकेटकीपिंग करना आसान नहीं था। 1983 विश्व कप में उन्होंने कई अच्छे कैच लिए। यहाँ तक कि जिस मैच में कप्तान कपिल देव ने जिम्बाब्वे के खिलाफ 175 रन बनाए थे, उसमें भी किरमानी ने 24 रनों की पारी खेली।"



गौरतलब है कि किरमानी ने 1976-86 तक 88 टेस्ट और 49 एकदिवीसय मैच खेले। उन्होंने टेस्ट में 124 पारियों में 27.04 की औसत से 2759 रन बनाए, जिसमें दो शतक और 12 अर्द्धशतक शामिल हैं। उन्होंने 160 कैच लिए और 38 स्टंपिंग कीं। किरमानी ने एकदिवसीय में 31 पारियों में 20.72 की औसत से 373 रन बनाए, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर नाबाद 48 रहा। उन्होंने एकदिवीसय में 27 कैच लिए और 9 स्टंपिंग कीं। उन्होंने 1983 विश्व कप में 14 शिकार किए, जिनमें 12 कैच और दो स्टंपिंग थे। वह टूर्नामेंट में दूसरे सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर थे। उनसे आगे वेस्टइंडीज के जेफ डुजॉन ने 16 शिकार किये थे। ।

# ईडी के सामने पेश हुए सुरेश रैना

नई दिल्ली (ईएमएस)। पूर्व क्रिकेटर सुरेश रेना बुधवार को ऑनलाइन बेटिंग ऐप (अवैध सट्टेबाजी) मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश हुए। ईडी ने रैना को पूछताछ के लिए नोटिस दिया था। जिसके बाद ही वह आज पूछताछ के लिए ईडी मुख्यालय पहुंचे। रैना इस ऑनलाइन बेटिंग ऐप के ब्रांड एंबेसडर हैं और ईडी इस मामले में मनी लॉन्ड्रिंग की जांच कर रही है। पुलिस ने यह भी पाया है कि ये ऐप्स सीधे तौर पर कानूनों का उल्लंघन करते हैं।

ईडी के अनुसार रैना का नाम इस मामले में उनके कुछ विज्ञापनों और एंडोर्समेंट्स के कारण जोड़ा जा रहा है। ईडी की टीम ने पूछताछ में रैना से ऑनलाइन ऐप के साथ उनके संबंधों, एंडोर्समेंट डील और किसी भी वित्तीय लेन-देन की पूरी जानकारी मांगी है। यह पूछताछ 'प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट' के तहत हुई।

जांच में यह सामने आया है कि जब ऐप यूजर द्वारा पेमेंट की जाती थी तो



रोजाना रिसीवर का नाम और ब्यौरा बदल जाता था, लेकिन बाद में पैसा ऑनलाइन ऐप अकाउंट में पहुंच जाता था। इसी कारण ईडी को संदेह हुआ। इस ऐप के जरिए पैसा विदेश भेजा जा रहा था। इस प्रकार से जुड़े मामलों में रैना के अलावा कई अन्य हस्तियों के नाम भी सामने आए हैं। ईडी की जांच का दायरा कई करोड़ रुपये की मनी लॉन्ड्रिंग और टैक्स चोरी तक फैला हुआ है। जांच एजेंसी इन प्लेटफॉर्म्स के सभी प्रमोटर्स और उनसे जुड़े तमाम लोगों से पूछताछ कर रही है।

वहीं यह प्लेटफॉर्म अपने को कौशल-आधारित खेलों की मेजबानी करने वाला प्लेटफॉर्म बताता है, पर इनमें ऐसे एल्गोरिथम का इस्तेमाल किया गया है, जो मौजूदा भारतीय कानूनों के तहत उन्हें जुए की श्रेणी में रखते हैं। ऑन लाइन ऐप ने भी रैना को गेमिंग एम्बेसडर बनाते हुए उन्हें जिम्मेदारर एंबेसडर बताया था।

वहीं ईडी की ओर से यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि रैना के खिलाफ कोई सीधा आपराधिक मामला दर्ज किया गया है या उनसे फिलहाल सिर्फ जानकारी के लिए पूछताछ की गई है। इससे पहले भी ही कई मशहूर हस्तियों का नाम सामने आ चुका है जिनसे पूछताछ हुई है। सोमवार को एक्टर राणा दग्गुबाती फिल्म की व्यस्तताओं के कारण 23 जुलाई को जारी अपने समन को स्थगित करने की मांग के बाद हैदराबाद में ईडी के सामने पेश हुए थे। मई में तेलंगाना पुलिस ने ऑनलाइन सट्टेबाजी के प्रचार से कथित संबंध के आरोप में दग्गुबाती और प्रकाश राज समेत 25 प्रसिद्ध अभिनेताओं के खिलाफ मामला दर्ज किया था। अधिकारियों का कहना है कि जांच आगे बढ़ने के साथ और भी लोगों को नोटिस जारी किए जा सकते हैं। ईडी एफआईआर में कई अन्य हस्तियों के वित्तीय लेनदेन और डिजिटल ट्रेल्स की भी जांच कर रही है, जिनमें अभिनेता मांचू लक्ष्मी, निधि अग्रवाल, अनन्या नागल्ला और टेलीविजन एंकर श्रीमुखी शामिल हैं।



चीन में इटली की गैबरीला लेनजिलाओ किक बाक्सिंग मुकाबले में भाग लेती हुई।



चीन में कोलंबिया की मारिया फर्नांडिज महिलाओं की स्पीड स्केटिंग स्पर्धा में भाग लेती हुई।



चीन में विश्व गेम्स के दौरान जर्मनी के एलसेंडा व क्रिस्टय मिश्रित डूओ परा फाइनल में भाग लेते हुए।



चीन में जर्मनी की माइकल ग्रिवाटज फिटसबाल महिला सेमीफाइनल में भाग लेती हुई।

## रोहित-विराट को टेस्ट क्रिकेट की जगह एकदिवसीय से लेना चाहिये था संन्यास : चोपड़ा

नई दिल्ली (ईएमएस)। पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने कहा है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा को टेस्ट की जगह पर एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास लेना चाहिये था। आकाश के अनुसार इन दोनो ने गलत प्रारूप को छोड़ा है। आज के समय में एकदिवसीय क्रिकेट के काफी कम मुकाबले होते हैं जिससे अभ्यास का काफी कम अवसर मिलता है। इसलिए उन्हें एकदिवसीय प्रारुप को अलविदा कहना चाहिये था। हाल में ऐसी रिपोर्ट आई थीं कि रोहित और विराट एकदिवसीय भी छोड़ सकते हैं। इसी को लेकर आकाश ने टिप्पणी की है। ये भी कहा गया था कि दोनों ही साल 2027 में दक्षिण



अफ्रीका और नामीबिया में होने वाले आईसीसी विश्व कप के लिए टीम की योजनाओं में शामिल नहीं हैं। इन दोनो ने ही इंग्लैंड दौरे से पहले ही टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। चोपड़ा ने कहा, इन दोनो ने ही गलत प्रारुप से संन्यास लिया है। उन्होंने टी20 विश्व कप जीतने के बाद टी20 छोड़ दिया था पर अगर वे टेस्ट खेलना जारी रखते और एकदिवसीय को छोड़ देते तो स्थिति कुछ और होती। चैंपियंस ट्रॉफी से पहले 12 महीनों में भारतीय टीम ने केवल 6 एकदिवसीय खेले थे। उन्होंने साथ ही कहा, हो सकता है कि आप साल में केवल छह टेस्ट खेलें पर अगर ये सिर्फ छह टेस्ट भी हैं, तो ये 30 दिन का क्रिकेट है। अगर केवल छह एकदिवसीय खेले जाते हैं, तो ये केवल छह दिन का क्रिकेट होगा। ऐसे में आपके अंतिम आईपीएल मैच से लेकर अगले एकदिवसीय मैच तक 100 दिन से ज्यादा का समय रहेगा जिसमें आपको खेलने का कोई अवसर नहीं मिला।

चोपड़ा के अनुसार आजकल एकदिवसीय सीरीज में अंतर काफी बढ़ रहा है।

## सुप्रीम कोर्ट ने सुशील कुमार की जमानत रद्द की , एक सप्ताह में सरेंडर करने के आदेश

नई दिल्ली (ईएमएस)। ओलंपिक पदक विजेता पहलवान सुशील कुमार को करारा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने सुशील कुमार की जमानत रद्द करते हुए उन्हें एक सप्ताह में सरेंडर करने का आदेश दिया है। सुशील जूनियर पहलवान सागर धनखड़ की हत्या के मुख्य आरोपी हैं। शीर्ष अदालत की एक पीठ ने सागर के पिता अशोक धनखड़ की याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा सुशील को दी गई जमानत रद्द करते हुए उन्हें एक सप्ताह में सरेंडर करने के लिए कहा है। सागर के पिता ने सुशील को जमानत दिये जाने के हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी थी।



सागर की हत्या 4 मई 2021 को दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम के पार्किंग क्षेत्र में हुए झगड़े में हुई थी। इस दौरान उनके दो दोस्तों पर भी हमला हुआ था। आरोप है कि यह हमला सुशील कुमार और उनके साथियों ने संपत्ति विवाद के कारण किया गया। सागर हमले में गंभीर रूप से घायल हो गया और अस्पताल में उसकी मौत हो गयी थी। वहीं उसके साथी भी गंभीर रुप से घायल हुए।

इस मामले के बाद सुशील कुमार फरार हो गये थे। उन्हें दिल्ली पुलिस ने 23 मई 2021 को मुंडका इलाके से गिरफ्तार किया था। तब सुशील एक राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी की स्कूटी पर रकम लेने पहुंचे थे। गिरफ्तारी के बाद उनसे उन्हें रेलवे की नौकरी से निलंबित कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। अक्टूबर 2022 में कई धाराओं और आर्म्स एक्ट के तहत उनपर आरोप तय किए गए।

दिल्ली पुलिस ने चार्जशीट में सुशील को साजिश का मास्टरमाइंड बताया। पुलिस ने दावा किया कि उन्होंने कुश्ती जगत में अपना दबदबा कायम करने के लिएही ये हमला करवाया।

# आईसीसी की दो स्तरीय प्रणाली का विरोध करेगा वेस्टइंडीज बोर्ड : क्रिस डेहरिंग

जमैका (ईएमएस)। वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड इस बात से चिंतित है कि अगर आईसीसी ने विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्लयूटीसी) के लिए दो स्तरीय प्रणाली अपनायी तो वह शीर्ष टीमों से बाहर हो जाएगी। इसका कारण है कि अभी तक डब्लयूटीसी के तीनों संस्करणों में वेस्टइंडीज की टीम आठवें स्थान पर रही है और इस बार भी उसे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीनों टेस्ट में हार का सामना करना पड़ा है जिससे वह काफी पीछे हो गयी है। क्रिकेट वेस्टइंडीज के मुख्य कार्यकारी क्रिस



डेहरिंग ने कहा है कि हितधारककों ने भी इस बारे में अपनी बात रखी है। इस बारे में हुई बैठक के बाद डेहरिंग ने कहा, ' हमें इस बारे में भूमिका अदा करनी होगी, हमें आईसीसी के सामने अपनी बात रखनी होगी। हमें उन तमाम बदलावों को लेकर अधिक सावधान रहना होगा और वेस्टइंडीज क्रिकेट के रूप में हमें यह तय करना होगा कि हम दो स्तरीय प्रणाली का सख्त विरोध करें।

इससे पहले आईसीसी ने न्यूजीलैंड के पूर्व बल्लेबाज रोजर टूज के नेतृत्व में एक कार्यसमूह (वर्किंग ग्रुप) का गठन किया था जिसका लक्ष्य 2025-2027 के चक्र से पहले डब्ल्यूटीसी में सुधार सहित अन्य मुद्दों पर विचार करना था। जुलाई में आयोजित आईसीसी की वार्षिक बैठक में दो स्तरीय प्रणाली लागू करने का मामला सबसे अहम पहलू था। वहीं आईसीसी बोर्ड में न्यूजीलैंड क्रिकेट के प्रतिनिधि टूज के बोर्ड को सुझाव देने की उम्मीदें हैं। दो स्तरीय प्रणाली पर पिछले 15 वर्षों से भी अधिक समय पर बहस चल रही है, आईसीसी ने साल 2009 में ही इस पर विचार करने की इच्छा व्यक्त की थी पर तब पूर्ण सदस्य देश विभिन्न कारणों से इस मामले पर सहमत नहीं रहे हैं। वेस्टइंडीज बोर्ड की आपात बैठक में क्लाइव लॉयड, ब्रायन लारा और विव रिचड्र्स जैसे पूर्व क्रिकेटर भी शामिल थे और लॉयड ने आईसीसी द्वारा सदस्य देशों को दिए जाने वाले वित्तीय हिस्से की ओर इशारा करते हुए कहा कि 70 और 80 की दशक में शीर्ष टीम और 90 के दशक में एक सफल टीम रही वेस्टइंडीज अपने प्रदर्शन में आई गिरावट के बाद भी आर्थिक सहायता की अधिकारी है।

लॉयड ने कहा, 'हमें यह देखने होगा कि आईसीसी में पैसे के बंटवारे को लेकर क्या हो रहा है। भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड को 18 करोड़ मिलेंगे जबकि वेस्टइंडीज को अफगानिस्तान और बांग्लादेश की तरह 8 करोड़ मिलेंगे। हम अगले 100 वर्ष तक उस ग्रुप में बने रहने से सिर्फ दो साल दूर हैं। मेरे विचार में यह सही नहीं है और हमें आवाज उठानी होगी क्योंकि जब हम अच्छा खेल रहे थे तो हर कोई हमारे साथ खेलना चाहता था। लॉयड ने आगे कहा, 'हम नियमित तौर पर ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड से खेला करते थे और जब हम भारत या पाकिस्तान जाते थे तो मैदान पर लाखों की भीड़ एकत्रित होती थी। जिसका लाभ हमें अब मिलना चाहिये।

## पाक कप्तान ने गेंदबाजों को जिम्मेदार बताया

तरौबा (ईएमएस)। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कप्तान मोहम्मद रिजवान ने वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय में मिली 202 रनों की शर्मनाक हार के लिए गेंदबाजों को जिम्मेदार बताया है। रिजवान ने कहा कि सैम अयूब और सलमान अली आगा ने खराब गेंदबाजी की। रिजवान के अनुसार गेंदबाजों ने अंतिम 10 ओवरों में 100 से ज्यादा रन दे दिये। पुरस्कार समारोह में रिजवान ने बताया, हमें समझ आ गया था कि इस पिच पर चार पारियों वाला टेस्ट मैच होने के बाद यह तीसरा मैच था। आखिरी 10 ओवरों में जो लय बनी, उसने हमारे को नुकसार हुआ जबकि पहले 40 ओवरों तक हम बढ़त बनाए हुए थे। हमें लगा था कि यहां 220 रनों का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है पर मेजबान टीम के शाई होप का प्रदर्शन अच्छा था जिससे मैच उनके पाले में चला गया।

रिजवान ने साथ ही कहा, होप ने अच्छी बल्लेबाजी की और कुछ अच्छे शॉट लगाये। अयूब और सलमान गेंदबाजी कर रहे थे। हमें लगा कि अबरार आकर गेंदबाजी करेंगे पर होप ने अच्छी बल्लेबाजी की और इसलिए वह अपने ओवर पूरे नहीं कर पाए। वहीं मेजबान टीम के जायडेन सील्स ने भी खतरनाक च्छी गेंदबाजी की जिसका सामना हमारे बल्लेबाजी नहीं कर पाये। हमें साझेदारियों की जरूरत थी और विकेट प कुछ समय बिताने की जरूरत थी पर ऐसा नहीं हुआ।

## जब सुपर जायंट्स को महंगे दामों पर खरीदा था तो मेरी आलोचना हुई थी : गोयनका

नई दिल्ली (ईएमएस)। द हंड्रेड लीग की मैनचेस्टर ऑरजिनल्स फ्रेंचाइजी खरीदने वाले आरपीएसजी ग्रुप के चेयरमैन संजीव गोयनका ने कहा है कि जब उन्होंने पहली बार आईपीएल टीम लखनऊ सुपर जायंट्स को महंगे दामों पर खरीदा था तो सभी ने उनका मजाक उड़ाया था। लोगों ने 900 मिलियन डॉलर एक टीम पर लगाने के लिए उनकी आलोचना भी की थी। वह पहले से ही खेलों से जुड़े हुए थे पर इतना बड़ा निवेश खेलों में उन्होंने पहली बार किया था। गोयनका ने बताया है कि जब उन्होंने आईपीएल टीम खरीदी तो पूरी दुनिया को लगा कि ये पागलपन है पर अब इसी टीम की कीमत दो गुने के करीब पहुंच गयी है। इसी प्रकार द हंड्रेड लीग की उनकी टीम की कीमत भी बढ़ेगी। उन्होंने कहा, जब मैंने पहली बार सुपर जायंट्स खरीदने के लिए 900 मिलियन डॉलर का निवेश किया, तो पूरी दुनिया को लगा कि मैं पागल हो गया हूं। वहीं साढ़े तीन साल में इसकी कीमत 1.5 बिलियन डॉलर हो गई है। आईपीएल एक शानदार लीग है पर अभी इंग्लैंड में जारी द हंड्रेड भी आगे बढ़ती रहेगी। हमें भरोसा है कि यह लीग भी बहुत तेजी से आगे बढ़ेगी। आरपीएसजी ग्रुप ने द हंड्रेड लीग की मैनचेस्टर ऑरजिनल्स फ्रेंचाइजी की 70 फीसदी हिस्सेदारी खरीदी है। ईसीबी ने इस बात का खुलासा नहीं किया है कि कितनी कीमत पर गोयनका ने टीम खरीदी है।

## रोहित शर्मा की पत्नी रितिका ने कुत्तों को शेल्टर होम भेजने के फैसले पर नाराजगी जतायी

मुम्बई (ईएमएस)। भारतीय एकदिवसीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा की पत्नी रितिका सजदेह ने दिल्ली-एनसीआर के सभी आवारा कुत्तों को पकड़कर शेल्टर होम भेजने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर नाराजगी जतायी है। रितिका ने सोशल मीडिया में लिखा कि आवारा कुत्तों को वह समस्या नहीं मानती हैं, वह और कई अन्य लोग आवारा कुत्तों को दिल की धड़कन जैसा मानते हैं। रितिका ने कहा कि इसमें सभी आवारा कुत्तों को सड़कों से हटाकर अलग जगह पर रखने से इन जानवरों को धूप, आजादी और उन परिचित चेहरों से दूर होना पड़ेगा जिन्हें वे रोजाना देखते हैं।

## हरभजन ने एशिया कप में पाकिस्तान से मैच का बहिष्कार करने की अपील की

नई दिल्ली (ईएमएस)। एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट में पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले मैच का बहिष्कार करने की मांग तेज होती जा रही है। कई क्रिकेट प्रशंसकों के बाद अब पूर्व स्पिनर और राज्यसभा सांसद हरभजन सिंह ने भी कहा है कि इस मैच को नहीं खेलना चाहिये। एशिया कप में भारत और पाक का मुकाबला 14 सितंबर को होना है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद दोनों देशों के बीच जारी तनाव के कारण पाक से क्रिकेट मैच का विरोध किया जा रहा है। हरभजन ने कहा, खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते। हम उनको इतना महत्व क्यों देते हैं? हमारे जवान घर नहीं आते और हम क्रिकेट खेलने चले जाते हैं। हरभजन ने हाल में हुई विश्व चैंपियनशिप ऑफ लिजेंड्स में भी पाक के खिलाफ मैच का बहिष्कार करने की मांग की थी और इंडिया चैम्पियंस टीम ने पाक से सभी मैचों का बहिष्कार किया था। इसमें सेमीफाइनल मैच भी शामिल था। इंडिया लिजेंड्स में हरभजन सिंह के अलावा युवराज सिंह, शिखर धवन, इरफान पठान, यूसुफ पठान, सुरेश रैना जैसे पूर्व क्रिकेटर शामिल थे। इन भी ने कहा कि देश पहले है।

## बिन्नी का सितंबर तक बीसीसीआई अध्यक्ष रहना तय

मुम्बई (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अध्यक्ष रोजर बिन्नी 70 साल के हो गये हैं। ऐसे में बोर्ड के नियमों के अनुसार उनके आगे अध्यक्ष रहने का फैसला बोर्ड की अगले माह होने वाली आम वार्षिक बैठक (एजीएम) के जरिये तय होगा। इस प्रकार वह सितंबर तक तो अध्यक्ष बने रहेंगे। नियमों के अनुसार राष्ट्रीय खेल विधेयक के पारित होने के बाद अब बोर्ड अध्यक्ष के पद पर 75 साल की उम्र तक रहा जा सकता है। बिन्नी साल 2022 में सौरव गांगुली की जगह बीसीसीआई अध्यक्ष बने थे। अगर बीसीसीआई की राज्य इकाइयों उनके नाम पर तैयार होती हैं तो बिन्नी 75 वर्ष की आयु तक बोर्ड अध्यक्ष रह सकते हैं। वहीं एक रिपोर्ट में कहा गया, 'बिन्नी सितंबर में होने वाली बोर्ड बैठक तक पद पर बने रहेंगे। उन्हें नया कार्यकाल मिलेगा या नहीं, यह इस बात से तय होगा कि बीसीसीआई के सदस्य और उससे जुड़े अन्य लोग क्या फैसला लेते हैं। बीसीसीआई राष्ट्रीय खेल विधेयक के दायरे में आएगा पर सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम बोर्ड पर लागू नहीं होगा क्योंकि उसे केन्द्र सरकार से कोई अनुदान नहीं मिलता। बीसीसीआई की कानूनी टीम भी अब विधेयक का अध्ययन कर रही है। वहीं एक बोर्ड अधिकारी ने कहा, 'राष्ट्रीय खेल विधेयक अभी-अभी पारित हुआ है, इसलिए हमारे पास कोई भी फैसला लेने से पहले इसका अध्ययन करने और चर्चा करने के लिए कुछ समय है।' उन्होंने साथ ही कहा, 'निश्चित रूप से विधेयक में चर्चा के लिए अन्य बिंदु भी हैं और सीनियर खिलाड़ियों व कोचिंग स्टाफ सहित सभी हितधारकों से परामर्श किया जाएगा।'

## वेस्टइंडीज ने तीसरे एकदिवसीय में पाकिस्तान को 202 रनों से हराया

तरौबा (ईएमएस)। वेस्टइंडीज ने तीसरे एकदिवसीय क्रिकेट मैच में पाकिस्तान को 202 रनों से हराकर 2-1 से सीरीज जीत ली है। इसी के साथ ही मेजबान वेस्टइंडीज को 34 साल बाद पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज में जीत मिली है। इस मैच में पाक टीम का प्रदर्शन बेहद खराब रहा और वह लक्ष्य का पीछा करते हुए केवल 92 रन ही बना पायी। उसे पांच खिलाड़ी अपना खाता भी नहीं खोल पाये।

इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज ने कप्तान शाई होप के 120 रनों की सहायता से 6 विकेट पर 294 रन बनाये। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए पाक टीम 29.2 ओवर में केवल 92 रन ही बना पायी। वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज जायडेन सील्स ने पहले ही ओवर में पाक के सईम अयूब को 0 पर ही आउट कर दिया। इसके बाद तीसरे ओवर में दूसरे सलामी बल्लेबाज अब्दुल्लाह शफीक भी शून्य पर ही आउट हो गये। सील्स के सामने पाक बल्लेबाज बेबस नजर आये। यहां तक कि कप्तान मोहम्मद रिजवान, सईम अयूब, अब्दुल्लाह शफीक सहित पांच बल्लेबाज खाता तक नहीं खोल पाये। सील्स ने इस मैच में छह विकेट लिए। वहीं इससे पहले बल्लेबाजी के दौरान वेस्टइंडीज को भी परेशानी आई पर कप्तान शाई होप ने एक छोर संभाले रखा। वह 94 गेंदों में 120 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने 10 चौके और पांच छक्के लगाये। इस तरह वह एकदिवसीय में 18वां शतक लगाते हुए वेस्टइंडीज की ओर से सबसे अधिक शतक लगाने वाले खिलाड़ी बन गये। वहीं गेंदबाज सील्स ने नया रिकार्ड बनाया। वह वेस्टइंडीज की ओर से पाकिस्तान के खिलाफ एकदिवसीय में सबसे अच्छी गेंदबाजी करने वाले बने गये हैं। इससे पहले फ्रैंकलिन रोज ने अप्रैल 2000 में किंग्सटाउन में 5/23 का रिकॉर्ड बनाया था।

# 1 सितंबर से सिल्वर ज्वेलरी की हॉलमार्किंग लागू होगीः इससे नकली चांदी बेचने पर लगाम लग सकेगी, जानें पूरी डिटेल्स

**नई दिल्लीः** सोने के बाद अब सरकार सिल्वर ज्वेलरी की भी हॉलमार्किंग लागू करने की तैयारी कर रही है। 1 सितंबर से स्वैच्छिक तौर पर इसे लागू किया जाएगा। सोने की तरह ही यह 6 ग्रेड चांदी की ज्वेलरी पर लागू होगी। चांदी पर 6 डिजिट वाला एचयूआईडी हॉलमार्किंग लागू होगी। हॉलमार्किंग से शुद्धता की गारंटी मिलती है। हॉलमार्क साबित करता है कि ज्वेलरी में दी गई चांदी कितनी शुद्ध है। इससे ग्राहक का भरोसा बढ़ता है। सरकार ने 1 अप्रैल 2024 से गोल्ड और उसके आभूषणों पर अनिवार्य से रूप से हॉलमार्किंग लागू की थी।



## सवाल-जवाब में जानें पूरी डिटेल्स...

**सवाल 1ः ये हॉलमार्किंग क्या है?**
**जवाबः** हॉलमार्किंग एक तरह का सरकारी सर्टिफिकेट है, जो ये गारंटी देता है कि आपकी चांदी या सोने की ज्वेलरी कितनी शुद्ध है। जैसे, सोने में 22 कैरेट या 18 कैरेट का हॉलमार्क होता है, वैसे ही अब चांदी पर भी एक खास निशान होगा, जो बताएगा कि उसमें चांदी की शुद्धता कितनी है। इसे भारतीय मानक ब्यूरो चेक करता है, ताकि आपको नकली या मिलावटी माल न मिले।

**सवाल 2ः चांदी की ज्वेलरी पर ये हॉलमार्किंग कब से शुरू होगी?**
**जवाबः** 1 सितंबर 2025 से ये नियम लागू हो सकता है। शुरुआत में ये स्वैच्छिक (वॉलंटरी) होगा, यानी ज्वैलर्स चाहें तो इसे अपनाएंगे। लेकिन बाद में इसे अनिवार्य भी किया जा सकता है, जैसे सोने के लिए हुआ था।

**सवाल 3ः इससे आम लोगों को क्या फायदा होगा?**
**जवाबः** इसके कई फायदे हैं
**शुद्धता की गारंटीः** हॉलमार्किंग से आपको पता चल जाएगा कि चांदी कितनी खरी है। कोई दुकानदार आपको मिलावटी चांदी नहीं बेच पाएगा।
**भरोसा बढ़ेगाः** जब आप ज्वेलरी खरीदेंगे, तो मन में ये डर नहीं रहेगा कि कहीं ठगा तो नहीं जा रहा।
**धोखाधड़ी रुकेगीः** कई बार लोग सस्ते में चांदी खरीद लेते हैं, लेकिन बाद में पता चलता है कि उसमें चांदी कम और दूसरी धातु ज्यादा थी। हॉलमार्किंग से ये धोखा बंद होगा।
**बिक्री में आसानीः** अगर आप बाद में अपनी ज्वेलरी बेचना चाहें, तो हॉलमार्क वाली ज्वेलरी को ज्यादा भरोसा मिलता है, जिससे अच्छी कीमत मिल सकती है।

**सवाल 4ः ये हॉलमार्किंग कैसे काम करती है?**
**जवाबः** हॉलमार्किंग में चांदी की ज्वेलरी पर एक खास निशान लगाया जाता है। इसमें 6 अंकों का एक यूनीक कोड होता है, जो हर ज्वेलरी के लिए अलग होता है। ये कोड बताता है कि ज्वेलरी बीआईएस के स्टैंडर्ड्स के हिसाब से चेक की गई है। चांदी के लिए 6 ग्रेड होंगे, जैसे 800, 835, 900, 925,970 और 990 जो शुद्धता का लेवल दिखाएंगे।

**सवाल 5ः क्या पुरानी चांदी की ज्वेलरी पर भी हॉलमार्किंग होगी?**
**जवाबः** नहीं, पुरानी ज्वेलरी पर ये नियम लागू नहीं होगा। हालांकि, अगर आप चाहें, तो अपनी पुरानी ज्वेलरी को बीआईएस सेंटर्स पर चेक करवाकर हॉलमार्क करवा सकते हैं। ये पूरी तरह आपकी मर्जी पर है।

**सवाल 6ः हमें क्या करना चाहिए?**
**जवाबः** बस इतना ध्यान रखना होगा कि 1 सितंबर के बाद जब भी चांदी की ज्वेलरी खरीदो, तो हॉलमार्क वाला निशान जरूर चेक करो। अगर दुकानदार कहे कि हॉलमार्क नहीं है, तो उससे ज्वेलरी की शुद्धता का प्रूफ मांगें।

# एप्पल का प्लेटफॉर्म निष्पक्ष और पक्षपात रहित, कंपनी ने किया खंडन

### एलन मस्क ने ऐप स्टोर रैंकिंग को लेकर पक्षपात का लगाया था आरोप

नई दिल्ली,(ईएमएस)। टेस्ला के मालिक एलन मस्क ने ऐप स्टोर रैंकिंग को लेकर आईफोन निर्माता पर पक्षपात का आरोप लगाया था। इसके बाद अब एप्पल ने किसी भी तरह की गड़बड़ी से इनकार किया है और कहा है कि कंपनी का प्लेटफॉर्म निष्पक्ष और पक्षपात रहित है। बता दें मस्क ने दावा किया था कि एप्पल द्वारा पक्षपात किए जाने के कारण ओपनएआई का चैटजीपीटी पहले स्थान पर है, जबकि उनके ऐप्स एक्स और एक्सएआई के ग्रोक को दरकिनार किया जा रहा है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एप्पल ने इन आरोपों का खंडन किया कि कंपनी का ऐप स्टोर एल्गोरिदम या क्यूरेटेड लिस्ट मस्क की पेशकशों की तुलना में चैटजीपीटी को तरजीह देती है। कंपनी ने कहा कि ऐप स्टोर को निष्पक्ष और पक्षपात रहित बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। कंपनी के बयान में कहा गया है कि हमारा लक्ष्य उपयोगकर्ताओं के लिए सुरक्षित खोज और डेवलपर्स के लिए मूल्यवान अवसर प्रदान करना है और तेजी से विकसित हो रही श्रेणियों में ऐप की दृश्यता बढ़ाने के लिए कई लोगों के साथ सहयोग करना है। मस्क ने एक्स पर एप्पल की आलोचना करते हुए कहा था कि उसने ओपनएआई के अलावा किसी भी एआई कंपनी के लिए नंबर वन पर पहुंचना असंभव बना दिया है। उन्होंने दावा किया कि एक्स न्यूज चार्ट में सबसे ऊपर रहा और ग्रोक को बड़े अपडेट मिले, जिसमें ग्रोक चार को सभी उपयोगकर्ताओं के लिए मुफ्त बनाना भी शामिल है, फिर भी उनका चैटबॉट कुल मिलाकर पांचवें और उत्पादकता श्रेणी में दूसरे स्थान पर ही पहुंच पाया। इस बीच चैटजीपीटी ने ऐप स्टोर पर शीर्ष स्थान पर अपनी मजबूत पकड़ बना रखी है। रिपोर्ट के मुताबिक मस्क ने आरोप लगाया था कि चैटजीपीटी के लिए एप्पल का समर्थन स्वाभाविक लोकप्रियता से प्रेरित नहीं है। एप्पल ने ऐप स्टोर के एडिटोरियल कंटेंट में चैटजीपीटी को प्रमुखता दी है और ओपनएआई की टेक्नोलॉजी को अपने एप्पल इंटेलिजेंस रोलआउट में शामिल किया है, इसे सीधे सिरी और राइटिंग टूल में इंटीग्रेट किया गया। मस्क ने इस मामले में तत्काल कानूनी कार्रवाई की धमकी दी, हालांकि, अभी तक कोई मुकदमा दायर नहीं किया गया है।

# भारत-ब्रिटेन के सीईटीए समझौते से घरेलू खनिज क्षेत्र को मिलेगा लाभ

### नाल्को, एमआरएआई समेत अन्य उद्योगपतियों ने इस समझौते का किया स्वागत

नई दिल्ली,(ईएमएस)। भारत-ब्रिटेन व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौता (सीईटीए) घरेलू खनिज क्षेत्र के लिए लाभकारी सिद्ध होगा। खान मंत्रालय के सचिव वी एल कांता राव ने एफटीए भागीदार देश में बेहतर बाजार पहुंच और प्रतिस्पर्धात्मकता के संदर्भ में भारतीय खनिज क्षेत्र, विशेष रूप से एल्युमीनियम उद्योग पर प्रकाश डाला। सीईटीए प्रावधानों का बेहतर इस्तेमाल करने के लिए उन्होंने रोड शो के जरिए ब्रिटेन में उत्पाद की मांग को समझने की जरुरत पर बल दिया। उन्होंने दोनों देशों के बीच आरएंडडी सहयोग के अवसरों का भी उल्लेख भी किया।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक खान मंत्रालय ने भारत-ब्रिटेन सीईटीए से उत्पन्न होने वाले संभावित लाभों और अवसरों पर चर्चा करने के लिए भारतीय खनिज उद्योग को एक साथ लाने के उद्देश्य से एक वेबिनार आयोजित किया। इस वेबिनार में उद्योग जगत के 230 से ज्यादा प्रतिभागियों ने भाग लिया। एल्यूमीनियम एसोसिएशन ऑफ इंडिया की ओर से वेदांता समूह के सीईओ ने भारत-यूके सीईटीए के बाद भारतीय एल्यूमीनियम उद्योग के लिए अवसरों पर प्रजेंटेशन दिया।

नाल्को के सीएमडी, बाल्को के सीईओ, एफआईएमआई के डीजी और हिंडाल्को, एएसएमए तथा एमआरएआई के अन्य उद्योगपतियों ने अपने वक्तव्यों में इस व्यापार समझौते का स्वागत किया और उन तरीकों पर प्रकाश डाला जिनसे भारतीय खनिज उद्योग, विशेष रूप से प्राथमिक और माध्यमिक एल्यूमीनियम क्षेत्र, यूके के बाजार में गति प्राप्त कर सकता है। जेएनएआरडीडीसी के निदेशक ने जानकारी साझा की कि अनुसंधान एवं विकास में संस्थागत सहयोग को कैसे आगे बढ़ाया जा सकता है।

भारत-यूके समझौते के तहत भारत 90 फीसदी ब्रिटिश उत्पादों पर शुल्क में कटौती करेगा, जबकि यूके 99 फीसदी भारतीय निर्यात पर शुल्क कम करेगा। कई क्षेत्रों में टैरिफ लाइनों और नियामक बाधाओं में इस महत्वपूर्ण ढील का उद्देश्य बाजार तक पहुंच बढ़ाना और दोनों पक्षों के व्यवसायों की लागत कम करना है। भारतीय उपभोक्ताओं के लिए इस समझौते से स्कॉच व्हिस्की, जिन, लग्जरी कार, सौंदर्य प्रसाधनों और चिकित्सा उपकरणों जैसी आयातित वस्तुओं की कीमतें कम होंगी।

भारतीय निर्यातकों, विशेष रूप से कपड़ा और चमड़ा क्षेत्र के निर्यातकों को शून्य शुल्क से लाभ होगा, जिससे बांग्लादेश और कंबोडिया जैसे देशों के मुकाबले उनकी प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ेगी। यह समझौता तय करता है कि भारतीय कृषि निर्यात को जर्मनी जैसे प्रमुख यूरोपीय निर्यातकों के साथ टैरिफ समानता प्राप्त हो, जिससे भारतीय किसानों को लाभ होने की उम्मीद है।

# अनिल अंबानी की सेटलमेंट याचिका खारिज, लग सकता है भारी भरकम जुर्माना

नई दिल्ली,(ईएमएस)। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने उद्योगपति अनिल अंबानी की उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने यस बैंक में निवेश से जुड़े आरोपों को निपटारे की मांग की थी। इसके चलते अब उन पर कम से कम 1,828 करोड़ रुपए का जुर्माना लग सकता है। मीडिया रिपोर्ट में दस्तावेजों के मुताबिक यह निवेश यस बैंक से ग्रुप की अन्य कंपनियों को लोन दिलाने के बदले में किया गया था। 2016 से 2019 के बीच अनिल अंबानी की रिलायंस म्युचुअल फंड ने यस बैंक के एडिशनल टियर-1 बॉन्ड्स में 2,150 करोड़ का निवेश किया था। 2020 में बैंक को दिवालिया घोषित किए जाने पर ये बॉन्ड्स राइट ऑफ हो गए थे। रिलायंस म्युचुअल फंड को 2019 में निप्पॉन लाइफ इंश्योरेंस को बेच दिया था और यह आरोप इस बिक्री से पहले के हैं। सेबी ने कहा है कि यह निवेश यस बैंक द्वारा अंबानी ग्रुप की अन्य कंपनियों को दिए गए लोन के बदले में किया गया था। बाजार नियामक का मानना है कि निवेशकों को 1,828 करोड़ का नुकसान हुआ है और इस मामले को उसने 'मार्केट-वाइड इंपैक्ट' वाला बताया है। अनिल अंबानी उनके बेटे जय अनमोल अंबानी और यस बैंक के पूर्व सीईओ राणा कपूर ने पहले दोष स्वीकार किए बिना सेटलमेंट की मांग की थी।

# दुनियाभर में एआई अपनाने की रफ्तार धीमी, ज्यादातर कंपनियां शुरुआती चरण में; ये दो सेक्टर सबसे आगे

**आर्टिफिशियल** इंटेलिजेंस (एआई) को लेकर दुनिया भर में जबरदस्त उत्साह है, लेकिन हकीकत यह है कि बहुत कम कंपनियां इसे पूरी तरह अपने बिज़नेस का हिस्सा बना पाई हैं। प्रोटिविटी के पहले एआई पल्स सर्वे 2025 के मुताबिक, केवल 8% संगठन ऐसे मुकाम पर पहुंचे हैं जहां एआई न सिर्फ काम को आसान बना रहा है, बल्कि इनोवेशन, प्रतिस्पर्धा और इंडस्ट्री में बदलाव का बड़ा कारण भी बन रहा है।



### धीमी रफ्तार से बढ़ रही एआई की यात्रा

सर्वे में दुनियाभर के 1,000 से अधिक सीनियर अधिकारियों और 176 सी-स्तर के एग्जिक्यूटिव्स से बातचीत की गई। इसमें सामने आया कि 51% कंपनियां अभी शुरुआती चरण में हैं। यानी वे केवल छोटे-छोटे पायलट प्रोजेक्ट चला रही हैं या एआई के संभावित उपयोग के मामले तलाश रही हैं। इसका मतलब है कि योजना और उसके सही अमल के बीच अब भी बड़ा फर्क है।

### रिटर्न में उम्मीद से बेहतर नतीजे

एआई के नतीजों को लेकर तस्वीर काफी दिलचस्प है। 85% कंपनियों ने कहा कि उनके एआई निवेश उम्मीद के मुताबिक या उससे बेहतर परिणाम दे रहे हैं। हर चार में से एक कंपनी को तो रिटर्न उम्मीद से काफी ज्यादा मिला। हालांकि शुरुआती चरण की 36% कंपनियों का कहना है कि उन्हें अभी उम्मीद के मुताबिक फायदा नहीं मिला।

### टेक और बीएफएसआई सेक्टर की बढ़त

टेक्नोलॉजी और बैंकिंग-फाइनेंशियल सर्विसेज सेक्टर एआई अपनाने में सबसे आगे हैं। टेक सेक्टर की 52% कंपनियां एडवांस स्टेज पर पहुंच चुकी हैं, जबकि वित्तीय सेवाओं में हर चार में से एक कंपनी ने उम्मीद से कहीं ज्यादा मुनाफा दर्ज किया है। दूसरी ओर, मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर अभी पीछे है, जहां 37% कंपनियां शुरुआती खोज और परीक्षण के चरण में हैं।

### कंपनियों के सामने चुनौतियां

सफल एआई अपनाने में सबसे बड़ी रुकावट पुराने सिस्टम्स के साथ इसका इंटीग्रेशन है, जिसे करीब 30% कंपनियों ने अपनी मुख्य समस्या बताया। शुरुआती कंपनियां सही यूज़ केस खोजने में जुटी हैं, जबकि एडवांस कंपनियां अब डेटा की कमी और उसे संभालने की चुनौतियों से जूझ रही हैं।

### सफलता का बदलता पैमाना

एआई में आगे बढ़ते-बढ़ते सफलता मापने का तरीका भी बदल जाता है। शुरुआत में कंपनियां काम की गति और खर्च घटाने पर ध्यान देती हैं, लेकिन आगे चलकर वे ग्राहक खुशी, नई कमाई के मौके और नए आइडिया पर ज्यादा जोर देती हैं।

## दैनिक पंचांग

**14 अगस्त 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कर्क में | सिंह | 05.52 बजे से |
| चंद्र | मीन में | कन्या | 08.04 बजे से |
| मंगल | कन्या में | तुला | 10.14 बजे से |
| बुध | कर्क में | वृश्चिक | 12.29 ब.से |
| गुरु | मिथुन में | धनु | 14.45 बजे से |
| शुक्र | मिथुन में | मकर | 16.50 बजे से |
| शनि | मीन में | कुंभ | 18.37 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मीन | 20.10 बजे से |
| केतु | सिंह में | मेष | 21.40 बजे से |
| राहुकाल 1.30 से 3.00 बजे तक | | वृष | 23.20 बजे से |
| | | मिथुन | 01.18 बजे से |
| | | कर्क | 03.32 बजे से |

**गुरुवार** 2025 वर्ष का 226 वा दिन **दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** भाद्रपद (दक्षिण भारत में श्रावण) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** षष्ठी 02.08 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** रेवती 09.06 बजे को समाप्त। **योग** शूल 13.12 बजे को समाप्त। **करण** गर 15.16 बजे तदनन्तर वणिज 02.08 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 20.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 14° 21' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872436 **जूलियन दिन** 2460901.5 **कलियुग संवत्** 5126 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** सफर **तारीख** 19 **विशेष** बलराम जयंती, रांधन छठ।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 से 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 से 08.51 बजे तक | चर | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 से 11.47 बजे तक | काल | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 से 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 से 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 से 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 7377

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | | 6 |
| | ■ | 7 | | 8 | | | ■ | |
| 9 | 10 | ■ | ■ | | ■ | ■ | 11 | |
| 12 | | ■ | 13 | | 14 | ■ | 15 | |
| ■ | 16 | | | ■ | 17 | | | ■ |
| 18 | | ■ | 19 | 20 | | ■ | 21 | 22 |
| 23 | | ■ | ■ | | ■ | ■ | 24 | |
| | ■ | 25 | 26 | | 27 | 28 | ■ | |
| 29 | | | | ■ | 30 | | | |

**बाएँ से दाएँ**
1. घूमना-फिरना-4
4. पक्षियों का शोर-4
7. धोखाधड़ी, मक्कारी-5
9. भस्म, खाक -2
11. आज्ञापालक, कर्मचारी-2
12. मगन, लीन-2
13. नेत्रावरण-3
15. त्याग, दक्षिणा-2
16. जीभ, जिव्हा-3
17. मक्खन-3
18. पेड़ का मध्य व मोट भाग-2
19. गर्भ-3
21. निवास, रहना-2
23. भाग्य (अंग्रेजी-2)
24. पानी, नीर-2
25. इच्छा पूर्ति करना-5
29. एक मुस्लिम महीना-4
30. भाग्य, नसीब-4

**ऊपर से नीचे**
1. अनबन, झगड़ा-4
2. भालू-2
3. परिणाम-2
4. प्याला-2
5. बालों का गुच्छा-2
6. वर, इच्छापूर्ति-4
8. नीरज, जलज-3
10. भयानक-5
11. दयालु-5
13. आश्रय, शरण-3
14. करिश्मा, करतब-3
18. तहखाना-4
20. मगरमच्छ-3
22. शलवार, पायजामा-4
25. आनंद-2
26. झुका हुआ-2
27. पत्र, चिट्ठी-2
28. नासिका, घ्राणेंद्रिय-2

**शब्द पहेली -7376 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ल | बा | दा | ■ | स | ल | वा | र |
| प | ■ | ■ | न | सी | ब | ■ | ■ | त |
| ल | ■ | र | वी | ■ | क | ल | ■ | ज |
| क | म | त | र | ता | ■ | त | म | गा |
| ■ | द | ■ | ता | ■ | रा | ■ | ग | ■ |
| म | न | का | ■ | मो | ह | त | र | मा |
| र | ■ | ला | र | ■ | दे | र | ■ | म |
| ह | ■ | ■ | प | र | ख | ■ | ■ | ला |
| म | र | घ | ट | ■ | ना | पा | क | ■ |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## अंकजाल - 6918

खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 16 | 14 | 41 | 18 | ■ | 8 | 22 | 23 | ■ |
| 20 | | 4 | | 2 | ■ | 5 | | 7 | 20 |
| 18 | 5 | | 8 | | ■ | | 4 | | 9 |
| 32 | | 7 | | 3 | | ■ | | 5 | 7 |
| ■ | ■ | ■ | 7 | | 5 | | 8 | | 38 |
| 31 | | 3 | | 5 | | 7 | ■ | ■ | ■ |
| 9 | 3 | | ■ | | 5 | | 5 | | 22 |
| 14 | | 4 | | ■ | | 8 | | 8 | 29 |
| 16 | 6 | | 6 | ■ | 7 | | 5 | | 21 |
| ■ | 14 | 17 | 13 | ■ | 38 | 27 | 15 | 20 | ■ |

**अंकजाल 6917 का हल**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 7 | 13 | 31 | 15 | 24 | ■ | 18 | 36 | ■ |
| 25 | 2 | 5 | 5 | 4 | 9 | ■ | 2 | 7 | 9 |
| 28 | 5 | 8 | 7 | 5 | 3 | ■ | 2 | 7 | 9 |
| ■ | ■ | ■ | 2 | 6 | 7 | 9 | 3 | 7 | 34 |
| 14 | 2 | 5 | 7 | ■ | 5 | 7 | 8 | 9 | 29 |
| 18 | 2 | 3 | 8 | 5 | ■ | 7 | 3 | 6 | 16 |
| 25 | 4 | 5 | 2 | 5 | 6 | 3 | ■ | ■ | ■ |
| 11 | 4 | 7 | ■ | 8 | 5 | 8 | 6 | 4 | 31 |
| 14 | 6 | 8 | ■ | 7 | 3 | 5 | 6 | 7 | 28 |
| ■ | 18 | 28 | ■ | 25 | 14 | 39 | 12 | 11 | ■ |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग - 5862

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | 3 | | | |
| 6 | 38 | 6 | 32 | | 30 | 7 |
| | | | 5 | 3 | | 1 |
| 1 | 25 | 2 | 37 | | 32 | |
| 5 | | | | 7 | | 4 |
| | 26 | 4 | 38 | | 36 | |
| | 1 | | | 2 | 7 | 3 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

**अष्टयोग 5861 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 2 | 21 | 1 | 36 | 6 | 39 | 5 |
| 3 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 2 |
| 4 | 36 | 2 | 30 | 1 | 26 | 6 |
| 5 | 6 | 7 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 6 | 48 | 6 | 32 | 4 | 22 | 3 |
| 7 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 | 1 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## आज का इतिहास

1975 बंगलादेश में सैन्य क्रांति में राष्ट्रपति मुजीबुर्रहमान मारे गए.

1986 पूर्वी बेरुत के एक अस्पताल के पास कार बम विस्फोट में 19 व्यक्ति मारे गए और 90 व्यक्ति घायल हो गए.

1990 अमरीका-इराक टकराव रोकने के उद्देश्य से जार्डन के शाह हुसैन अमरीका गए.

1992 स्पेन फ्रांस और तुर्की ने बोलनिया के लिए अपने सैनिक भेजने का प्रस्ताव राष्ट्रसंघ से किया.

1999 बिहार के मुजफ्फर सीतामढ़ी सड़क पर जनार गांव के निकट एक बस उलट जाने से 25 फीट गहरे खड्डे में गिरी जिससे 50 तीर्थयात्रियों की मृत्यु.

2005 राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दिग्गज नेता एच.वी. शेषाद्री का निधन.

## गणित पहेली - 5222

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 29 | | 45 | | 9 | | 12 | = | 53 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 59 | | 20 | | 6 | | 20 | = | 25 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 2 | | 20 | | 20 | | 25 | = | 45 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 50 | | 2 | | 2 | | 25 | = | 25 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 40 | | 10 | | 33 | | 32 | = | 48 / 31 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

### संकेत

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (x) व (÷) के निशान लगाने हैं जिनका उत्तर (=) पूर्णतः मेल खाता हो.

**गणित पहेली - 5221**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 95 | + | 50 | - | 75 | - | 20 | = | 50 |
| - | ■ | - | ■ | - | ■ | + | ■ | + |
| 38 | - | 24 | + | 71 | - | 12 | = | 73 |
| + | ■ | - | ■ | + | ■ | - | ■ | - |
| 1 | x | 15 | + | 62 | - | 5 | = | 72 |
| - | ■ | + | ■ | ÷ | ■ | - | ■ | - |
| 15 | x | 2 | ÷ | 6 | x | 7 | = | 35 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 43 | - | 13 | - | 11 | + | 20 | = | 16 / 39 |

## शब्दजाल- 6909

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कृ | श | मु | श | सी | क | हो | ना | प्या | र | हैं |
| ष | क्रि | ल | ना | तु | म | जा | नो | ना | ह | म |
| य | के | या | हे | नि | ल | ना | न | व | टि | रू |
| इं | ट | दें | न | शा | वा | क्ष्य | क | ले | ज | क |
| प | दा | ह | मी | ने | तो | हो | थ | गो | भी | त |
| को | स | क | प | श | स | ए | व | खु | वॉ | व |
| द | ई | न | न | जी | न | ह | शी | गो | ली | द |
| क | र | मि | प | क्श | प | क | र | चो | आ | ख |
| र | व | त | ल | रा | भी | त | श्मी | अ | शा | अ |
| क | र | ल | प | ग | ज | ता | रे | र | ह | द |
| क | ह | रि | म | श | या | चि | मु | की | फि | जा |

**शब्दजाल में ऋतिक रोशन की 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. शब्द ऊपर से नीचे, दाएं से बाएं एंव तिरछे हो सकते हैं**

कृष, कोई मिल गया, कभी खुशी कभी गम, फिजा, कहोना प्यार है, मीशन कश्मीर, यादें, ना तुम जानो ना हम, लक्ष्य, आशा.

**शब्दजाल - 6908 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | दि | ल | का | रि | श्ता | ज | ब | न | र | ट |
| दा | रा | यू | न | दी | वा | ग्री | द | इ | ह | ड |
| वा | व | ना | पू | वा | जी | थ | न | ग | क | र |
| दा | ची | न | ते | ना | ज | आँ | म | पा | त | ना |
| म | त | ई | ड | प | व | खें | न | ग | र्क | ज |
| र | ए | म | सु | न | दि | पू | न | डॉ | र | रू |
| ती | ज | क | मे | ता | क | ल | श | न | ज | री |
| क | ल | ग | अ | सं | भ | व | है | ली | न | है |
| ब्रे | बो | र्न | य | ज | चि | क | री | तु | प | ला |
| ऐ | ला | न | न | ज | न | त्र | व | जी | म्हा | त |
| बे | बी | लो | नि | या | ल | बी | र | रा | त | रा |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore



मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से बुधवार को नेमरा, रामगढ़ स्थित पैतृक आवास में मंत्री इरफान अंसारी, मंत्री दीपिका पाण्डेय, मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, झारखंड प्रदेश प्रभारी के. राजू, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, विधायक प्रदीप यादव व विधायक ममता देवी ने मुलाकात कर स्मृति-शेष पूर्व मुख्यमंत्री व राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिजनों को इस विकट दुःख को सहन करने की शक्ति और धैर्य की कामना की।

# अमेरिका के नए टैरिफ पर झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स चिंतित

# व्यापारिक गतिविधि प्रभावित होने की आशंका

**रांची:** अमेरिका से भारत के बिगड़ रहे व्यापारिक संबंधों का झारखंड में भी असर पड़ने की संभावना है. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के द्वारा भारतीय सामानों पर अप्रत्याशित रूप से टैरिफ लगाने की घोषणा से, देश के कई प्रमुख उद्योग जैसे कपड़ा, रत्न, आभूषण, फार्मा और सिरेमिक, ऑटो मोटर पार्ट्स, जेम्स ज्वेलरी आदि सीधे प्रभावित होने वाले हैं.

**केंद्र और राज्य सरकार को पत्र लिखेगा चेंबर ऑफ कॉमर्स:** इधर, झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स ने अमेरिका के बदले रुख की वजह से, भारत के साथ साथ झारखंड में भी इसका असर पड़ने की आशंका जताई है. झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स, जल्द ही इस संबंध में भारत सरकार और राज्य सरकार को पत्र लिखने जा रहा है. झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स के महासचिव आदित्य मलहोत्रा ने अमेरिका के रुख पर चिंता जताते हुए कहा है कि नया टैरिफ लगाए जाने से झारखंड के व्यापार पर असर आएगा.




**झारखंड से 16,644 करोड़ का हर साल होता है निर्यात**

**झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स ने अमेरिका के द्वारा लगाए गए नए टैरिफ पर नाराजगी जताते हुए कहा है कि इससे झारखंड की व्यापारिक गतिविधि भी प्रभावित होने की संभावना है. चेंबर के महासचिव आदित्य मल्होत्रा ने आगे बताया कि झारखंड से ऑटो मोटर पार्ट्स, इलेक्ट्रिकल एनर्जी, पाकुड़ का स्टोन, हैंडलूम और आयरन शीट्स एंड क्वाइल जैसे उत्पाद दुनिया के विभिन्न देशों तक जाता है.**

**दिनोंदिन बढ़ रहा झारखंड से निर्यात:** उन्होंने कहा कि यहां के निर्यातक के लिए यह मौका होगा कि वह अमेरिका के बजाय दुनिया के दूसरे देशों की तरफ रुख करें. उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया का बाजार हमारे लिए खुला हुआ है और अगर एक रास्ता कहीं बंद होता है तो निश्चित रूप से दूसरा कोई रास्ता खुलता है. उन्होंने कहा कि निर्यात में झारखंड, देश में 21वें पायदान पर था लेकिन वर्तमान में 17वें स्थान पर आ चुका है. दिनों दिन झारखंड से निर्यात बढ़ता जा रहा है. देश के निर्यात में झारखंड की भागीदारी हालांकि कम है और वह 0.43% है.

**झारखंड के खनिज एवं वन संपदा में निर्यात की असीम संभावनाएं:** चेंबर के महासचिव आदित्य मलहोत्रा ने कहा कि झारखंड से सालाना 16644 करोड़ का एक्सपोर्ट पूरे विश्व में होता है. वहीं गुजरात से 10 लाख करोड़ का निर्यात होता है. उन्होंने कहा कि झारखंड की खनिज और वन संपदा में निर्यात के बहुत ही असीम संभावनाएं हैं.

झारखंड की एक्सपोर्ट पॉलिसी अच्छी है, जिस वजह से निर्यातकों को इसका लाभ मिलता है. झारखंड से सटा हुआ बंदरगाह हल्दिया, काकीनाडा और पारादीप है. इसमें समानों को यहां तक लाने में झारखंड सरकार सब्सिडी देती है: आदित्य मलहोत्रा, महासचिव, झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स

# रांची की लाखों महिलाओं के खातों में पहुंची मंईयां सम्मान योजना की राशि




**रांची:** झारखंड में रांची की माताओं और बहनों के लिए खुशखबरी है। राज्य सरकार की ओर से संचालित "मंईयां सम्मान योजना" के तहत जुलाई महीने की 2500 की सम्मान राशि सीधे उनके बैंक खातों में भेज दी गई है। जिला प्रशासन की ओर से बुधवार को इसकी जानकारी दी गयी। जिन महिलाओं का नाम पहले से सूची में है। लेकिन बैंक खाते से आधार लिंक नहीं है, उन्हें तुरंत आधार सीडिंग करानी होगी, वरना आगे पैसा नहीं मिलेगा। वहीं, जिनका भौतिक सत्यापन बाकी है, उनका काम भी तेजी से चल रहा है। जैसे ही सत्यापन पूरा होगा, बाकी योग्य महिलाओं को भी पैसा भेज दिया जाएगा। अगर आपका सत्यापन लंबित है, तो आप अपनी आंगनबाड़ी दीदी से मिलकर फॉर्म भर सकती हैं।

# संक्षिप्त खबरें

## शिबू सोरेन को सैकड़ों की संख्या में "कुड़मालि भाखी चारि आखड़ा" के सदस्यों ने श्रद्धांजलि अर्पित की




**रामगढ़:** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से बुधवार को नेमरा, रामगढ़ स्थित पैतृक गांव में "कुड़मालि भाखी चारि आखड़ा" के सदस्यों ने मुलाकात कर उनके प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की। इस दौरान उन्होंने स्मृति शेष- दिशोम गुरु शिबू सोरेन को स्मरण करते हुए एक प्रार्थना सभा का आयोजन किया। जिसमें "गुरूजी" को श्रद्धा व्यक्त करते हुए भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर संगठन के वरिष्ठ सदस्यों ने गुरूजी के जीवन, विचारों और समाज के प्रति उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि गुरूजी ने सदैव शिक्षा, सेवा और एकता का संदेश दिया। उनका मार्गदर्शन और प्रेरणा हमेशा समाज को दिशा देता रहेगा। सभा में उपस्थित लोगों ने गुरूजी की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर "कुड़मालि भाखी चारि आखड़ा" के संरक्षक दीपक पुनरियार, जिला संरक्षक सदस्यगण में अनंत कँड़हरआर, सुभाष पुनरियार, गोविंद पुनरियार, सुखदेव जालबनवार, अशोक हिन्दयार, चंद्र मोहन सखवार, सुभाष हिन्दयार के अलावे सैकड़ों की संख्या में संगठन के पदाधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।

## जमशेदपुर के बिष्टुपुर सत्यनारायण मारवाड़ी मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा का प्रथम दिन



**जमशेदपुर:** बुधवार से बिष्टुपुर सत्यनारायण मारवाड़ी मंदिर में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ सुबह कलश स्थापना एवं शोभा यात्रा के साथ किया गया। विधि विधान से पूजन अर्चना कर कलश शोभा यात्रा कथा स्थल सत्यनारायण मारवाड़ी मंदिर से निकली, जो बिष्टुपुर मेन रोड स्थित राम मंदिर में पूजा अर्चना कर वापस कथा स्थल मंदिर परिसर पर पहुँची। भागवत की पूजा अर्चना और पूजन के बाद कलश की स्थापना की गई। शाम में भागवत कथा का आयोजन किया गया। राया, मथुरा से आये कथा वाचक हिमांशु राघा चरणं उपासक ने भागवत महात्म एवं मंगलाचरण से कथावाचन प्रारंभ किया। उन्होंने व्यासपीठ पर आसीन होकर कथा का व्याख्यान करते हुए कहा कि प्रत्येक मनुष्य को पुण्य प्राप्त करने के लिए भागवत कथा सुननी चाहिए। भागवत एक कथा नहीं, बल्कि यह जीवन जीने की कला सीखने का उचित माध्यम है। इस मौके पर प्रमुख रूप से मंदिर कमिटी के सचिव सुरेश कुमार अगीवाल, संत कुमार आगीवाल, विजय कुमार आगीवाल, अशोक नरेड़ी, हरि शंकर सोंथालिया, बाबूलाल सोंथालिया, बजरंग लाल सोंथालिया, मुरारी लाल सोंथालिया, बनवारी लाल सोंथालिया, सत्यनारायण नरेड़ी, विवनाथ नरेड़ी समेत काफी संख्या में भक्तगण शामिल थे।

## उपायुक्त व वरीय पुलिस अधीक्षक ने स्वतंत्रता दिवस परेड के अंतिम पूर्वाभ्यास का किया निरीक्षण




**जमशेदपुर:** स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर गोपाल मैदान, बिष्टुपुर में अंतिम परेड पूर्वाभ्यास का निरीक्षण उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडेय द्वारा किया गया। पूर्वाभ्यास के दौरान ध्वजारोहण कार्यक्रम के उपरांत परेड में शामिल टुकड़ियों और अन्य तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई । मौके पर रूरल एसपी ऋषभ गर्ग, उप विकास आयुक्त नागेन्द्र पासवान, अपर उपायुक्त भगीरथ प्रसाद सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे । अंतिम परेड पूर्वाभ्यास में जैप -6, जिला पुलिस बल (महिला/ पुरूष), होमगार्ड, एनसीसी (ब्वॉयज एवं गर्ल्स), स्काउट एवं गाइड्स (ब्वॉयज एवं गर्ल्स). होमगार्ड तथा सेंट मैरी स्कूल बैंड की टुकड़ियों ने भाग लिया। उपायुक्त ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस देशभक्ति, एकता और बलिदान की भावना का प्रतीक है और इसे जिले में पूरे सम्मान एवं गरिमा के साथ मनाना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने मुख्य समारोह के सफल आयोजन के लिए सभी तैयारियां पूर्णतः सुनिश्चित करने के निर्देश पदाधिकारियों को दिए । उन्होने कहा कि कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, मंच संचालन और तकनीकी व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि मुख्य दिवस पर सभी गतिविधियां समय पर और व्यवस्थित रूप से संपन्न हों।

## पद्मश्री जमुना टुडू को मिला राष्ट्रपति का न्योता



**जमशेदपुर:** झारखंड की बेटी जमुना टुडू, जिन्हें प्यार से 'लेडी टार्जन' कहा जाता है. एक बार फिर सुर्खियों में हैं. पहले उन्हें पद्मश्री सम्मान से नवाजा गया और अब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति भवन में विशेष डिनर के लिए आमंत्रित किया है. उनकी यह उपलब्धि न केवल झारखंड के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का विषय है. जमुना टुडू ने जंगलों को बचाने और पर्यावरण संरक्षण के लिए जो काम किया है, उसकी वजह से आज पूरी दुनिया उनकी तारीफ करती है.

## नवल टाटा हॉकी अकादमी ने जिला स्तरीय जवाहरलाल नेहरू हॉकी टूर्नामेंट 2025–2026 का किया आयोजन



**जमशेदपुर:** नवल टाटा हॉकी अकादमी (एनटीएचए) ने झारखंड शिक्षा विभाग के सहयोग से जिला स्तरीय जवाहरलाल नेहरू हॉकी टूर्नामेंट 2025–2026 का आयोजन किया। इस रोमांचक आयोजन में पूर्वी सिंहभूम जिले के विभिन्न स्कूलों से आए प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। टूर्नामेंट में कई स्कूलों से उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली, जहां प्रत्येक टीम ने खेल के प्रति अपने कौशल और जुनून का शानदार प्रदर्शन किया। एनटीएचए ने विश्वस्तरीय बुनियादी सुविधाएं और तकनीकी विशेषज्ञता प्रदान कर पूर्ण सहयोग दिया, जिससे मैचों का सुचारू संचालन सुनिश्चित हो सका। अकादमी के वरिष्ठ खिलाड़ियों ने तकनीकी अंपायर की भूमिका निभाई और अपने अनुभव से खेल में निष्पक्षता व उच्च मानकों को बनाए रखने में योगदान दिया। टूर्नामेंट में कुल 4 टीमों ने हिस्सा लिया। पुरुष वर्ग में डीसीएम सोय बीपीएम प्लस 2 हाई स्कूल, बर्मामाइंस ने विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमाया, जबकि आदिवासी प्लस 2 हाई स्कूल, सीतारामडेरा उपविजेता रहा। महिला वर्ग में वीएन प्लस 2 हाई स्कूल, हल्दीपोखर ने विजेता ट्रॉफी जीती और डीसीएम सोय बीपीएम प्लस 2 हाई स्कूल, बर्मामाइंस ने उपविजेता स्थान हासिल किया। कार्यक्रम के दौरान एनटीएचए के परियोजना निदेशक गुरमीत सिंह राव ने कहा, "हमारा उद्देश्य इस टूर्नामेंट के आने वाले संस्करणों में अधिक से अधिक स्कूलों को शामिल करना है, ताकि पूर्वी सिंहभूम में जमीनी स्तर पर हॉकी को और व्यापक भागीदारी मिल सके। युवा खिलाड़ियों को तैयार करना और उनकी प्रतिभा को निखारना खेल के उज्ज्वल भविष्य के लिए अनिवार्य है। ऐसे आयोजन न केवल छिपी हुई प्रतिभाओं को सामने लाते हैं, बल्कि उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाने की राह भी तैयार करते हैं।"यह पहल एनटीएचए की झारखंड में हॉकी पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है, साथ ही यह सुनिश्चित करती है कि युवा खिलाड़ी सही अवसर और अनुभव प्राप्त कर सकें और अपने कौशल को निखार सकें।

## कोडरमा में तिरंगा यात्रा: सांसद अन्नपूर्णा देवी हुईं शामिल




**रांची/कोडरमा:** हर घर तिरंगा अभियान के तहत बुधवार को तिलैया (कोडरमा) में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें कोडरमा लोकसभा की सांसद अन्नपूर्णा देवी ने भाग लिया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री व कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर प्रारंभ हुआ यह जन-आंदोलन आज पूरे देश को एकता के सूत्र में पिरोते हुए राष्ट्रभक्ति और गर्व की भावना को नई ऊँचाइयों पर पहुँचा रहा है। उन्होंने इसे भारत की अखंडता और सांस्कृतिक गौरव का जीवंत प्रतीक बताया।

## बैंकर्स समिति बैठक: झारखंड में ऋण-जमा अनुपात में हुई वृद्धि

# वित्त मंत्री ने कहा- यह सकारात्मक संकेत है

**रांची:** राज्य के बैंकों में ऋण-जमा अनुपात में वृद्धि हुई है. इस साल जून 2025 यानी चालू वित्तीय वर्ष के पहले तिमाही में यह आंकड़ा 51.32% तक पहुंच गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 3.54% की वृद्धि को दर्शाता है. यह वृद्धि राज्य की आर्थिक प्रगति का सकारात्मक संकेत देता है. इस वृद्धि को राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सराहना की है.

प्रोजेक्ट भवन में मंगलवार यानी 12 अगस्त को आयोजित राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की 92वीं बैठक में यह बातें सामने आई. इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने राज्य में आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में बैंकों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की.



**बैंक फ्लैगशिप योजनाओं पर दें विशेष ध्यान: वित्त मंत्री**

**राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने बैंकों से कहा कि वे केंद्र एवं राज्य सरकार की प्रमुख फ्लैगशिप योजनाओं के अंतर्गत वित्त पोषण पर विशेष ध्यान दें, ताकि समाज के कमजोर और वंचित वर्गों तक ऋण और वित्तीय सेवाओं की पहुंच बढ़ सके.**

उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य का ऋण–जमा अनुपात वर्ष-दर-वर्ष बेहतर हो रहा है, जो सुखद संकेत है. उन्होंने वर्ष 2024-25 की वार्षिक ऋण योजना के अंतर्गत मिली उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि वर्ष 2025-26 में भी इसी गति और उत्साह के साथ लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित की जानी चाहिए.

उन्होंने गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना में सुधार कर इसे अधिक प्रभावी बनाने का निर्देश दिया और कहा कि इस प्रक्रिया में जहां भी सरकार की मदद की आवश्यकता हो, उसे उपलब्ध कराया जाएगा. बैठक में CSR यानी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व फंड के उपयोग पर भी चर्चा हुई. वित्त मंत्री ने कहा कि यह फंड केवल केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित क्षेत्रों— महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, ग्रामीण विकास, जल संग्रहण, आपदा राहत, पुनर्वास तथा कला-संरक्षण में ही खर्च होना चाहिए. उन्होंने स्पष्ट किया कि झारखंड के कई बैंकों द्वारा CSR फंड का उपयोग संबंधित क्षेत्रों से हटकर किया गया है, जो कि उचित नहीं है. बैठक में कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, बैंक ऑफ इंडिया के कार्यपालक निदेशक सह एसएलबीसी झारखंड के अध्यक्ष पी. आर. राजगोपाल, विशेष सचिव वित्त विभाग संदीप सिंह सहित राज्य के सभी 24 जिलों के अग्रणी बैंकों के जिला प्रबंधक उपस्थित थे.

# एच एम प्ले स्कूल में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित




**रांची:** राजधानी रांची के एच एम प्ले स्कूल, द्वारिकापुरी, चुटिया में जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया , जिसमें प्री नर्सरी से वर्ग तीन तक के छात्र बहुत ही उत्साह के साथ राधा कृष्ण के परिधान पहन कर विद्यालय आये और पूरे विद्यालय परिसर को पीताम्बर वस्त्र से रंग दिए।

सर्वप्रथम विद्यालय के प्राचार्य अरविंद कुमार द्वारा कृष्ण भगवान के जीवन से सम्बंधित बालपन के जीवनकाल को विस्तार से बतलाए, सांस्कृतिक कार्यक्रम में राधा तेरी चुनरी बोल पर वर्ग प्रेप की आध्या रानी और राधा रानी बोल पर प्रेप की ही अंकिता कुमारी एकल नृत्य किये जबकि वर्ग प्रथम द्वितीय और तृतीय के लड़के लड़कियों द्वारा वो कृष्ण है और राधा कैसे न जले बोल पर सामूहिक नृत्य किये।

फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में वर्ग प्री नर्सरी से कृष्ण के रूप में हर्ष, प्रथम, पार्थ द्वितीय और अर्णव तृतीय जबकि राधा के रूप में प्रथम मैत्री, द्वितीय श्रेया और तृतीय वनशिखा रही, वर्ग नर्सरी में कृशांक, द्वितीय देवांश कुमार, तृतीय प्रिंस राज जबकि राधा के रूप में आशी कुमारी प्रथम शानवी द्वितीय और वैष्णवी तृतीय रही। प्रेप वर्ग में शिवांश प्रथम, अर्पित द्वितीय और अनिरुद्ध तृतीय रहे जबकि राधा के रूप में आध्या रानी प्रथम, अनिका द्वितीय और आश्रिता तृतीय रही।

वर्ग प्रथम में नितिन कुमार और तन्वी कुमारी, वर्ग द्वितीय के अक्षत् कुमार प्रथम, आदित्य कुमार द्वितीय और निशांत कुमार तृतीय , रहे जबकि राधा के रूप में प्रेमा कुमारी प्रथम और नेहा कुमारी द्वितीय रही। वर्ग तृतीय हर्ष कुमार, श्रीधि कुमारी और अरव कुमार को सामुहिक रूप से चुना गया। अंतिम में सभी बच्चे दही हांडी मिल कर फोड़े, जिसमें टॉफ़ी आदि सभी बांट कर खाये।

कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका सुप्रभा टोप्पो ने किया, जया मिश्रा द्वारा कहानी सुनाया गया, पूरे कार्यक्रम की व्यवस्था मनीषा टोप्पो ने की, ज्योति कुमारी, शालू प्रिया, काजल चौरसिया , शिल्पी कुमारी , नीलिमा समद, एमलेन कंडुलना के सहयोग से कार्यक्रम सफल हुआ। अंतिम में विद्यालय द्वारा सभी बच्चों को शिक्षण सामग्री दिया गया। विजयी छात्रों को विशेष कार्यक्रम कर मेडल, मोमेंटो और सर्टिफिकेट दे कर सम्मानित किया जायेगा।

## मुठभेड़: पुलिस ने एक नक्सली को मार गिराया, एसएलआर राइफल बरामद



**पश्चिमी सिंहभूम:** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) जिले के गोइलकेरा थाना क्षेत्र के सौता में इस समय पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ चल रही है। सूत्रों के अनुसार, पुलिस ने एक नक्सली को मार गिराया है। एक एसएलआर राइफल भी बरामद की है। इस संबंध में आईजी (अभियान) डॉ. माइकल राज ने बताया कि चाईबासा के गोइलकेरा में मुठभेड़ चल रही है। इसमें नक्सली हताहत भी हुए हैं। सर्च अभियान अभी जारी है। बताया गया है कि जिले के नक्सल प्रभावित इलाकों में लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। आज सुबह जंगल से घिरे पहाड़ी इलाके सौता के पास पुलिस को देखकर नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। सीआरपीएफ और झारखंड पुलिस के जवानों ने फायर झोंक दिए। अब तक एक नक्सली के मारे जाने की खबर है। पुलिस ने उसका शव बरामद कर लिया है।

# सीआईआई के झारखंड मैन्युफैक्चरिंग कॉन्क्लेव में औद्योगिक रोडमैप पर चर्चा

**संवाददाता रांची:** सीआईआई, झारखंड ने सीआईआई झारखंड मैन्युफैक्चरिंग कॉन्क्लेव के छठे संस्करण का आयोजन किया। इस आयोजन को विषय भविष्य के लिए तैयार विनिर्माण: टिकाऊ, स्मार्ट और समावेशी औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण" था। सम्मेलन में उद्योग जगत के प्रतिष्ठित लोगों ने बताया कि उद्योग 4.0 कैसे प्रतिस्पर्धी और लचीली आपूर्ति श्रृंखलाओं को संचालित करता है, कैसे टिकाऊ विनिर्माण लाभप्रदता और पर्यावरणीय संरक्षण को बढ़ावा देता है और कैसे भविष्य के विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र के लिए एक समावेशी, भविष्य के लिए तैयार कार्यबल तैयार किया जा सकता है।




सीआईआई झारखंड राज्य परिषद के उपाध्यक्ष और वैदेही मोटर्स के निदेशक दिलू बिपिन पारिख ने भारत के विनिर्माण भविष्य में झारखंड की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए सत्र का उद्घाटन किया। उन्होंने 'मेड इन झारखंड' को नवाचार और उत्कृष्टता का वैश्विक प्रतीक बनाने का आह्वान किया। सीआईआई झारखंड मैन्युफैक्चरिंग पैनल के संयोजक और टाटा कमिंस प्राइवेट लिमिटेड के प्लांट मैनेजर एवं निदेशक अजितेश मोंगा ने स्थिरता, उद्योग 4.0 प्रौद्योगिकियों और समावेशन द्वारा संचालित झारखंड के विनिर्माण परिवर्तन पर प्रकाश डाला। उन्होंने लोगों से "मेड इन झारखंड" को नवाचार, गुणवत्ता और ज़िम्मेदारी का वैश्विक प्रतीक बनाने और भारत के विनिर्माण भविष्य का नेतृत्व करने के अवसर का लाभ उठाने का आग्रह किया।सीआईआई झारखंड राज्य परिषद के अध्यक्ष और जमशेदपुर सीवी वर्क्स, टाटा मोटर्स लिमिटेड के प्लांट ऑपरेशंस के प्रमुख सुनील तिवारी ने झारखंड की मजबूत विनिर्माण स्थिति पर प्रकाश डाला। सीआईआई झारखंड राज्य परिषद के पूर्व अध्यक्ष और एमडेट जमशेदपुर प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक, रणजोत सिंह ने कहा कि विनिर्माण एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है, जो पारंपरिक मानकों से हटकर एक नए फॉर्मूले की ओर बढ़ रहा है। इनमें स्मार्ट, टिकाऊ एवं समावेशी के मिश्रण से भविष्य के लिए तैयार विनिर्माण होगा। कर्नल रोहित गुप्ता, कमांडेंट और प्रबंध निदेशक, 507 आर्मी बेस वर्कशॉप, भारतीय सेना ने तकनीकी प्रगति को बढ़ावा देने और राष्ट्रीय सुरक्षा क्षमता को बढ़ाने के लिए उद्योग रक्षा साझेदारी को मज़बूत करने के महत्वपूर्ण महत्व पर ज़ोर दिया। सीआईआई झारखंड मैन्युफैक्चरिंग पैनल के सह-संयोजक और टाटा हिताची कंस्ट्रक्शन मशीनरी कंपनी लिमिटेड, खड़गपुर के प्लांट हेड शशांक शेखर ने छठे सीआईआई झारखंड मैन्युफैक्चरिंग कॉन्क्लेव के उद्घाटन सत्र के दौरान टिकाऊ, स्मार्ट और समावेशी विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया। झारखंड के विनिर्माण परिदृश्य को मजबूत करने के लिए उद्योग, रक्षा और एमएसएमई के बीच सहयोग को महत्वपूर्ण बताते हुए उन्होंने नवाचार, प्रौद्योगिकी अपनाने और कार्यबल समावेशिता को बढ़ावा देने के लिए सामूहिक कार्रवाई का आह्वान किया।

सत्र में सीआईआई जमशेदपुर जोनल काउंसिल के अध्यक्ष और जेसीएपीसीपीएल के प्रबंध निदेशक अभिजीत नानोती, सीआईआई झारखंड एमएसएमई पैनल के संयोजक और टाटा मोटर्स लिमिटेड के आपूर्ति श्रृंखला प्रमुख राजीव बंसल, आरएसबी ट्रांसमिशन (आई) लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक - संचालन शंकर नारायणन समेत अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे।

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक किशोर कुमार पाण्डेय द्वारा डी. बी. कॉर्प लिमिटेड, प्लॉट नं. 535 एवं 1272, लालगुटुआ, रांची से मुद्रित एवं फर्स्ट फ्लोर, 105, नायल कॉम्प्लेक्स, कांटाटोली, रांची-834001 (झारखण्ड) से प्रकाशित, आर.एन.आई. नं. JHAHIN/50549 फोन नं. 8084372014, Email : koylanchalsamvad@gmai.com & koylanchal.hindi@gmail.com*समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट तहत जिम्मेदार।